डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
10.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
हमें काम के साथ-साथ हमेशा कुछ समय का विराम लेना चाहिए, ताकि खुद के बारे में भी कुछ सोच सकें।

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-322 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## पलामू: टीवीएस शोरुम में लगी आग, करोड़ो की संपत्ति जल कर राख

# मालकिन शारदा देवी की दम घुटने से मौत, शहर में सन्नाटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा दो नंबर टाउन स्थित शारदा टीवीएस शोरूम में गुरुवार की देर रात शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। इस अगलगी की घटना में बाइक शोरूम के मालिक सतीस साहु की मां शारदा देवी उम्र 73 वर्ष की दम घुटने से मौत हो गई। वहीं शो रूम में रखी सैकड़ो बाइक जल कर राख हो गई। दमकल की गाड़ियां और पुलिस के घंटों मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। फायर बिग्रेड कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे। अंत में आग पर काबू पाने के लिए लातेहार से फायर ब्रिगेड वाहन को मंगवाया गया। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। गुरुवार मध्य रात्रि में आग लगने की घटना से इलाके में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। शोरूम के ऊपर शोरूम का मालिक सतीश कुमार साहू का आवासीय परिसर है। बीती रात 12 बजे के बाद शार्ट सर्किट से शोरूम के पिछले हिस्से में आग लग गयी। जिस हिस्से में शुरूआत में आग लगी थी, वहां गैरेज और स्टोर रूम था। धीरे -धीरे आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। इस आगजनी की घटना में दर्जनों बाइक जल गये । जबकि शोरूम के ऊपरी हिस्से में मौजूद घर में मालिक और उनके परिजन फंस गये। टीओपी 2 के प्रभारी रूद्रनानंद सरस के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने परिजनों को कड़ी मशक्कत के बाद वहां से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान शोरूम के मालिक सतीश कुमार साहू की मां शारदा देवी घर के अंदर फंस गई। कड़ी मेहनत के बाद जवानों ने उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं अगलगी की घटना में घायल मच्छिंद्र प्रसाद उम्र 72 वर्ष को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शोरूम में आग लगने की जानकारी सबसे पहले शारदा देवी को हुई थी। शारदा देवी ने पूरे परिवार को जगाया और आग के बारे में सूचना दी। परिजनों ने शुरूआत में खुद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया और मामले की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टीओपी 2 के प्रभारी रूद्रानंद सरस और शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर निगम की गाड़ी से परिजनों को किसी तरह बाहर निकाला। आगजनी की घटना में शोरूम मालिक की माता की मौत होने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।




### आग बुझाने में पुलिस के जवानों ने दिखाई तत्परता

टीवीएस शोरूम में आग लगने के बाद आग कि लपेटे इतनी तेज थी कि किसी भी व्यक्ति को शोरूम के अंदर घुसने की हिम्मत नहीं हो रही थी। इसके बाद हिम्मत दिखाते हुए शहर थाना के एएसआई अजीत कुमार सिंह और टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान रोहित कुमार और अनिल पासवान ने शोरूम के अंदर घुस कर घर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। और सभी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान शारदा टीवीएस शोरूम की मालकिन शारदा देवी उम्र 73 वर्ष की मौत हो गई। वही घायल 72 वर्षीय मछेन्द्र प्रसाद को बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### टीपीसी के चार सक्रिय उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद



**हजारीबाग।** हजारीबाग में नक्सलियों के खिलाफ जिला बल और सीआरपीएफ जवानों द्वारा चलाये जा रहे साझा अभियान में बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित टीपीसी संगठन के एरिया कमांडर दिनेश जी उर्फ रवि के दस्ते के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। चार गिरफ्तार उग्रवादियों ने 27 जुलाई को पुलिस के ऊपर हुई फाइरिंग की घटना तथा बड़कागांव के तलवार में बालूघाट में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित टीपीसी संगठन के एरिया कमांडर दिनेश जी उर्फ रवि के दस्ता के कुछ सदस्य केरेडारी थानान्तर्गत ग्राम बुंडू में छिपे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए सफलता मिली है। गिरफ्तार उग्रवादियों में संजय करमारली, प्रभात कुमार राम, पंकज करमाली, सुरज कुमार तुरी शामिल है।

### झारखंड के कई हिस्सों में 11 और 12 सितम्बर को होगी भारी बारिश

**रांची।** झारखंड में 11 सितम्बर से एक बार फिर से भारी बारिश हो सकती है, ऐसा बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव क्षेत्र के कारण हो सकती है। इसकी जानकारी रांची मौसम विभाग केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा है कि एक जून से शुरू होनेवाले पूरे मॉनसून मौसम के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर बननेवाला यह छठा ऐसा दबाव का क्षेत्र होगा। प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का एक क्षेत्र बना है। अगले 48 घंटों के दौरान इसके और अधिक प्रबल होने का अनुमान है। अभिषेक आनंद ने बताया है कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में 11 और 12 सितम्बर को हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्वी, उत्तरी और मध्य झारखंड में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। इसका बड़ा असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में होगा।

### चर्चित अंकिता हत्याकांड, पुलिस ने 112 पेज का चार्जशीट कोर्ट में किया जमा

**दुमका।** अंकिता हत्याकांड मामले मे पुलिस ने 112 पेज का चार्जशीट दुमका न्यायलय को सौंप दी है। इस बात की पुष्टि दुमका के एसपी अंबर लकड़ा ने किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपने अनुसंधान में आरोपी को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त सबूत जुटा लिया है। आरोपी शाहरुख और कांड के मास्टरमाइंड नईम अंसारी उर्फ छोटू के खिलाफ सबूत मिले हैं, जो सजा दिलाने के लिए काफी है। पुलिस ने यह भी बताया कि इस केस मे दो आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनके खिलाफ सभी टेक्निकल, ह्यूमन, कैमिकल सबूत के साथ कागजी सबूत मिले हैं जिसे न्यायालय को सौप कर त्वरित न्याय की गुहार लगायी गयी है। गौरतलब है दुमका में बीते 23 अगस्त की अहले सुबह शाहरुख अंसारी नामक एक सिरफिरे आशिक ने घर में सोयी हुई अंकिता पर पेट्रोल डाल कर जला दिया था। जिंदगी और मौत के बीच झूलती अंकिता को आनन-फानन मे फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन चिकित्सकों ने अंकिता की गंभीर अवस्था को देख उसी शाम को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया था। इसके बाद दर्द से तड़पती अंकिता ने 28 अगस्त को दम तोड़ दिया था।

## चुनाव आयोग के मंतव्य को राजभवन जल्द सार्वजनिक करे : जेएमएम

### राजभवन से स्थिति स्पष्ट होने पर लोकतांत्रिक तरीके से निपट लेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) केंद्रीय समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मंतव्य पर राजभवन से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग का जो भी मंतव्य है, अच्छा-बुरा, सादा-काला, उसे सार्वजनिक करें। राजभवन से स्थिति स्पष्ट होने पर पार्टी सभी परिस्थितियों से लोकतांत्रिक तरीके से निपट लेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जिस तरह से परिस्थिति के अनुरूप चलती है, उसी तरह से धारणा के अनुरुप भी चलती है।

जेएमएम केंद्रीय समिति के सदस्य ने कहा कि राज्यपाल रमेश बैस गुरुवार को छह दिन के लंबे दिल्ली प्रवास से लौटे हैं, पार्टी उनका स्वागत करती है। साथ ही यह जानकारी मिली है कि राज्यपाल ने अपने स्वास्थ्य का चेकअप भी कराया है। वह स्वस्थ रहें, इसकी भी कामना है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड का स्वास्थ्य भी लोकतांत्रिक तरीके से सुधरे, इसका भी प्रयास होना चाहिए। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में चुनाव आयोग की सिफारिश को लेकर एक सितम्बर को यूपीए नेताओं के शिष्टमंडल ने राजभवन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### धनबाद एनकाउंटर केस की होगी सीआईडी जांच

**रांची।** धनबाद के मुथूट फिनकार्प गोल्ड लोन कंपनी में लूटकांड के लिए आये अपराधियों के साथ पुलिसिया मुठभेड़ की जांच सीआईडी करेगी। राज्य पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ में एक अपराधी की मौत पुलिस की गोली से हुई है, ऐसे में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशानुसार केस को सीआईडी टेकओवर करेगी। वर्तमान में इस मामले में धनबाद की बैंक मोड़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

**क्या है मामला :** छह सितम्बर को पांच अपराधी मुथूट फाइनेंस में लूट के लिए आये थे। अपराधियों के फाइनेंस कंपनी में होने की जानकारी मिली तो बैंकमोड़ थानेदार पीके सिंह दो पुलिसकर्मियों के साथ पैदल ही भागे-भागे मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम से सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने की मुलाकात

- जेटेट के समतुल्य मान्यता देने का आग्रह
- जैप के सफल अभ्यर्थियों ने द्वितीय मेधा सूची प्रकाशित करने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में अखिल झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आगामी शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करने से पहले जेटेट (झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा) का आयोजन अथवा सीटेट (केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा) को जेटेट के समतुल्य मान्यता देने का अनुरोध किया है। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। आप सभी की आकांक्षाओं और उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए नियम संगत प्रक्रियाओं के तहत आपकी मांगों और समस्याओं पर राज्य सरकार विचार करेगी। मौके पर झारखंड सशस्त्र पुलिस के सफल अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मुख्यमंत्री से झारखंड सशस्त्र पुलिस विज्ञापन संख्या 02/2011 (सामान्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## लक्ष्मीकांत वाजपेयी बने झारखंड भाजपा प्रभारी

### आशा लकड़ा को पश्चिम बंगाल का सह प्रभारी बनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यसभाा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड भाजपा का प्रभारी बनाया गया है, वह सांसद दिलीप सैकिया की जगह लेंगे। वहीं, रांची की मेयर व भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा को संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। अमित मालवीय के साथ आशा लकड़ा को पश्चिम बंगाल का सह प्रभारी बनाया गया है। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर कई राज्यों के प्रभारी व सह प्रभारी की घोषणा पार्टी महासचिव अरूण सिंह ने की। साल 2020 में दिलीप सैकिया को झारखंड भाजपा का प्रभारी बनाया गया था। उससे पहले यहां ओम माथुर प्रभारी हुआ करते थे। वर्तमान सांगठनिक फेरबदल में ओम माथुर को छतीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है।

**कौन हैं लक्ष्मीकांत वाजपेयी :** लक्ष्मीकांत वाजपेयी वर्तमान में यूपी से राज्यसभा सांसद हैं। साल 2012 में वह यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने साल 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी में 80 में 71 लोकसभा सीटें जीती थीं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मोदी आज करेंगे 'केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन' का उद्घाटन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 सितम्बर को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दो दिवसीय केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन अहमदाबाद में साइंस सिटी में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस मौके पर श्री मोदी एक सभा को भी संबोधित करेंगे। यह अपनी तरह का पहला सम्मेलन है और इसका उद्देश्य राज्य सरकारों के साथ सहयोग और समन्वय के साथ देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) के एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। बयान में कहा गया है कि देश में नवाचार और उद्यमिता को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों के अनुरूप यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें एसटीआई विजन 2047, राज्यों में एसटीआई के लिए भविष्य के विकास के रास्ते और विजन, स्वास्थ्य-सभी के लिए डिजिटल स्वास्थ्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मानव विकास सूचकांक में भारत 132वें स्थान पर लुढ़का

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 के मानव विकास सूचकांक में भारत 191 देशों में 132वें पायदान पर खिसक गया है। वर्ष 2020 के मानव विकास सूचकांक में भारत 189 देशों में 131वें स्थान पर था। रिपोर्ट में कहा गया है, वैश्विक रुझानों की तरह, भारत के मामले में भी 2019 में एचडीआई 0.645 था जो 2021 में 0.633 तक आ गया, इसके लिये जीवन प्रत्याशा में गिरावट (69.7 से घटकर 67.2 वर्ष होने को) जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। भारत में स्कूली शिक्षा का अपेक्षित वर्ष 11.9 वर्ष और स्कूली शिक्षा का औसत वर्ष 6.7 साल है। किसी राष्ट्र के स्वास्थ्य, शिक्षा और औसत आय को मापने के पैमाने की दृष्टि से मानव विकास में लगातार दो साल- 2020 और 2021 में गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि इससे पहले पांच साल काफी विकास हुआ था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर गिरावट दर्शाता है कि 32 वर्षों में पहली बार दुनियाभर में मानव विकास ठहर सा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मानव विकास सूचकांक की हालिया गिरावट में एक बड़ा कारण जीवन प्रत्याशा में वैश्विक गिरावट का है, जो 2019 के 72.8 साल से घटकर 2021 में 71.4 साल हो गयी है। यूएनडीपी के प्रशासक अचिम स्टेनर ने कहा, अनिश्चितता से भरी इस दुनिया में, हमें आम चुनौतियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को पेड प्रमोशन पर देना होगा डिस्क्लेमर, नहीं तो 50 लाख जुर्माना

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों का विभाग सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सोशल मीडिया को प्रभावित करनेवालों के लिए क्या करें और क्या न करें के बारे में नये दिशा-निर्देश लानेवाला है। नये दिशा-निर्देश उद्योग को विनियमित करेंगे और ब्रांडों के साथ अपने वित्तीय संबंधों का खुलासा नहीं करने पर संबंधित चैनल्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स पर 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगायेंगे। नये दिशा-निर्देश अगले दो सप्ताह में लागू होने की संभावना है। कंटेंट निर्माता और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को सोशल मीडिया पर उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांडों द्वारा भुगतान किया जाता है। प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के अनुसार सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स को किसी ब्रांड के साथ अपने जुड़ाव की घोषणा करनी होगी, यदि वे किसी उत्पाद का समर्थन करने के लिए उनसे पैसे लेते हैं। लाइव मिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार ये उद्योग का मूल्य 900 करोड़ रुपये के लगभग है और इसके 2025 तक दो हजार करोड़ रुपये को पार करने की संभावना है। मई में भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के साथ उपभोक्ता मामलों के विभाग ने ई-कॉमर्स संस्थाओं सहित हितधारकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की थी, ताकि उनके प्लेटफॉर्मों पर फेक रिव्यू की मात्रा पर चर्चा की जा सके। ऐसा पहली बार नहीं है कि संदिग्ध मार्केटिंग रणनीति पर लगाम लगाने के लिए इस तरह का प्रयास किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# नीतीश, हेमंत, अखिलेश समेत अन्य नेताओं के साथ मिलकर लोस चुनाव लड़ेंगी ममता

**- कृष्णमोहन सिंह**

**नयी दिल्ली।** महाबली होने का हुंकार भर रही केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी और प्रताड़ना का औजार

- प. बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश की 176 सीटों पर होगा इसका असर
- इनमें से 111 सीटों पर जीती है भाजपा, यदि विपक्ष एकजुट हो गया तो सीटें हो सकती हैं कम



बन गयी ईडी, आयकर, सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों से त्रस्त विपक्षी दलों ने लगभग सवा साल बाद होनेवाले लोकसभा चुनाव की बिसात बिछानी शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तीन दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान तमाम विपक्षी नेताओं से मुलाकात सुर्खियों में रहा। अब बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन और अन्य नेताओं के साथ मिलकर 2024 का चुनाव लड़ेंगी। उनका कहना है कि बंगाल से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू होगा। ममता ने कहा कि हम एकजुट होंगे। नीतीश, अखिलेश, हेमंत, हम सब हैं, राजनीति एक जंग का मैदान है। हमने 34 साल तक लड़ाई लड़ी है। ममता ने कहा कि जो लोग 275-300 सीटों पर गर्व कर रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि राजीव गांधी के पास 400 सीट थी, वह भी संभाल कर नहीं रख पाये। ऐसे में ये जो 300 की बात कर रहे हैं, उन्हें इन्हीं राज्यों में 100 सीटों का झटका लग जायेगा। विपक्षी दलों की एकता की चर्चा से अब यह लगने लगा है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार राज्यों की कुल 96 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ेगा। झारखंड में 14, पश्चिम बंगाल में 42 और बिहार में 40 लोकसभा सीट हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इन तीन राज्यों- बिहार, झारखंड व पश्चिम बंगाल में 47 सीटें जीती थीं। यदि झारखंड की 14, पश्चिम बंगाल की 42, बिहार की 40 लोकसभा सीट में उत्तर प्रदेश की 80 लोस सीट भी जोड़ लें, तो ये हो जाती हैं 176 लोकसभा सीट। एकजुट विपक्ष के लड़ने से इसका असर उत्तराखंड, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, दो बच्चियां गंभीर

**मनिका।** लातेहार जिला के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत डिग्री महाविद्यालय के समीप दिन शुक्रवार की संध्या में राष्ट्रीय मार्ग 39 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना थाना प्रभारी मनिका शुभम कुमार को दिया। वहीं सूचना मिलते ही मनिका पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची। घायल दोनों किशोरियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायल किशोरियों की प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने दोनों ही घायल किशोरियों की स्थिति काफी गंभीर बताई है। मृतक युवक की पहचान परशु सिंह उम्र लगभग 20 वर्ष घर जोगनाटांड़ (लातेहार), एवं घायल किशोरियों की पहचान रजनी कुमारी उम्र लगभग 16 साल पिता रामजी भुइंया व सरिता कुमारी उम्र लगभग 17 वर्ष दोनों का घर पल्हेया (मनिका) बताई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक और दोनों लड़कियां जेएच 19 सी 0486 नंबर की बाइक से लातेहार की ओर से मनिका आ रहे थे। इसी क्रम में डिग्री महाविद्यालय के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया और भागने में कामयाब रहा। जिसकी वजह से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दोनों किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गयी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### बेबसी व लाचारी से दर-दर भटक रही वृद्ध महिला

**विश्रामपुर।** किसी ने सच कहा है। जब वक्त की मार पड़ती है, तो चारों तरफ से कलंक अपजस भय भूख पीछा नहीं छोड़ती। ऐसा ही एक वाकया विश्रामपुर प्रखंड के मशहूर शहर रेहला थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। जहां एक अनजान वृद्ध महिला रोटी के लिए परेशान नजर आ रही है। घर नहीं होने के कारण महिला फुटपाथ के दुकानों व चौराहे पर सो कर रात गुजारती है। महिला कौन है, कहां से आई है। यह पूछने पर कुछ बता नही पा रही है। पिछले एक सप्ताह से रेहला के केसरी इलेक्ट्रॉनिक्स के आस पास सो कर रात गुजार रही हैं। जिसकी सूद लेने वाला कोई भी नही दिख रहा, न प्रशासन और ना ही समाजसेवियों की सरकार। वैसे सभी राजनीतिक पार्टी जरुरतमंद के लिए रहनुमा बताते जुमलेबाजी करते नहीं थकती। लेकिन एक सच यह भी है कि जो इनकी हकीहत से रूबरू कराती है। आखिर यह समाज भष्ट्राचार की आगोश में क्यों समाते जा रही हैं। आखिर कहां होगा इस बेबस और लाचार महिला का बसेरा कौन संभालेगा इन्हे। अनाथालय भी शायद इस इलाके में दूर-दूर तक किसी को पता नहीं। बहरहाल प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला एक सप्ताह से रेहला थाना से स्टेशन के बीच ही अपना बसेरा बना रखी है। अब ऐसे में मानवता को ठेंगा दिखाते हुए यह वाक्य में देखना दिल चस्प होगा की आखिर इस महिला की उम्मीद की किरण कौन बनेगा।

### सेवानिवृत्त उप डाकपाल का निधन ,शोक सभा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के जपला मुख्य डाकघर से सेवानिवृत्त उप डाकपाल केदार साह 65 वर्ष के असामयिक निधन पर जपला मुख्य डाकघर में कार्यरत कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि देते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वे काफी कर्मठ व मिलनसार व्यक्ति थे,जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। उनके निधन से डाक कर्मियों व अभिकर्ता काफी मर्माहत है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में डाक निरीक्षक सुमन्त कुमार समानता, अरविन्द कुमार ओझा,विनोद चौधरी, संतोष ठाकुर, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, कैलाश मेहता, मुकेश मिश्रा, शशि कुमार, यशवंत सिंह, सुधीर ठाकुर, भगवान राम आदि का नाम शामिल है।

### भाकपा माले के जिला सचिव ने समाधि स्थल की कराई साफ-सफाई

**सतबरवा।** पलामू जिला सम्मेलन को लेकर भाकपा माले पलामू जिला सचिव सह सतबरवा प्रखंड प्रभारी कमेश सिंह चेरों ने शुक्रवार को नीलाम्बर पीताम्बर समाधि स्थल एवं शहीद स्थल की साफ-सफाई करते हुए कहा कि इंकलाबी नौजवान सभा का राष्ट्रीय सम्मेलन 10 से 11 सितंबर 2022 को मेदिनीनगर पलामू में होना है। जिसके मुख्य अतिथि भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य के साथ इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार विधान सभा सदस्य कामरेड मनोज मंजिल, अजीत कुशवाहा, अमरजीत कुशवाहा, झारखंड विधानसभा सदस्य कामरेड विनोद कुमार सिंह एवं कई दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। इस सम्मेलन का शुभारंभ शहीद नीलाम्बर – पीताम्बर के समाधि स्थल एवं शहादत स्थल पर नमन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया जायेगा । उन्होंने कहा कि यह धरती वीरों की धरती है। जहां 1857 ई0 के संघर्ष में नीलाम्बर – पीताम्बर को फांसी हुआ था । आज तक उनके नाम पर दो गज जमीन नहीं है। जिन्होंने देश के लिए कुबार्नी देकर देश को आजाद कराया । हम उन वीर शहीदों के लिए 2 गज जमीन की बात को राष्ट्रीय स्तर पर उठायेंगे। मौके पर जिला कमेटी सदस्य नर्वदेश्वर सिंह साथ कई लोग मौजूद थे।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विश्वासिया गांव निवासी नरेश यादव 62 वर्ष ने गुरुवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों की घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह में हुई। परिजनों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त गांव में पहुंचकर स्थिति से अवगत होने के बाद परिजनों व ग्रामीणों के बयान पर यूडी केस दर्ज करते हुए शव का बिना पोस्टमार्टम कराते ही शव उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि घर में किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था। गुरुवार की रात में वह अच्छे से खाना खाने के बाद बाहर की बैठका वाली अपने कमरे में सोने चले गये। शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे तक जब वह नहीं उठे,तो उनके कमरे का दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज लगाई, उसके बाद भी कोई जवाब नहीं दिया। तत्पश्चात कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा को तोड़ा गया, तो वह फंदे में लटके हुए थे। उधर हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि बुजुर्ग ग्रामीण की मौत फांसी लगाकर खुदकुशी करने की बात सामने आई है।

# एनएच 98 फोरलेन निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनएच 98 फोरलेन निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के विपरीत अनियमितता पूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को तेंदुआ कला गांव के समीप चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य को दिखाते हुए कहा कि प्राक्कलन के अनुसार 3 फीट मिट्टी काटकर उसमें लैब टेस्टेड मिट्टी मोरम भरते हुए रॉलिंग कर जेएसबी भरना है। परंतु संवेदक द्वारा बगैर मिट्टी काटे हुए स्टोन डस्ट भरकर मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है। जो प्राक्कलन के विपरीत तथा निम्न गुणवत्ता पूर्ण है। श्री रंजन ने बताया कि सिलदाग मोड़ से हरिहरगंज बिहार बॉर्डर तक एनएच 98 फोरलेन निर्माण कार्य का नई दिल्ली के शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कंपनी द्वारा सड़क की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ की जा रही है। वही राज्य सरकार के निर्देश के बावजूद निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। जबकि सरकार का यह निर्देश है कि किसी भी कंपनी में 70% मजदूर स्थानीय होंगे। समाजसेवी ने सड़क निर्माण के गुणवत्ता तथा स्थानीय मजदूरों को कार्य दिलाने की मांग उपायुक्त पलामू तथा एनएचएआई के अधिकारियों से की है। साथ में निर्माण कार्य में सुधार तथा स्थानीय मजदूरों को कार्य नहीं दिये जाने पर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस मौके पर मनोज कुमार, दिनेश स्वर्णकार, विजय प्रजापति, अजीत कुमार, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, संतोष मेहता, सुनील कुमार, अरुण चंद्रा, गोपाल प्रसाद के अलावे कई लोग मौजूद थें।

## भारतीय संस्कृति को जिंदा रखने में कुम्हार समाज का अहम योगदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर मिट्टी के कारीगर कहे जाने वाले कुम्हार (प्रजापति)समाज अपने व्यस्ततम व्यवसाय में पूरे शिदत के साथ लगे हुए है। दुर्गा पूजा आने को है, जिसके मद्दे नजर अभी से इसकी सुगबुगाहट, विश्रामपुर बाजार सहित अन्य छोटे, मोटे कस्बों में देखने को मिल रही है। कुम्हार समाज अपने पौराणिक कार्यों में आज भी पूरी तरह दक्ष माने जाते है। मामूली मिट्टी को भिन्न-भिन्न मुद्राओं में ढ़ालना इनके परंपरागत गुणों में शामिल है। जिसे पहली बार देख कोई भी आश्चर्य चकित हो जायेगा। इन कुशल कारीगरों के द्वारा न्याब तरीके से मामूली मिट्टी के लोंदे को कलश, मूर्ति, घड़ा, बर्तन, हाथी, घोड़ा सहित कई अन्य सुंदर व आकर्षक रूपो को बनाकर बाजार में उतारा जाता है। जो की वाकई में काबीले तारीफ है। हालाकि प्रजापति समाज के लोगों की माने तो इन्हें इनकी मेहनत के हिसाब से उतने पैसे नही मिल पाते है। जितना की इनके इस कामों में इनकी मेहनत शामिल होती है। बहरहाल कुम्हारों की मनोदशा को आज मौजूदा सरकार व समाज को भी समझने की आवश्यकता है। ताकि इनकी हुनर व मेहनत का सही मूल्यांकन हो सके। जिससे ये मेहनत कस लोग अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सुदृढ़ जीवन यापन कर सके।

## जलसहियाओ ने मानदेय भुगतान को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के जल सहिया कर्मियों ने पलामू उपायुक्त के द्वारा नियुक्त किये गये मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पूर्वतमान मुख्यमंत्री जिन्होने हम सभी जल सहियाओं का मानदेय हटा कर प्रोत्साहन राशि में बदलाव कर दिया है। साथ ही हमलोगों के 38 माह कीा मानदेय राशि बकाया है जिसका भुगतान अविलंब की जाये।

**जल सहियाओ की पाँच सूत्री मांग निम्न है :** उनकी मांगों में 38 माह से बकाया मानदेय का एक मुस्त भुगतान अविलंब किया जाये। विभागीय मंत्रिक निर्णय को बदलकर जो विभागीय मंत्री के द्वारा मनमाने ढंग से पूर्व मंत्री परिषद से लिया गया है। उसे हटाने का आदेश अविलंब वापस लिया जाये । वर्तमान सरकार द्वारा किये गये वादे के मुताबिक महंगाई के अनुरूप न्यून्तम मानदेय तय किया जाये। जल सहिया का एसबीएमपी जी का बकाया प्रोत्साहन राशि भुगतान की जाए तथा वर्ष में 2 बार पोशाक की आपूर्ति की जाये। पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यो में जलसहिया की सहभागिता सुनिश्चित किया जाये। जेजेएम के कार्यो का समापन भी डब्लू एससी से कराया जाये। मौके पर जल सहिया जिला अध्यक्ष पिंकी विश्वकर्मा, मंत्री सह सचिव प्रीति गुप्ता, कोषाध्यक्ष सरिता देवी ने संयुक्त रुप से शामिल थीं।

## शिक्षित समाज का निर्माण करते हैं शिक्षक: यूएन

**हरिहरगंज।** शहर के सतगावां स्थित ब्लूमिंग बर्ड ग्लोबल स्कूल का मेदिनीनगर के एलिट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह परामर्शदात्री समिति के संयोजक यूएन कपूर ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक सिर्फ जीविकोपार्जन के लिए कार्य नहीं करते हैं, बल्कि वे एक सुंदर व शिक्षित समाज का निर्माण करते हैं। इससे पहले विद्यालय के सेक्रेटरी रमेश ठाकुर, चेयरमैन अरुणजय ठाकुर, प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद ने विद्यालय परिवार की ओर से बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। मौके पर निदेशक सत्येंद्र ठाकुर, शिक्षक मून सिंह, अरुण कुमार, मिथिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष कंचन साव, सुधा, सलमा, संध्या, सुमन, रेखा, सोनाला, स्नेहा कुमारी, फुल, चंचल सहित कई विद्यालय कर्मी मौजूद थे।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोउल्लास के साथ मना अनंत चतुर्दशी का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अनंत चतुर्दशी का त्योहार शुक्रवार को हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। भाद्र शुक्ल चतुर्दशी को भगवान अंनत विष्णु भगवान का पूजन किया गया। पर्व को लेकर उत्सव का माहौल बना रहा। शहर के पुरानी ठाकुरबाड़ी, महावीर जी मंदिर के अलावा कई ग्रामीण क्षेत्रों व घरों में श्रद्धालु भक्त पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। पूजा को लेकर मंदिरों में सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं की भीड़ रहा। गोपाल पाठक ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप में पूजा की जाती है। अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान अनंत स्वरूप के लिए व्रत रखा जाता है। इस दिन को शुभ माना जाता है,जहां पुरुष दाहिने हाथ में अनंत सूत्र धारण करते है। वहीं महिलाएं बाएं हाथ में अनंत सूत्र धारण करती है। मान्यता है कि अनंत सूत्र बांधने से सभी दुख, दरिद्रता के साथ सभी परेशानियां भी खत्म हो जाती है।

# जन वितरण प्रणाली दुकानदार के मनमानी रवैये से लाभुक परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत मोहम्मदगंज पंचायत के किसुनडीह टोला में जन विकास स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली के मनमानी रवैया से लाभुक परेशान है। दुकान के बोर्ड पर सप्ताह के सोमवार को छोड़ सुबह 8 से शाम 5 बजे तक दुकान खोलने का समय अंकित है। जबकि दुकान कब खुलेगा और कब बंद होगा यह निश्चित नही है। जिस कारण लाभुक दुकान पर आकर दुकान को बंद पाकर लौट जा रहे है और परेशानी झेल रहे है। संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकान में अधिकतर लाभुक मोहम्मदगंज पंचायत के किशुनडीह, राजनडीह, पदारथडीह, झरिवा, नदीपर, गोलपत्थर के है। एक लाभुक ने बताया की उन्हें राशन लेने के लिए पॉश मशीन में पंचिंग बायोमैट्रिक के लिए गोराडीह जाना पड़ता है, फिर राशन लेने के लिए किशुनडीह टोला आना पड़ता है। और दुकान बंद पाकर घर लौटना पड़ता है। मालूम हो की उक्त जन वितरण प्रणाली का दुकान प्रखंड के गोराडीह पंचायत के स्वय सहायता समूह द्वारा संचालित है। जिसमे समूह के सभी सदस्य गोराडीह पंचायत के है। शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे काफी संख्या में लाभुक उक्त जन वितरण प्रणाली के दुकान पर राशन लेने के लिए जमा थे। जबकि दुकान में ताला जड़ा था। लाभुकों द्वारा इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को भी दी गई। सूचना पाकर उपमुखिया रविरंजन सिंह, वार्ड सदस्य नंदकिशोर मेहता उक्त स्थल पर पहुंचे तो बंद पाया। मौके पर समूह के सदस्य तेतरी देवी सहित दो अन्य महिला सदस्यो ने बताई की समूह के अध्यक्ष बेबी देवी सचिव और कोषाध्यक्ष के द्वारा समूह से संचालित कार्यों की जानकारी उनलोगों को नही दी जाती हैं,और उनलोगों की मिली भगत से मनमानी रवैया अपनाया जाता है। समूह के सदस्य में आपसी मतभेद भी लाभुकों की परेशानी का कारण बनता दिख रहा है। उपमुखिया रविरंजन सिंह और वार्ड सदस्य नंदकिशोर मेहता ने कहा कि गोराडीह पंचायत का स्वयं सहायता समूह मोहम्मदगंज पंचायत में संचालित है । जिस कारण लाभुक परेशान है। गोराडीह पंचायत का स्वयं सहायता समूह मोहम्मदगंज पंचायत में कैसे संचालित है यह जांच का विषय है। इन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मांग की है कि अन्य जन वितरण प्रणाली के दुकानो से जोड़कर लाभुकों के परेशानी का समाधान की जाये।

## बीडीओ ने दिया निर्देश सभी कार्य समय पर करें पूर्ण अन्यथा होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के सभागार में पंचायत के सभी मुखिया के साथ कार्य योजना निर्देश को लेकर बीडीओ मनोज तिवारी ने बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया की प्रखंड में जितने भी आगनबाड़ी केंद्र संचालित है उनको पुनः दुरुस्त किया जाये। वैसे जो भी आगंनबाड़ी जिसका नया भवन नहीं बनाया गया हैं। उनके लिए चिन्हित कर जमीन उपलब्ध करायें, वैसी जमीन जो गैर मजरूआ है। उसको चिन्हित कर आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने का प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में बीडीओ मनोज तिवारी ने सभी पंचायत सेवक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास सही समय पर पूर्ण करें। बैठक में लोईंगा पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार ने बताया कि आवास का बड़े पैमाने में फर्जी किया जा रहा है। आवास का फर्स्ट किस्त लाभुक के खाते में आता है और दूसरा किस्त किसी और के खाते में चला जाता है । इस जांच को लेकर आवास कोऑर्डिनेटर को सौंपा गया । फिर भी पाटन प्रखंड में बहुत से प्रधानमंत्री आवास अधूरे पाये गए हैं । जिनको सही समय पर करने का बीडीओ ने दिया निर्देश । सुखाड़ को लेकर जल संचयन के लिए हर पंचायत में तलाब का निर्माण करें । पुराने तालाब को मरम्मत करने को लेकर एक ग्राम सभा पारित करें तथा जितने भी पंचायत है। हर एक पंचायत में खेलकूद के लिए एक ग्राउंड की आवश्यकता है । उसके लिए एक प्रस्ताव तैयार कर ग्राउंड बनवाएं । अभी तक पाटन में कुल 12 000 आवास के मास्टर रोल अभी तक नहीं निकला है । उसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने रोजगार सेवक को निर्देश दिया कि आवास निर्माण कार्य पूरा करें । आवास को लेकर पंचायत सेवक और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के बीच समन्वय बनाकर रखें। बैठक में जितने भी मुखिया उपस्थित थे सभी ने शिकायत किया कि स्वयंसेवक द्वारा प्रधानमंत्री आवास में धांधली की जाती है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/12/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 20.09.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 21.09.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 21.09.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vehicle Shed, Paver Block and APP Work at Civil S.D.O Office Daltonganj, Palamu. | 1670200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of New Bathroom in Civil Court Building Daltonganj, Palamu. | 1884100.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of Panchkaram Training Cum Service Center Daltonganj, Palamu. | 4948257.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |

*Note :- Detail Terms and Condition of Tender may be seen at* www.jharkhand.gov.in& *office notice board.*

**Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.**

PR 277412 (Building) 22-23 (D)

**झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा
email : principalitilohardaga@gmail.com**

**नामांकन सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक –5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2022–1047, दिनांक 29.08.2022 एवं निदेशालय पत्रांक 835, दिनांक 12.07.2022 के अनुपालन वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2022-23-24 में लोहरदगा जिले में अवस्थित सभी **सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों** यथा **कुजरा/कुडू/महिला/कैरो (LWE), लोहरदगा** में नामांकन हेतु विभागीय पोर्टल ITI Webportal के द्वारा दिनांक 13.09.2022 को 2nd Online Counseling के समाप्ति के उपरान्त बचे रिक्त सीटों पर निम्नांकित व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक पुरूष/महिला उम्मीदवारों से अनुसूची– 'क' के अनुरूप हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथोंहाथ** निम्न शर्तों के अनुरूप आमंत्रित किया जाता है।

**नोट– महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा में केवल महिला उम्मीदवारों का ही नामांकन लिया जाएगा।**

1. **शैक्षणिक योग्यता** – (क) वेल्डर व्यवसाय एवं सेविंग टेक्नोलॉजी के लिए 8वीं परीक्षा का अंक पत्र तथा सभी व्यवसायों के लिए प्रवेशिका (माध्यमिक/10 वाँ)/समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण । नामांकन प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर नामांकन समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीटों के आलोक में ओपेन बोर्ड प्रणाली द्वारा मैट्रिक के प्राप्तांक/मेरिट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जयेगा।
2. **आयु अहर्ता** :–
(क)– 01 जुलाई 2022 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। व्यवसाय– मैकेनिक मोटर व्हीकल के लिए न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना आवश्यक है।
(ख)– सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष। आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि ही बैध होगी।
3. **शारीरिक योग्यता** :–
प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवारों को लिखित आश्वासन देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासन का पालन करेंगे। प्रशिक्षण समाप्त होने के पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नहीं करेंगे।
4. प्रवेश करने के समय प्रशिक्षणार्थियों को 500/- (पाँच सौ) रूपये मात्र कौशन मनी (अवधान राशि) के रूप में जमा करना होगा। अगर छात्रों द्वारा संस्थान का कोई सामान खो जाने या सामान को जानबुझ कर तोड़ दिये जाने पर उसकी कीमत कौशन मनी से काट ली जायेगी तथा अन्य उचित कार्रवाई की जायेगी। उत्तीर्ण करने के बाद छात्र एक वर्ष के अन्दर कौशन मनी वापस नहीं लेते हैं तो इसे जब्त कर लिया जायेगा और सरकारी खजाना में जमा कर दिया जायेगा। सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शुल्क Gen/BC-I/BC-II 40/- एवं SC/ST के लिए 20/– रूपये प्रतिमाह लिया जायेगा।
5. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/पिछडे वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग से नियमानुसार छात्रवृति मिल सकती है।**
6. आरक्षण अहर्ता :–
(क) आरक्षण का प्रावधान कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक– 14/जा0नी0–03 –13/2015/का0–1754, दिनांक 25.02.19 के अनुसार रहेगा।
(ख) मेरिट से चुने गये आरक्षित वर्ग के उम्मीवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध समायोजित नहीं किया जायेगा बल्कि खुली गुणा–गुण कोटि के 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध माना जायेगा।
(ग) प्रत्येक व्यवसाय में एक–एक सीट क्रमशः दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित है।

**जिला – लोहरदगा**

| Sl | Name of the Trade | NCVT / SCVT | Duration |
|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रीशियन | NCVT | 2 Years |
| 2 | फिटर | NCVT | 2 Years |
| 3 | टर्नर | NCVT | 2 Years |
| 4 | मैशिनिष्ट | NCVT | 2 Years |
| 5 | मैकेनिक मोटर व्हीकल | NCVT | 2 Years |
| 6 | इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | NCVT | 2 Years |
| 7 | मैकेनिक डीजल | NCVT | 1 Year |
| 8 | वेल्डर | NCVT | 1 Year |
| 9 | प्लम्बर | NCVT | 1 Year |
| 10 | स्वींग टेक्नोलॉजी | NCVT | 1 Year |

7. **आवासीय अहर्ता** :– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा/कुडू/महिला/कैरो (LWE) लोहरदगा में वे ही उम्मीदवार नामांकन ले सकते हैं जो झारखण्ड राज्य के निवासी हैं या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं। झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक संख्या–14/स्थानीय नीति –14–03/2016 का0 4650, दिनांक 02 जून 2016 (संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.2016) में स्थानीय निवासी को परिभाषित किया गया है। उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. **जाति आधारित अहर्ता** :– नामांकन में झारखण्ड सरकार द्वारा लागू अद्यतन आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा। आरक्षित सीटों पर दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) [Sub-Division Officer (Civil)] या उपायुक्त (Deputy Commissioner) द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत आय एवं सम्पति प्रमाण–पत्र **(EWS कोटि के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ लेने हेतु)**।
10. **अनुलग्नक** :– (क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिषद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति ।
11. **आवेदन प्रपत्र संबंधित संस्थानों के लिए निम्नलिखित पतें पर भेजें–**
12. **क) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा (लोहरदगा) के लिए– प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा (लोहरदगा), पोस्ट– कुजरा, जिला– लोहरदगा (झारखण्ड), पिन नं0– 835302**
**ख) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुडू (लोहरदगा) के लिए – प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुडू (लोहरदगा), पोस्ट– कुडू, जिला– लोहरदगा (झारखण्ड), पिन नं0– 835213**
**ग) महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा के लिए– प्राचार्य, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा, महावीर चौक, अपर बाजार, पोस्ट+जिला– लोहरदगा (झारखण्ड), पिन नं0– 835302**
13. **आवेदन प्रपत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा (लोहरदगा)/ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुडू (लोहरदगा)/ महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा से प्राप्त किया** जा सकता है या **www.lohardaga.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।
14. **आवेदकों की मेरिट लिस्ट, साक्षात्कार की तिथि व स्थल की सूचना दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाईल नम्बर पर सूचना दी जायेगी।**
15. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय–** 18.09.2022 संध्या **5:00** बजे तक मान्य होंगा। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।

**संपर्कः–** निम्न नम्बरों पर 9430734432/9973827531/7903603014/9835918319 सीधे बात कर या व्हाट्सएप कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कुजरा, लोहरदगा

PR 277364 Lohardaga(22-23).D

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना

## स्वरोजगार करना और हुआ आसान

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना CMEGP



**₹50 हजार से अधिक ऋण लेने के लिए निम्न में से कोई एक गारंटर से बनेगा काम**

- वर्तमान अथवा पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधि
- सरकारी कार्यरत अथवा रिटायर्ड कर्मी
- अर्द्ध सरकारी कार्यरत अथवा रिटायर्ड कर्मी
- निजी संस्थान में कार्यरत अथवा रिटायर्ड कर्मी
- आयकरदाता



**₹25 लाख** तक मिलेगा ऋण

**40%** ऋण अनुदान (सब्सिडी) या **अधिकतम ₹5 लाख**

**18 से 50 वर्ष** की आयु सीमा तक ऋण

**₹50 हजार** तक ऋण के लिए किसी गारंटर की जरुरत नहीं

### महत्वपूर्ण बातें

- वाहन तथा प्लांट एवं मशीन से सम्बंधित ऋण में किसी गारंटर की जरुरत नहीं। दृष्टिबंधक (Hypothecation) होगा मान्य
- ऋण राशि के बराबर चल/अचल संपत्ति भी गारंटी के रूप में मान्य होगी
- EMI की गणना अनुदान की राशि घटाकर की जाएगी। अगर ऋण ₹5 लाख है और अनुदान ₹2 लाख (40%)। तो शेष राशि ₹3 लाख पर ही EMI और ब्याज लगेगा
- कुल ऋण से अनुदान घटा कर शेष राशि पर लगेगा सिर्फ 6% वार्षिक ब्याज

### कहां करें आवेदन

- जिला कल्याण पदाधिकारी
- झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (शाखा कार्यालय)
- झारखण्ड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम (शाखा कार्यालय)
- झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम
- झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम (शाखा कार्यालय)

PR No. 277441 (IPRD) 2022-23 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### विहंगम ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्गः उपेन्द्र नाथ



केतार। शुक्रवार को विहंगम योग प्रणेता सदगुरु सदाफल देव महाराज की 135 वी जयंती ताली गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी।इस अवसर ताली गांव के प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अन्न मंत्री उपेन्द्र नाथ मिश्रा ने सदगुरु के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद अतिथियों और भक्तों ने फुल माला अर्पित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सदगुरु देव की महान व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अन्न मंत्री उपेन्द्र नाथ मिश्रा ने कहा की विहंगम योग ईश्वर प्राप्ति का एक मात्र मार्ग है। आवागमन से छुटने एवं जीवन कल्याण के लिए सदगुरु की शरण गति ही एकमात्र उपाय है। कहा की सदगुरु की असीम कृपा से ही दुर्लभ विहंगम योग ज्ञान मिलता है।कार्यक्रम का संचालन केतार प्रखंड प्रभारी नारेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।इस अवसर पर पलामू जिला प्रचारक डॉ रामरेश यादव,विजय मिश्र, गढ़वा जिला संयोजक जवाहर दुबे, प्रेमचंद गुप्ता, मनोरंजन प्रसाद,नारेन्द्र विश्वकर्मा, शांती देवी,संगीता देवी, बैकुंठ साह,विजय साह, दयानंद विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### महुलिया गांव में पंखे में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के शंकर टोला में शुक्रवार को एक युवक ने पंखे के खूंटी में सारी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक संजय मेहता का पुत्र मृत्युंजय राज 20 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृत्युंजय राज अपने मां एवं वाहन के साथ गांव में रहता था। पिता रांची में रहकर काम करता है। शुक्रवार उसकी मां आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षिका है। वह पढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र चली गई थी। इसके बाद उसकी बहन भी काम करने के लिए खेत में चली गई थी। घर में अकेला पाकर मृत्युंजय ने घर के पंखा के खूंटी में साड़ी बांध कर फांसी लगा लिया घटना के कुछ देर बाद जब उसकी दादी को नजर पड़ी तो उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। स्टेलार गांव के लोगों ने वहां पहुंचकर उसे फांसी से नीचे उतारा परिजन ने बताया कि किस बात को लेकर मिथुन जय फांसी लगाया है। इसकी जानकारी घर में किसी को नहीं है ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक मां-बाप का एक ही पुत्र था। वह पढ़ाई छोड़ कर घर पर खेती बाड़ी का काम करता था। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### 85 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सक ने किया एएनसी जांच

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 85 गर्भवती महिलाओं का महिला चिकित्सिका प्रियंका कुमारी के द्वारा एएनसी की जांच किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का हेमोग्लोबिन,ब्लड शुगर,एचआईवी,ब्लड ग्रुप आदि की जांचोपरांत आईरन की दवा दी गई। इन गर्भवती महिलाओं को उनके घर से अस्पताल तक सुरक्षित सहिया की देखरेख में लाया गया था,जबकि अस्पताल में सभी को दोपहर में पौष्टिक नास्ता का पॉकेट का भी दिया गया। मौके पर बीटीटी धर्मजीत राम,एलटी सोनी कुमारी,एएनएम अंजु कुमारी,सहिया कुसुम देवी,फुलपति देवी,किरण देवी,रीता देवी,सरिता देवी,सुनीता देवी,उषा देवी,राधिका देवी आदि उपस्थित थे।

### कीटनाशक दवा खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया के पुनर्वास टोला निवासी विजय बियार की पत्नी प्रेमलता देवी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीरावस्था में परिजनों ने इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ,जहां पर तैनात महिला चिकित्सिका प्रियंका कुमारी की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। महिला के पति ने बताया कि सुबह में घरेलू विवाद को लेकर पत्नी के साथ मामुली कहासुनी हुई थी,इसके बाद हम काम करने चले गये। इसी बीच मेरी पत्नी थाना में आकर मेरी शिकायत की। जिसपर थाना से मुझे फोन गया और थासने बुलाया गया,जहां पर दोनों को समझा बुझाकर घर जाने को कहा गया। हमदोनों थाना से पैदल घर जाने लगे इसी बीच साड़ी के खूंट में छिपाकर रखी कीटनाशक को शौच करने के बहाने बगल में नदी में जाकर कीटनाशक कहा गई। उहोने बताया कि इससे तीन बच्चे हैं।

### विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने से संबंधित बैठक आज

**मंझिआंव/गढ़वा।** मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार प्रसंगाधिन के आलोक में व जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश के आलोक में सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत एक से बारह तक के सभी छात्रों का अभियान चलाकर जाती प्रमाण पत्र निर्गत करने का आदेश प्राप्त है। उक्त बिषय के आलोक में 10 सितम्बर 2022 पूर्वाहन 11;00 बजे दिन शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। जिसमें सभी राजस्व उपनिरीक्षक मंझिआंव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकार मंझिआंव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग मंझिआंव, सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक सभी कोटि के विद्यालय,सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक मंझिआंव ससमय बैठक में आना सुनिश्चित करेंगे।

### आभा आईडी कार्ड बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**मंझिआंव/गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय में आभा आईडी कार्ड बनाने हेतु कल दिनांक 10 सितंबर 2022 समय अपराहन 3:00 बजे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें गढ़वा उपायुक्त महोदय द्वारा सभी पदाधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकों को स्वास्थ्य से संबंधित आभा आईडी कार्ड निर्गत कराना निर्देश प्राप्त है। प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी कर्मी को आभा आईडी कार्ड बनाने हेतु प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है उक्त प्रशिक्षण शिविर में सभी कर्मी ससमय उपस्थित होने का सुनिश्चित करेंगे।

## रमना के प्रवासी मजदूरों की मौत का नहीं थम रहा सिलसिला

# मजदूरों का पलायन रोकने में नाकाम है प्रशासन

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के कर्णपुरा गांव निवासी मुरारी राम के 50 वर्षीय पुत्र श्यामसुंदर राम की मौत बुधवार को महाराष्ट्र के मुंबई में हो गई। वह दो माह पूर्व ही मजदूरी का काम करने गया था। जहां काम करने के क्रम में उसकी मौत हो गई। कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शव को घर लाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में मातम छाया है। ज्ञात हो कि रमना प्रखंड में दो महीने के भीतर पांच मजदूरों की मौत हुई है।



### मजदूरों का पलायन रोकने में नाकाम है प्रशासन

प्रखंड में प्रशासन के द्वारा कोई भी कारगर प्रयास नहीं किया जाता हैं जिससे मजदूर पलायन के लिए विवश है। यहां रोजगार नहीं मिलने के कारण हजारों मजदूर दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, चेन्नई, पुणे सहित देश के अन्य बड़े शहरों में मजदूरी का कार्य करने जाने को मजबूर हैं। अच्छी चिकित्सिय सुविधा नहीं मिलने और किसी हादसा से बड़े शहरों में काम करने गये मजदूरों का शव एक दो महीने में ही आ जा रहा है। मजदूरो के आकस्मिक मृत्यु से घर परिवार उजड़ जा रहा है।

### चार दिन पूर्व भी एक व्यक्ति की हो गयी थी मौत

बताते चलें कि इसके चार दिन पूर्व मड़वनियां पंचायत अंतर्गत कोरगा निवासी जोखू राम के 40 वर्षीय पुत्र संजय भुईयां की मौत चेन्नई में हो गई थी। इसके पूर्व 30 जुलाई को प्रखंड के टंडवा निवासी जमुना सिंह के 19 वर्षीय पुत्र राजा सिंह की मौत महाराष्ट्र के नासिक में हो गई थी। सात जुलाई को मुख्यालय सह भगत सिंह चौक निवासी अभय ठाकुर के 19 वर्षीय पुत्र ईश्वरी ठाकुर की मौत पांडीचेरी में हो गई थी। इसके एक सप्ताह पूर्व बहियार खुर्द निवासी लालमन राम नामक मजदूर उम्र 58 वर्ष की मौत चेन्नई में हो गई थी। ईश्वरी एवं लालमन राम अपने घर से मात्र एक माह पूर्व मजदूरी के लिये बाहर गये थे।

### मनरेगा योजना पलायन रोकने में फेल

प्रखंड में मनरेगा मजदूरों का पलायन रोकने में विफल साबित हो रहा है। जबकि प्रखंड में मनरेगा के तहत प्रति वर्ष करोड़ो रुपये का कार्य किया जा रहा है। फिर भी पलायन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।क्योंकि इस योजना में ऐसे लोगो को जॉब कार्ड बना हैं जो मजदूरी करते नहीं उनके कार्ड से वेंडर रकम भजाते हैं और कार्ड धारियों को लॉलीपॉप खिलाते हैं।

### क्या कहते है बीडीओ

बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने बताया की मजदूर अपने स्वेक्षा से बाहर में मजदूरी करने जाते हैं। मनरेगा के तहत लोगों को रोजगार मिल रहा है। लेकिन धरातल पर इस प्रकार कि कोई योजनाब दिखाई नहीं देता है, जिससे मजदूरों का पलायन रुक सके।

# भवनाथपुर में पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक की मनमानी से ग्रामीण आक्रोशित

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के चौरासी के बचन वियार के घर से लेकर अकेलवा टोला के झरी भुइंया के घर तक पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक के मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण प्रशु भुईया, विजयमल राम, सुरेन्द्र भुईया, शिवकुमार भुईया, पिन्टू राम, सुदर्शन भुईया, बन्दुक भुईया, अक्षय भुईया, कैलाश भुईया, अमर भुईया, अनारकली देवी, अनीता देवी, तेतरी देवी, पानपति कुवर सरिता देवी, सोनिया कुवर लोहिया देवी, लाईची देवी, सुनिता देवी, कविता देवी, सोहरी देवी, रिकूदेवी, मनितादेवी, सीता देवी, रूपा देवी ,अमरावती देवी ने बताया कि जिला योजना अनाबद्ध निधि से पीसीसी पथ निर्माण चौरासी के बचू वियार के घर से अकेलवा टोला के झरी भुइयां के घर तक होना है ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए देवी मंडप की ओर ले जाया जा रहा है संवेदक दो सौ फीट छोड़ कर सड़क बना रहा है जब कि विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा हमलोग के टोला के लिए भेजवाया है जिस में हम ग्रामीण भी सहयोग कर रहे है लेकिन ठेकेदार मनमानी करते हुए जहां तक स्किम में सड़क बना है उसे अधूरा छोड़ कर दुसरे जगह सड़क बना कर पैसा निकालने के फिराक में है ठेकेदार से जब हम लोग बोलते हैं तो सही जवाब नही दिया जाता है और बोला जाता है कि बाद में उधर बनाएंगे। टोला के लोगो ने कहा कि अगर ठेकेदार अधुरे पड़े सड़क में जल्द काम नही लगाता है तो टोला वासी सड़क निर्माण कार्य नही होने देंगे। इस संबंध में ठेकेदार रजनीश सिंह ने बताया कि अधूरे पड़े सड़क को बाद में बनाने का कार्य किया जाएगा क्योंकि बगल से मिट्टी खीचना है इस लिए उस मे काम नही लगाया गया है।

# देख-रेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा 2.35 करोड़ की लागत से निर्मित स्वास्थ केन्द्र

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव में 2.35 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से पिछले तीन वर्षो से ताला लटक रहा है।इधर मौसमी बीमारी से परेशान लोगों को या तो झोलाछाप चिकित्सकों से इलाज कराना पड़ रहा है या फिर सरकारी अस्पताल में इलाज कराने के लिए 20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर जाना पड़ रहा है। पाचाडुमर में कुल 10 बेड वाला पीएचसी वर्ष 2019 में बनकर तैयार हुआ था। तब करीब 60 हजार की आबादी वाले इस केतार प्रखंड के ग्रामीणों में आस जगी थी कि अब उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नीम हकीम के पास नहीं जाना पड़ेगा। अच्छे चिकित्सकों से प्रखंड में ही इलाज करा सकेंगे पर ग्रामीण अब निराश हो चुके हैं। इधर 3 वर्ष पुर्व बने पीएचसी भवन भी अब फीका पड़ने लगा है। शरारती तत्वों ने अस्पताल की कांच की खिड़की पत्थरों से मारकर तोड़ दी



है।अस्पताल भवन से समरसेबल एवं अन्य उपकरण की चोरी पहले ही कर ली गई है। अस्पताल कैंपस में झाड़ियां उग गयी है।इधर अस्पताल भवन के अंदर रखे आवश्यक उपकरणों में भी जंग लग रहे हैं इधर चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति के लिए पंचायत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सक्षम पदाधिकारियों एवं राजनेताओं के समक्ष आवाज उठाई पर अस्पताल खोलने के लिए अब तक कोई पहल शुरू नहीं हुई है इधर प्रखंड के मरीजों का इलाज भगवान भरोसे चल रहा है। यदि अस्पताल में चिकित्सको की पदस्थापना कर दी जाती तो स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलता।

### जल सहिया संघर्ष समिति ने किया धरना-प्रदर्शन

**गढ़वा।** जिला जल सहिया संघर्ष समिति द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा जिला अध्यक्ष मालती देवी एवं संचालन महासचिव रेखा देवी तथा संयुक्ता देवी ने किया। धरना-प्रदर्शन के अंत में 5 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा गया। सौंपे गए मांग पत्र मे एक हजार मानदेय को बढ़ाकर अठारह हजार रुपए करने,बकाया मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि देने,जल सहिया को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने,सभी का स्वास्थ्य बीमा करने एवं ड्रेस कोड उपलब्ध कराने का मांग शामिल है। कार्यक्रम को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया।धरना में सुमित्रा देवी, पूनम देवी, गीता देवी,प्रमिला देवी, रेखा देवी, बिंदा देवी,सुषमा देवी,फुलवंती देवी,कविता देवी आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक व स्वयंसेवकों के साथ की बैठक

# अधूरे पड़े आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवक व स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व स्वयं सेवकों को सितम्बर माह के अंत तक हरहाल में 500 आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने प्रत्येक पंचायत के लिये लक्ष्य निर्धारित करते हुये आवास निर्माण के कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अम्बेडकर आवास योजना के तहत अधूरे पड़े 19 आवासों में से 15 आवास को सितम्बर माह के अंत तक पूरा कराने का निर्देश



दिया। वैसे अधूरे आवास के लाभुक जिन्हें तीन या तीन बार से अधिक आवास पूर्ण कराने के लिये नोटिश निर्गत किया गया है तथा वैसे आवास के लाभुक जिन्होंने आवास निर्माण के लिये प्रथम किस्त का भुगतान लेने के बाद भी एक वर्ष से आवास निर्माण का कार्य चालू नही किया। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया.बैठक में बीपीओ राजदीप कुमार,प्रखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना स्नेहा सिंह,पंचायत सच्ची बिरेन्द्र कुमार सिंह,जनसेवक ज्ञानचन्द केसरी, प्रशांत कुमार, विकास कुमार, कनीय अभियंता जितेन्द्र कुमार, रणधीर कुमार, रोजगार सेवक आनन्द विश्वकर्मा, आलोक राज,अम्बिका प्रसाद, स्वयंसेवक अमित कुमार, अजय कुमार, जयप्रकाश कुमार, सत्येन्द्र कुमार, विपिन कुमार, कृष्ण मुरारी, संगीता जायसवाल,सबिता जायसवाल सहित सभी पंचायत सचिव,रोजगार सेवक व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के अभाव में मरीज परेशान, विभागीय पदाधिकारी मौन

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब सिर्फ और सिर्फ एनएम व एक एमपीडब्ल्यू के भरोसे हो गया है । अस्पताल में पोस्टेड आयुष चिकित्सक डॉक्टर कुमुद रंजन का दूसरे प्रखंड के अस्पताल में डिप्टेसन होते ही उक्त अस्पताल के ओपीडी व आयुर्वेदिक विभाग में ताला लटक गया है । प्रखंड के मरीजों का देखरेख अब कौन करेगा यह एक बड़ा सवाल बन गया है । मौसमी बीमारी सर्दी ,खांसी, जुकाम व बुखार से प्रखंड के मरीज इन दिनों खासे परेशान हैं । प्रत्येक दिन इलाज को लेकर अस्पताल पर उनका जमावड़ा लगा रहा है । उक्त अस्पताल के इकलौते आयुष चिकित्सक का दूसरे ब्लॉक में डिप्टेसन हो जाने से यहां के मरीजों




के समक्ष इलाज को लेकर विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है । अस्पताल आने पर अब उनका ना तो जांच-पड़ताल हो पाएगा और ना ही उन्हें किसी भी तरह के आयुर्वेदिक या अंग्रेजी दवाइयां ही मिल पाएगी । प्रखंड के 84000 ग्रामीणों का चिकित्सीय भविष्य अब अस्पताल के एन एम किरण कुमारी, सुरभि सरकार ,इंदु कुमारी के साथ-साथ मात्र एक एमपीडब्ल्यू जसवंत कुमार के हाथों में शिफ्ट हो गया है । बताते चलें कि अस्पताल के निर्माण काल से वर्ष 2019 तक ही अस्पताल को एमबीबीएस चिकित्सक नसीब हो सका है । उसके बाद मात्र एक आयुष चिकित्सक की पोस्टिंग कर सरकार की ओर से अस्पताल का सिर्फ शोभा बढ़ाने का काम किया गया था । उनके कार्य अवधि के बीच अस्पताल में आज तक पर्याप्त मात्रा में न तो आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध हो सका और ना ही उनके चिकित्सीय इलाज से ग्रामीण ही खुश हो सके । ग्रामीणों की मांग के अनुसार आज तक उनका इलाज नहीं हो सका । मामले का मुख्य कारण अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सक का नहीं होना बताया जाता है ।

### बाइक-पिकअप के टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** जिले के डंडई गांव निवासी रामदास विश्वकर्मा का पुत्र विजय विश्वकर्मा मोटरसाइकिल पिकअप के टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस के मदद से उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि विजय विश्वकर्मा अपने घर से मोटरसाइकिल पर अपने बहन को लेकर चिनिया छोड़ने के लिए गया था। वापस आने के दौरान मेराल थाना क्षेत्र के दुलदुलबा गांव के पास एक पिकअप से उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। इसी दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। समाचार लिखे जाने सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजबास में समय पर नहीं पहुंचते है शिक्षक

# प्रधानाध्यापक की मनमानी से बच्चों का भविष्य अधर में



नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजबास मे शिक्षण कार्य तथा पढ़ाई लिखाई विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवपूजन सिंह के मनमानी के कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य खराब हो रहा है। विद्यालय बुधवार को खुला तो था परंतु 11 :15 मिनट तक एक भी शिक्षक विद्यालय में नहीं पहुंचे थे, बच्चे खेल रहे थे। कोई बच्चा छत पर चढ़ा था तो कोई बाउंड्री पर खेल रहा था। जिससे बच्चों के दुर्घटना होने की भी संभावना होती है। बच्चों से पूछे जाने पर बच्चों ने बताया कि विद्यालय 10:00 बजे 11:00 बजे खुलता है तथा ठीक से खाना पीना भी नहीं मिलता है कभी शिक्षक आते हैं और नहीं भी आते हैं उपस्थिति बनाकर चले भी जाते हैं। बताते चलें कि विद्यालय शिक्षकों के मनमानी से गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है मौके पर जबकि मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष सूर्यदेव सिंह ने बताया कि हम तो शिक्षक को बार-बार कहते हैं कि समय से विद्यालय को सुचारू रूप से चलाऐ परंतु शिक्षकों की मनमानी से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है मामले में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि जांच कर करवाई किया जाएगा वही प्रधानाध्यापक से फोन से बात करने पर कहा कि हम छुट्टी पर हैं जबकि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी या अन्य समक्ष पदाधिकारी से किन्ही से छुट्टी प्रधानाध्यापक ने नहीं लिया है वह मनमानी तरीके से पिछले एक सप्ताह से विद्यालय से गायब हैं साथ ही प्रधानाध्यापक शिवपूजन सिंह से पूछे जाने पर बताया कि हम छुट्टी पर हैं जबकि प्रधानाध्यापक एक सप्ताह से विद्यालय से गायब है वहीं विद्यालय में कुल नामांकित छात्र छात्राएं 300 है वहीं विद्यालय में 4 शिक्षक तैनात हैं छात्र छात्राओं ने प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिलने की भी शिकायत की वही विद्यालय परिसर में चारों तरफ बड़ी बड़ी झाड़ियां तथा गंदगी का अंबार भी लगा हुआ है मौके सुकन सिंह कृष्ण कुमार यादव नीतीश कुमार राजेश कुमार यादव सोनू कुमार यादव तारा कुमारी प्रिया कुमारी रेखा कुमारी खुशबू कुमारी आलोक कुमार सहित कई छात्राएं मौजूद थी ।

वही 11:03 पर विद्यालय की शिक्षिका नागवंती देबी विद्यालय पहुंचती भी है तो उसने बताया कि हम बीएलओ के कार्य में चिनियां प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेश पर छुट्टी पर हैं मैं पहचान पत्र में आधार कार्ड जोड़ने का काम कर रही हैं हमें विद्यालय में आकर हाजिरी बना कर चले जाना है ।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने खरौंधी प्रखंड के मतदाताओं से कहा

# वोटर हेल्पलाइन से भी कर सकेंगे आधार लिंक

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** भारत निर्वाचन आयोग जे निर्देश पर खरौंधी प्रखंड में भी बीएलओ द्वारा मतदाताओं के मतदाता परिचय-पत्र को आधार से जोड़ने का युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आयोग ने मतदाताओं को नई सुविधा दी है। मतदाता अब स्वयं भी अपने मतदाता परिचय-पत्र को आधार नंबर से जोड़ सकेंगे। यह काम आनलाइन ही किया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को भी यह सुविधा दी है। इसके लिए वोटर हेल्पलाइन सहित अन्य मोबाइल एप पर यह सुविधा प्रदान की गई है। मतदाता यह एप मोबाइल पर डाउनलोड कर वोटर आइडी कार्ड संबंधी विभिन्न सुविधाएं आनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। बीडीओ गणेश महतो ने प्रखंड के सभी मतदाताओं से अपील की है कि



गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करें। इस एप के जरिए स्वयं को उसमें पंजीकृत करें और अपने परिवार के सदस्यों के आधार नंबर लिंक करें। आधार लिंक होने से डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान एवं मतदान के समय मतदाताओं की पहचान में सुविधा होगी। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के वोटर आइडी को आधार नंबर से लिंक कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए वोटर हेल्प लाइन, गरुडा एप के तहत आधार लिंक कर सकते हैं। वेब पोर्टल से स्वयं अथवा अपने बीएलओ की मदद से भी मतदाता वोटर आइडी कार्ड और आधार कार्ड लिंक कर सकते हैं। बीडीओ ने प्रखंड के मतदाताओं से जल्द से जल्द अपने वोटर कार्ड और आधार कार्ड लिंक करने की अपील की है। कोई भी मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप अथवा पोर्टल में अपने स्वयं का, परिवार तथा मित्रों का आधार नंबर मतदाता सूची में अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए मतदाता को फार्म 6-बी की सभी जानकारी अपडेट करना होगी।

### बीएलओ को सहयोग नहीं कर रहे मतदाता

उल्लेखनीय है कि मतदाता परिचय-पत्र को आधार नंबर से जोड़ने का काम बीएलओ के जरिए कराया जा रहा है, लेकिन इसमें मुश्किल आ रही है। कई मतदाता अपना आधार नंबर बीएलओ को नहीं बता रहे हैं। इस कारण आधार लिंक करने में बीएलओ को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीडीओ ने सभी बीएलओ को 15 सितंबर तक सभी मतदाताओं का वोटर कार्ड से आधार लिंक करने का निर्देश दिया है।इसके लिए प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों से भी मदद करने की अपील की है ताकि समय से सभी मतदाताओं का आधार लिंक कराया जा सके। ससमय कार्य पूर्ण नही करने वाले बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाई की भी बात कही है।

# सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए बाजार में हो रहा कृत्रिम रंगों का प्रयोग

## इन सब्जियों को खाने से हो सकती है गंभीर बीमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के एलआईसी बिल्डिंग रोड में सब्जी बाजार में सब्जी विक्रेताओं द्वारा हरी सब्जी के नाम पर लोगों को मीठा जहर परोसा जा रहा है। दुकानदारों द्वारा परवल, करेला,भिंडी सहित अन्य हरी सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए इसे हरे रंगों में डूबोकर अपने-अपने दुकानों में सजाई जाती है। वहीं हरी सब्जी खरीदने आये ग्राहकों को दो दिन पुरानी सब्जी को ताजा बताकर बेच दिया जाता है। ऐसे में यदि कोई ग्राहक हरी सब्जी में हरे रंगों की मिलावट कर बेचे जाने की शिकायत दुकानदार से करता है, तो दुकानदार उस ग्राहक से उलझ जाता है। वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि सब्जियों में हरे रंगों की मिलावट कर बेचा जाना लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ हो रहा है। रंगों में जहरीला पदार्थ होने के कारण इंसान के शरीर पर यह कई प्रकार का दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि



यदि मजबूरी वस लोग ऐसी सब्जी खरीद कर घर ले आते हैं। तो उसे रंग मिले हरी सब्जी को उबले पानी में कुछ देर तक रख दिया जाना चाहिए। ताकि रंगों का दुष्प्रभाव कम हो सके। इसके बाद उसे फिर तीन-चार पानी से अच्छी तरह धोकर ही पकाना चाहिए।

### सब्जी विक्रेताओं पर जिला प्रशासन की नहीं है नजर

बाजार में किस प्रकार की हरी सब्जियां बेची जा रही है। इसकी जांच कभी जिला प्रशासन के लोगों द्वारा कराई जाती है। किसानों से लेकर सब्जी विक्रेता तक उपजाने से लेकर बेचने तक के काम में गलत रसायन एवं कृत्रिम रंगों का उपयोग कर रहे हैं। जो ग्राहकों तक पहुंच कर जहरीला हो जाता है। जो सेहत के लिए खतरनाक है। इस ओर आज तक कृषि विभाग के अधिकारियों की भी नजर नहीं गई है। किसी समन्वयक भी किसानों को सब्जियों के उत्पादन में गलत रसायन का उपयोग करने से मना तक नहीं करते हैं।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

# बाहर गाड़ी रोककर लोगों की शिकायतों से रूबरू हुए डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया.जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी.उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया।हुसैनाबाद के ग्राम पथरा से आये राम लखन मेहता ने उपायुक्त के समक्ष अपने राशन डीलर द्वारा समय पर राशन नहीं दिये जाने के संबंध में शिकायत की एवं कार्रवाई का अनुरोध किया इस पर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को संबंधित डीलर के विरुद्ध जांच करने के पश्चात दोषी पाये जाने पर कार्रवाई करते हुए सूचित करने हेतु निर्देश दिया।आज के जनता दरबार खत्म होने के बाद भी उपायुक्त श्री दोड्डे ने मानवता का परिचय देते हुए जनता दरबार का समय समाप्त हो जाने के बावजूद आये लोगों से बाहर गाड़ी रोककर मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने समाहरणालय के मुख्य द्वार पर खड़े होकर लोगों से उनके आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार मे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 3 मामले आये जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे।उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो बैल की मौत, दो महिला घायल

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बनौधा गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो बैल की मौत हो गई । जबकि दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि बनौधा गांव निवासी कविता देवी पति रामलाल सिंह और पुटुन देवी पति सोमर यादव की पत्नी बारिश होने के पश्चात पानी से बचने के लिए बर पेड़ के नीचे छिपे हुए थे। वही पर दो बैल भी बंधे थे । अचानक बारिश होने के पश्चात आकाशीय बिजली के गिरने से दोनों महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । जबकि बर पेड़ के नीचे बंधे दोनों बैल की मौत हो गई ।

# पलामू में श्रद्धा भक्तिभाव से मना अनंत चतुर्दशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में श्रद्धा भक्तिभाव के साथ शुकवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत मनाया गया। भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। अनंत भगवान की पूजा के बाद चौदह गांठ वाले सूत्र को अनंत भगवान का स्वरूप मान कर पुरुष श्रद्धालुओं ने दाएं व महिलाओं श्रध्दालुओं ने बाएं बाजू पर धारण किया। स्थानीय बेनी मंदिर,हीरा मांदिर ,सप्तमातार मंदिर,सत्यनारायण मंदिर ,काली मंदिर ,विष्णु मंदिर में सुबह से ही महिलाओं, पुरुष और युवाओ ने पूजन के लिए कतार में दिखें। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि अनंत के चौदह गांठों में प्रत्येक गांठ एक-एक लोक का प्रतीक है। जिसकी रचना भगवान विष्णु ने की है। वहीं कई श्रध्दालुओं ने अपने अपने घरों और मंदिरों में अंत ना होने वाले श्रृष्टि कर्ता विष्णु के स्वरूप भगवान अनंत की विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना किया। स्थानीय मंदिरो में मौजूद भक्तों ने अनंत चतुर्दशी व सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। दूध दही के क्षीरसागर में कुश से बने अनंत भगवान का मंथन किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पांडव कौरवों से जुए में अपना राजपाट हारकर जब जंगल में भटक रहे थे । तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनंत भगवान का व्रत और पूजा करने की सलाह दी थी। पांडवों को अनंत पूजा के बाद कष्टों से छुटकारा मिल गया। जिसके बाद से भाद्र महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। यह भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे। जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है। महिलाओं व बुजुर्गों संग बच्चों ने भी व्रत रखा तथा भगवान अनंत की कथा सुनी। कच्चे सूत से बने 14 गांठ वाले अनंत की पूजा कर लोगों ने अपनी आस्था जताई। कथा श्रवण कर घर में सुख, शांति, वैभव और यश की कामना की। कथा के बाद पुरुषों ने दाहिने व महिलाओं ने बायीं भुजा पर पीले रंग के अनंत का धागा बांध मिष्ठान व पकवान खाए। दुर्गा मंदिर के पुजारी बबलू बाबा ने बताया कि यदि व्रत को कोई व्यक्ति लगातार 14 वर्षों तक नियम से करे तो उसे विष्णु लोक की प्राप्ति होती है।

**रोटी और सेवई खाने का प्रावधान :** अनंत चतुर्थी के पूजन के बाद चावल खाने की मनाही होती है। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि चावल खाने से अगले जन्म में कीड़े मकोड़े के रूप में जन्म मिलता है इसलिए श्रद्धालुओं ने अनंत चतुर्थी के दिन रोटी और सेवाएं का सेवन करते हैं ।क्षेत्र के हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं व्रत रख कथा का श्रावण कर सेवई रोटी का प्रसाद ग्रहण किया।

## प्लस टू शिक्षको की नियुक्ति के लिए आवेदन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शिक्षक बनने की सपना संजोय अभ्यर्थियों के लिए राज्य के प्लस टू के स्कूलों में 3,120 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए गुरुवार से ऑनलाइन फार्म शुरू कर दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन के लिए सात अक्टूबर को अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। पहले इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 25 अगस्त से ही ऑनलाइन फार्म भरे जाने थे। लेकिन आयोग के द्वारा इसकी तिथि बढ़ा दी थी। संशोधित कार्यक्रम के तहत परीक्षा शुल्क का भुगतान नौ अक्टूबर तक हो सकेगा। 11 अक्टूबर तक फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड होगा तथा ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार का संशोधन 13 से 15 अक्टूबर तक होगा। जिन पदों पर नियुक्ति होनी है, उनमें 2855 नियमित तथा 265 बैकलाग पद शामिल हैं। कुल 25 प्रतिशत पद वैसे सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के लिए आरक्षित हैं जो तीन साल की सेवा पुरी कर रहे हैं।

**100 रुपये है आवेदन शुल्कः-** प्लस टू शिक्षकों के आवेदन के लिए सामान्य कोटि और पिछड़ा वर्ग के लिए 100 रुपये का आवेदन शुल्क रखा गया है । जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 50 रुपये का आवेदन शुल्क रखा गया है।

**11 विषयो में की जा सकती है आवेदनः-** राज्य गठन के बाद दो बार प्लस टू की परीक्षा आयोजित की गयी है। जिसमे केवल 11 विषयो के ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति किया गया है। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, गणित तथा वाणिज्य में शिक्षकों के पद सृजित हैं।

# नम आंखों से दी गई गणपति बप्पा को विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जैन मन्दिर रोड के लालबाग के राजा को गुरुवार को पूरे नौ दिनों के बाद नम आंखों से विदाई दी गई। सुबह में गणपति के पंडाल में विधिवत हवन का कार्यक्रम किया गया और शाम को पंडित कृष्णा बाबा के द्वारा संध्या आरती के साथ ही पूजा संपन्न की । सभी भक्तों ने गणेश जी को सुसज्जित वाहनों में रखकर बाजार क्षेत्र में घुमाकर देर रात स्थानीय कोयल नदी में विसर्जित किया गया। लालबाग के राजा के आयोजककर्ता विकास माने ने बताया कि विगत 11वर्षों से लाल बाग के राजा की प्रतिमा रखी जा रही है। पहले 7 दिनों तक प्रतिमा को रखा जाता था । लेकिन कोरोना के बाद इस बार 9 दिनों तक बप्पा को रखा गया। देर शाम लालबाग के सभी कार्यकर्ताओं को पगड़ी से सम्मानित किया गया। वही पूजा समिति की ओर से बाहर से कलाकारों को बुलाकर भक्तिमय माहौल में भक्ति गीतों का कार्यक्रम भी किया गया। भक्ति गीतों का आनंद लेने के लिये कई कलाकारों में अपनी प्रतिभा दिखाई। पूजा, पायल , रोहित ने अपने सुरीले आवाजों से माहौल भक्तिमय कर दिया। गौरतलब है कि गणपति के पंडाल में पूरे नौ दिनों तक महिलायें और बच्चों की भी भागीदारी देखने को मिली। वही प्रत्येक दिन स्थानीय लोगो के सहयोग से भंडारा का भी आयोजन किया गया। संजय कोटक ने बताया कि सभी लोगो के सहयोग से ही ये आयोजन हो पाता है। सुबह से लेकर रात तक लोगो का भरपूर सहयोग मिलता है। जिससे आगे भी आयोजन करने की शक्ति मिलती है। लालबाग पूजा समिति के सदस्यों में उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष सागर कुमार, महासचिव अजय ठोंबरे, सचिव संजय कोडग, पिंटू गुप्ता, रंजीत सोनी, अमित गुप्ता , अमोल हजारे दिलीप शिंदे, अशोक लाला घोड़पड़े का योगदान रहा।

## देवरानी संगीत महाविद्यालय में पंडित राम रक्षा मिश्र की 27वीं पुण्यतिथि मनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित देवरानी संगीत महाविद्यालय डालटनगंज में भारतीय शास्त्रीय संगीत के मूर्धन्य गायक व पलामू संगीत जगत के स्तंभ माने जाने वाले सम्राट स्वर्गीय पंडित रामरक्षा मिश्र की 27वीं पुण्यतिथि पर स्मरण उत्सव संगीत संध्या कार्यक्रम आराधना का आयोजन किया गया। शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए लोगों को सम्राट पंडित राम रक्षा मिश्र मेमोरियल अवार्ड स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। स्व. पंडित रामरक्षा मिश्र संगीत के क्षेत्र में डाल्टनगंज की एक संपूर्ण व्यक्तित्व थे और जिनकी प्रेरणा छांव में आज भी सैकड़ों कलाकार पुष्पित होकर अपनी सुरभि बिखेर रहे हैं। सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा , डीएसपी सुरजीत कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी राजेश शाह ,आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केंद्र डालटनगंज की कार्यक्रम प्रमुख मेरी क्लोडिया सोरेंग, प्रो. सुभाष चंद्र मिश्र ,समाजसेवी बृजेश शुक्ला, अधिवक्ता किशोर पांडेय ,लोक कला सांगीतिक मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला, दुर्गा जौहरी, गुरवीर सिंह एवं देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक पं. राजा राम मिश्र के द्वारा संगीत संध्या कार्यक्रम का प्रारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं श्रोताओं के द्वारा स्वर्गीय पंडित मिश्र की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई।

## पूर्व मंत्री से मिले सुनील पांडे, लिया आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड के विस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुनील पांडेय ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे से उनके गढ़वा स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात करते हुए गुलदस्ता देकर सम्मानित किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री पांडे ने कहा कि चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे हम सबों के मार्गदर्शक के साथ-साथ अभिभावक भी हैं। जिनके बताये गए राह पर चलकर हम सब यहां तक पहुंचे हैं। श्री पांडे ने कहा कि क्षेत्र की समस्या को लेकर हम सभी इनसे हमेशा मार्गदर्शन लेते रहते हैं. मौके पर बिश्रामपुर से रामचंद्र दीक्षित एवं उंटारी से अशोक सिंह उपस्थित रहे।

# नगर निगम क्षेत्र में कूड़े कचरे का अंबार

## प्लास्टिक में फेके गये कचरे खाकर मवेशी हो रहें बीमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की लाइफ लाइन कहे जाने वाली कोयल नदी किनारे कचरे को डंप करते देखा जा सकता है। नगर निगम गहरी नींद में है। शहर में साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम की है। लेकिन नगर निगम कर्मचारी व सफाई नायक जिम्मेदारी से अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। आलम यह है कि शहर की कूड़े कचरे का आभार गंदगी से अटी पड़ी हैं।जिससे उस रास्ते से हर गुजरने वाले व्यक्ति अपने नाक पर रुमाल रख कर गुजरने का दिवस हो रहे।गंदगी के चलते शहर में आमजन को बदबू से दो चार होना पड़ रहा है।शहर के कोयल नदी किनारे डंप किए गए कचरे में मवेशी ढूंढते है अपना खाना प्लास्टिक के सेवन से मवेशी खाकर बीमार होने का खतरा हमेशा बना रहता है। लेकिन नगर निगम लाख दावा करें कि वह प्लास्टिक व कूड़े कचरे को लेकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रही है।लेकिन इसका जीता जागता उदाहरण यह है कि आज भी नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के ढोल पीटने वाला नगर निगम फेल दिखाई दे रही है।जबकि सरकारी आदेश के अनुसार प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है लेकिन फुटपाथ दुकानदारों के साथ स्थाई दुकानदार भी धरल्ले से प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल कर कोयल नदी किनारे फेंक दे रहे हैं।यही प्लास्टिक बैग जब कचरे में जाता है तो मवेशी इसे अपना भोजन बना लेते हैं। साथ ही लोगों में जागरूकता की कमी होने के कारण इसका खामियाजा पशुओं को भुगतना पड़ रहा है।भोजन की तलाश में सड़कों पर घूम रहें आवारा पशु लोगों द्वारा प्लास्टिक के थैले में करकर फेंके भोजन के साथ प्लास्टिक खाने की वजह से गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। साथ **ही** जानवरों के लिए प्लास्टिक को पचा पाना असंभव है। कई बार नुकीला प्लास्टिक गले के नीचे नहीं उतरता है। ऐसे में उनका दम घुटने लगता है। प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स की वजह से उन्हें इंफेक्शन हो जाता है जिसके कारण कुछ समय बाद उनकी मौत हो जाती है।

## विहंगम योग संस्थान का जिलास्तरीय बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान का पलामू जिलास्तरीय बैठक शुक्रवार को संपन्न हुआ। चैनपुर प्रखंड के कंकारी गांव स्थित पिंकी देवी के आवास पर बैठक आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने सदगुरुदेव के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद अतिथियों एवं सेवा प्रभारियों ने फूलमाला अर्पित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने की। बैठक में आश्रम से जुड़े सेवा कार्य का समीक्षा किया गया। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में 7 एवं 8 नवंबर को आयोजित विहंगम योग समारोह को लेकर तैयारी की समीक्षा की गयी। बताया गया कि शहर के बीसफूटा पुल के निकट बैजनाथ सिंह आश्रम परिसर में समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 2100 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ संपन्न होगा। समारोह में आचार्य स्वतंत्रदेव जी महाराज एवं संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज भाग लेंगे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। तय किया गया कि इसे सफल बनाने में जिले के सभी सेवा प्रभारी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। बैठक में रामपति राम,यशवंत सिंह, जगरनाथ प्रसाद, राकेश पाठक, जनेश्वर सिंह, राणा लक्ष्मण सिंह, सौगंध मेहता, चंदन सिंह, लक्ष्मण सिंह, कुबेर गुप्ता, उपेंद्र मेहता, भूपेंद्र सिंह, विनय सिंह, अरुण सिंह, सूर्यदेव प्रसाद, दशरथ पासवान, बैजनाथ पाल, अमरेंद्र, संजय राकेश कुमार, चिंता जायसवाल, रामेश्वर सिंह, राजेश, शिवानी सहित कई सेवा प्रभारी मौजूद थे।

# न्यूज गैलरी

## बेहतर पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी: आयुक्त



**मेदिनीनगर।** आयुक्त कार्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग के बगल में अमलतास के गोल्डन कलर के फूल नजर आयेंगे। प्रकृति की खूबसूरती से सवारने की पहल में आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने शुक्रवार को मुख्य सड़क के बगल में अमलतास के पौधों का रोपण कर इसकी शुरूआत की। यहां 3 दर्जन से अधिक अमलतास के पौधों का रोपण किया जायेगा। वहीं आयुक्त कार्यालय परिसर में आयुक्त जटा शंकर चौधरी एवं डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने कल्पतरु के पौधे का रोपण किया। मौके पर आयुक्त ने कहा कि अमलतास के पौधे में सावर की तरह गोल्डन कलर में फूल खिलते हैं। इन पौधों को लगाने से खूबसूरती बढ़ेगी। यहां रहने वाले व्यक्तियों को अच्छा लगेगा। वहीं शहर के लोग जब भी इस सड़क से गुजरेंगे, तो उन्हें भी आनंद की अनुभूति होगी। नई पीढ़ियों को पौधों की विभिन्न प्रजातियों से परिचित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बेहतर पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी है। मौके पर स्थानीय पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि अमलतास का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसका फल, फूल, तना सभी औषधि के काम आते हैं। इसके फूल की सुंदरता लुभावना लगता है। साथ ही पेड़-पौधों से सांसों का विस्तार होता है। इसलिए पौधे लगाना और उसे बचाना दोनों जरूरी है। इससे तापमान को भी संतुलित रखा जा सकेगा। मौके पर आवासीय एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय के चौकीदार ने लगाई फांसी

**मेदिनीनगर।** उटांरी रोड अचंल कार्यालय में तैनात चौकीदार वीरेंद्र पासवान ने गुरूवार की देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने के बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। अंचल अधिकारी और पुलिस की उपस्थिति में रात 10 बजे के करीब उसके शव को नीचे उतारा गया। आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी बताया जा रहा है। चार महीने से वेतन नहीं मिलने कारण वह काफी परेशान था। अंचल कार्यालय में फांसी पर लटके होने की सूचना मिलने के पर उसके परिजन और एसडीपीओ सुरजीत कुमार, मनातू प्रखंड कार्यालय के बीडीओ ललित राम मौके पर पंहुचे। परिजनों की मौजूदगी में उसके शव को उतारा गया और पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भेजा गया। **वह पूर्व प्रमुख का पुत्र था** : चौकीदार धीरेंद्र पासवान उंटारी रोड प्रखंड के पूर्व प्रमुख रामसेवक राम का पुत्र था। गुरुवार की शाम वह ड्यूटी पर गया था। कार्यालय की सुरक्षा में दो चौकीदार तैनात थे। धीरेंद्र पासवान के ड्यूटी पर जाने के कुछ देर बाद उसका दुसरा साथी चौकीदार डियुटी पर गया। उसने ही चौकीदार धीरेंद्र पासवान के शव को फांसी के फंदे पर लटकता देखा। वहीं मृतक के पिता ने आत्महत्या की बात से इनकार किया है। इसके पीछे उन्हें कोई साजिश लग रही है। हालांकि अभी तक उंटारी रोड थाने में इसकी लिखित शिकायत नहीं की गयी है। पुलिस मामले की जांच जुट गयी है।

## मृतक के परिजन को दी आर्थिक मदद

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी के द्वारा पीड़ित परिजन को राशन और 2000 रुपये का सहयोग किया गया। गौरतलब है कि ग्राम चौपरिया में भोलु भुयां की मौत बीते दिनों हुई थी। जिसमें बीस सूत्री अध्यक्ष ने उनके परिजन को हर संभव मदद करने का वादा किया था । उन्होंने वादे के अनुसार आर्थिक मदद और साथ ही स्थानीय एमो के द्वारा भी 50 किलो राशन देने का आशवाशन दिया गया। मौके पर अजीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद अंसारी ,अहमद अंसारी इकरामुद्दीन ,बिहारी भुइया , राम शरण राम ,विनोद भुइया मौजूद रहे।

## पंचायत सचिव अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री से मिला आशवासन

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के हजारों पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मिल अपनी नियुक्ति की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आशवासन देते हुए सभी को धैर्य रखने को कहा ।अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद उनकी नियुक्ति की आस एक बार फिर से जग गई है। अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि दशहरा पूजा से पूर्व सभी लोगों की नियुक्ति करा कर सभी को त्योहार मनाने का एक अवसर दें । गौरतलब है कि पंचायत सचिव की नियुक्ति विगत पांच वर्षों से लंबित पड़ी है। नियुक्ति की सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद केवल मेधा सूची का इंतजार अभ्यर्थियों के द्वारा किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में नियोजन नीति का केस पेंडिंग होने के कारण रिजल्ट प्रकाशन में देरी हो रही थी। लेकिन अगस्त माह में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा भी अंतिम फैसला दिया जा चुका है। पंचायत सचिव के 3088 पदों पर नियुक्ति होनी है। जिस पर महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। जिसके कारण महिलाओं की संख्या भी अधिक है।

## अखिल भारतीय परिसंघ ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**मेदिनीनगर।** महादलित संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के अध्यक्ष सोनू कुमार ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर पांडू प्रखंड में महादलित ऊपर हुए अत्याचार पर न्याय की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि पलामू जिले के पांडु प्रखंड अंतर्गत कजरू कला पंचायत के मुरुमातु पहाड़ी के पास लगभग चार दशकों से रह रहे महादलित परिवार मुसहर को एक विशेष समुदाय के दबंगों ने मार-पीट कर जबरन गांव से भगाया और वहां के सभी विशेष जाति मिलकर सभी दलित परिवार के लोगों का सामान गाड़ी में भरकर जंगल में ले जाकर मारपीट किया। धमकी भी दिया की अभी मारपीट कर के छोड़ दिया गया है। यदि तुम लोग थाना पुलिस की तो तुम लोगों को जिन्दा जला देंगे। अब तुम लोगों का स्थान जंगल ही है। उन्होंने उपायुक्त से मांग किया कि विशेष समुदाय के दबंगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए भगाये गए महादलित परिवारों को उसी स्थान पर अगर गैरमजरुआ जमीन है तो शीघ्र भूदान कर आवास बनाकर कुटीर उद्योग से सम्बंधित स्वरोजगार मुहैया कराया जाय । जिससे आने वाले समय में दलितों पर ऐसी कोई दबंगई के साथ क्रूर अत्याचार न कर सके।

## न्यूज गैलरी

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी मुहल्ला में बीते 31 अगस्त को हत्या का मामला प्रकाश में आते ही सेन्हा थाना में परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 अगस्त के रात में आदिवासी मुहल्ला में अमित उरांव एवं प्रकाश उरांव के बीच शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें प्रकाश उरांव टांगी के पिछले हिस्सा से सर पर प्रहार कर दिया गया था। जिससे अमित उराँव का मौत घटना स्थल पर ही हो गया था। वहीं परिजनों के शिकायत पर एसआई संतोष कुमार ने जांचोपरांत घटना का उतभेदन करते हुए बताया कि आरोपी प्रकाश उरांव को गिरफ्तार कर एवं घटना में इस्तेमाल किया गया टांगी को जब्त कर अभियुक्त को सेन्हा थाना कांड संख्या 85/22 के आलोक में धारा 302 के तहत कारवाई करते हुए प्रकाश उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### चौथी बार निर्विरोध चुने गये दुर्गा पूजा समिति बीरू के अध्यक्ष घनश्याम सिंह

**सिमडेगा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीरू ग्राम में सभी ग्रामीणों संघ एक आवश्यक बैठक किया गया उस बैठक में सर्वसम्मति से चौथी बार घनश्याम सिंह को अध्यक्ष, गंगाधर लोहरा को सचिव, बजरंग गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया इस बार हर वर्ष की भांति पूरा उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाने और विधि विधान से पूजा करने का निर्णय लिया गया इस बैठक में मुख्य रूप से दुर्ग विजय सिंह देव, तुलसी कुमार साहू,सत्यजीत प्रसाद, निलेश प्रसाद, सतनारायण प्रसाद,सतीश प्रसाद, घनश्याम दास, पप्पू प्रसाद, आदित्य केसरी, दिनेश्वर होता, प्रदीप मिश्रा,गोपाल केसरी, भीम प्रसाद, इत्यादि सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामरेखा धाम मैं बैठक का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** शुक्रवार को श्री रामरेखा धाम की बैठक हुई। बैठक में रामरेखा धाम कोर समिति के निर्णय के द्वारा समिति के नये पदाधिकारीयों की घोषणा की गई। पदाधिकारीयों की घोषणा रामरेखा धाम के प्रधान संरक्षक दुर्गविजय सिंहदेव ने की। जिसमें उमाकांत जी महाराज पूर्व की भांति अध्यक्ष बने रहेंगे एवं कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ बामलिया होंगे। उप संचालक के पदों पर सच्चिदानंद पंडा एवं पुरुषोत्तम दास की घोषणा की गई। उपाध्यक्ष के पदों पर बहादुर सिंह ईश्वर साहू, जगदीश सिंह, तपेश्वर साहू, सुशील श्रीवास्तव, राजेंद्र मेहर होंगे। समिति के सचिव के पद पर ओमप्रकाश साहू एवं उप सचिव लक्ष्मीनारायण सिंह और मुरारी प्रसाद एवं संपादक के रुप में भुनेश्वर सेनापति की होंगे और बैठक में कार्यकारिणी सदस्य की घोषणा की गई।

### 11 को होगी अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार के चतुर्थ वर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ जिला सिमडेगा में जिला स्तरीय बैठक आगामी 11 सितंबर को 3 बजे आहूत की गई है। बैठक में नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना झारखंड सरकार के द्वारा लागू किया गया है जिसका आभार हेतु एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की ओर से ज्वलंत मुद्दा में 13 सूत्री मांगों के बारे विचार विमर्श करते हुए एवं 18 सितम्बर को राज्य स्तरीय बैठक के संबंध में चर्चा होना तय रखा गया है इसके आलोक में सिमडेगा जिला के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्यरत चतुर्थवर्गीय कर्मचारी को अल्बर्ट एक्का मैदान में भारी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### कोचेडेगा माया टोली में सड़क पर गिरा विशाल आम पेड़, मुखिया ने करवाया यातायात शुरू

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत कोचेडेगा रामरेखा मुख्य मार्ग माया टोली के समीप शुक्रवार की सुबह विशाल आम का पेड़ सड़क के बीचो बीच गिर गया। जिसके बाद यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गई। बताया गया कि घटना के दौरान कोई भी व्यक्ति नहीं थे जिसके कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। इधर पेड़ गिर जाने के बाद रामरेखा की ओर से सिमडेगा जाने वाली सभी प्रकार की गाड़ियों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया, घटना की सूचना पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो को दी गई जिसके बाद कटर मशीन मंगा कर पेड़ों को कटवा ते हुए यातायात सुचारु रुप से जारी करवाया उन्होंने बताया बड़ा पेड़ गिरने के कारण काफी मशक्कत के बाद सड़क से हटवाया गया है और साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही उसे पूरी तरह से हटवा दिया जाएगा ताकि वहां पर मालवाहक को को भी आवागमन में दिक्कत नहीं होगी। बताया कि आम का पेड़ काफी पुराना था और बिना किसी आंधी तूफान के गिर गया।

### मारपीट कर जख्मी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** कुंदगडी बड़का टोली में मारपीट कर जख्मी करने के आरोप पर तीन आरोपी अभियुक्तयों के विरुद्ध 8 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कारवाई जारी था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस तीनो आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जानकारी के अनुसार बता दें कि सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदगड़ी बड़का टोली में एक ही समुदाय के बीच विवाद होने के पश्चात मार पीट कर जख्मी करने का आरोप लगते हुए वादी बुदोधन लोहरा ने सेन्हा थाना में तीन आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाया था। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि सेन्हा थाना कांड संख्या 88/22 दर्ज कर धारा 131,323,307,504,506,34 भादवी के तहत आरोपी अभियुक्त कुंदगड़ी बड़का टोली निवासी किशुन लोहरा के पुत्र भैयालाल लोहरा उम्र 35 वर्ष, लालू लोहरा उम्र 30 वर्ष एवं सुखलाल लोहरा उम्र 24 वर्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पुलिस कारवाई करते हुए तीनो आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया। वहीं स0आ0नि0 श्रीकांत दास ने कहा वादी बुदोधन लोहरा ने 8 सितंबर को थाना में आवेदन देकर तीनो आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। वादी के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कारवाई करते हुए तीनो आरोपी को कुंदगड़ी बड़का टोली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

---

चौदह गांठ से बने धागे को खीरे में लपेटकर दूध-दही से बने क्षीरसमुद्र में मंथन किया

# श्रद्धालुओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ अनंत चतुर्दशी व्रत किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ अनंत चतुर्दशी व्रत किया। सुख की प्राप्ति व दुःखो से मुक्ति की कामना से भाद्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के दिन श्रद्धालुओं ने अनंत चतुदर्शी का व्रत रखा। श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में भी सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओ ने उपवास रख केले के पत्ते का मंडप बनाकर कुश के अनंत देवता का फल व गुलाबी व पीले फूलों से पूजन किया गया। खास मनोकामनाएं की पूर्ति के लिए भृंगराज के पत्ते , शमी के पत्ते, तुलसी के पत्ते, बेलपत्र से भक्तिभाव से पूजा की। चौदह गांठ से बने धागे को खीरे में लपेटकर दूध-दही से बने क्षीरसमुद्र में मंथन किया। अनंत भगवान को ढूंढा। सिर पर मंथन किये मिश्रण को लगाया। पंडितों से कथा का श्रवण किया। इसके बाद आरती की गयी। धागे को बांह में धारण किया। इसके बाद खीर, पूरी व फल



ग्रहण किया। मंदिरो में में देर शाम तक श्रद्धांलुओं की भीड़ पूजन कराने के लिए आती रही। पंडित रामाधार पाठक बताते है कि 14 साल तक इस व्रत को करने से सभी विपतियों का नाश होता है। घर परिवार में खुशहाली व धन वैभव आता है। उन्होंने बताया कि जब पांडव जुए में अपना सारा राजपाट हारकर वन में कष्ट भोग रहे थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें यह व्रत करने की सलाह दी थी। इस व्रत के प्रभाव से पांडव संकटों से मुक्त हो गए। कहा कि भगवान सत्यनारायण के समान ही अनन्त देव भी भगवान विष्णु का ही एक नाम है। यही कारण है कि इस दिन भगवान सत्यनारायण का व्रत और कथा का आयोजन किया जाता है। इस दिन संकटों से रक्षा करने वाला अनन्त सूत्र बांधा जाता है। यह सूत्र भगवान श्री हरि विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनंत फल देने वाला माना गया है। अनंत सूत्र को पुरुष दाएं हाथ में और महिलाएं बाएं हाथ पर बांधें।

#### बाजार में खरीदारी के लिए लगी रही लोगों की भीड़

अनंत पूजा को लेकर बाजार में पूजन सामग्री व अनंत खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। बाजार में अनंत की बिक्री जम कर हुई। पांच रुपये से लेकर 25 रुपये तक के अनंत बाजार में उपलब्ध थे। रंग-बिरंगे अनंत से पूरा बाजार पटा पड़ा था।

#### आसमान पर पहुंचा खीरा का दाम

अनंत पूजा को लेकर खीरा का दाम आसमान पर पहुंच गया। बाजार में 20 से 25 रुपये किलो तक मिलने वाला खीरा 40 से 45 रुपये किलो तक पहुंच गया। फलों के दाम में भी थोड़ी बहुत उछाल देखी गयी। हालांकि इसके बावजूद लोगों ने फलों आदि की खरीदारी की।

---

वायु प्रदूषण मुद्दे पर माताओं का सम्मेलन आयोजित, रास सांसद बोल

# वायु स्वच्छ हो इसके लिए हमसब को एक साथ जुड़कर काम करना होगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वायु प्रदूषण के बारे में माताओं के सम्मेलन में लोहरदग्गा के विभिन्न पंचायतों की चार सौ से ज्यादा माताओं ने शुक्रवार को चिकित्सकों के साथ वायु प्रदूषण को लेकर जागरुकता फैलाने और समस्या के समाधान पर विचार विमर्श किया। सम्मेलन का आयोजन गैर सरकारी संगठन होप और स्वच्छ वायु के लिए माताओं का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क वारियर मॉम्सने लोहरदग्गा टाउन हॉल में किया था। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद धीरज साहू, उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडब्ल्यूओ मनीषा तिर्की समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सम्मेलन का उद्देश्य माताओं, चिकित्सकों और नीति निमार्ताओं को एकसाथ लाकर घरेलु वायु प्रदूषण से जुड़े मसलों पर विचार विमर्श करना था जिसकी वायु प्रदूषण पर होने वाली चचाओं में आमतौर पर अनदेखी कर दी जाती है। राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने विचार विमर्श करने के लिए महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा, लोहरदगा में वायु स्वच्छ हो इसलिए हम सब को एक साथ जुड़कर काम करना होगा। वारियर मॉम्स का मै अभिनंदन करता हू।




झारखंड के केवल 32 प्रतिशत घरों में रसोई बनाने का स्वच्छ इंधन जैसे एलपीजी उपलब्ध है, जिससे राज्य में जैव-इंधन को जलाना( चूल्हा का इस्तेमाल) बड़े पैमाने पर होता है। सम्मेलन में शामिल अनेक माताएं घरों में चूल्हा के इस्तेमाल से होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर जागरुकता फैलाने का काम कर रही है जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और कुशलक्षेम पर गंभीर प्रभाव डालती है। लोहरदग्गा की वारियर मॉम और एनजीओ होप की संस्थापक-ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि ग्रामीण इलाके में स्वच्छ इंधन अपनाए जाने के मार्ग में कई अडचनें हैं जिसमें वित्तीय दबाव, एलपीजी के बारे में समझदारी और सामाजिक मान्यताएं शामिल है। हमें नीतिगत हस्तक्षेप के साथ आदतों में बदलाव के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। सम्मेलन में अनेक महिलाओं ने वायु प्रदूषण के बारे में कविता पाठ किया और गीत गाए।

---

भाजयुवामो का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है भाजपा : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ लोहरदगा में हुई। प्रशिक्षण की शुरूआत पार्टी के संस्थापक महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण व वंदेमातरम गीत के साथ आरंभ की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप अतिथि के रूप में उपस्थित दीपक प्रकाश प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सह राज्यसभा सांसद, मनोज सिंह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख, विनय जयसवाल युवा मोर्चा प्रभारी, किसलय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो, अमनदीप सिंह राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी, मनीर उरांव जिला अध्यक्ष भाजपा, रूपेश सिन्हा प्रदेश महामंत्री भाजयुमो,ओमप्रकाश सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य, ब्रजबिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र देकर की गई। उद्घाटन सत्र की शुरूआत में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने विषय प्रवेश ,स्वागत संबोधन, सत्रो के स्वरूप व सत्रों के विषय को बताया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि जनसंघ से अभी तक हमारे संघर्ष यात्रा में सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति संप्रदाय अथवा लिंग भेदभाव के बिना सभी नागरिकों को राजनैतिक ,सामाजिक एवं आर्थिक रूप से समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके। पार्टी अंतोदय, सुशासन ,सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर विशेष रूप से सक्रिय है। पार्टी पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की है जिनमें पंच निष्ठा राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र सकारात्मक, पंथनिरपेक्षता, गांधीवाद समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हैं।

#### भाजपा पार्टी का मूल मंत्र हैं भारत माता की जय : बाबूलाल

प्रशिक्षण का दूसरा सत्र बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड ने लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा अन्य पार्टियों से बहुत ही भिन्न है। इसमें किसी प्रकार का व्यक्ति वाद परिवारवाद एवं वंशवाद को बढ़ावा नहीं देती। परिवार एवं व्यक्ति आधारित पार्टी समय के साथ समाप्त हो जाती है। भाजपा का मंत्र है भारत माता की जय। इसके निमित्त पार्टी लगातार असमानताओं, सामाजिक विकास आर्थिक सुदृढ़ता के लिए चिंतन करती है। सत्ता केवल स्वयं की उत्थान के लिए नहीं होती सत्ता सामाजिक हितों एवं उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए की जाती है। भाजपा यदि सत्ता के लिए संघर्ष कर रही है तो उनका एकमात्र लक्ष्य है राष्ट्रवाद तथा भारत में रहने वाले लोगों की हर एक जरूरतों की पूर्ति एवं विश्व में अपनी वैभव को स्थापित करने के लिए।

---

# एसएस प्लस टू सिमडेगा में अग्निशमन विभाग की ओर से बच्चों को दें मॉक ड्रिल ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अग्निशमालय पदाधिकारी भगवान ओझा के द्वारा शुक्रवार को एसएस उच्च विद्यालय सिमडेगा में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एवं आग से बचाव का उपाय बताए गए। साथ ही बच्चो को प्रेक्टीकल भी कराया गया। मौके पर रामाशीष राम, सहदेव दास, उपेन्द्र नाथ महतो,शुकरा उरांव, महबूब अंसारी, विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी बृहद रूप से मॉकड्रिल कराने की बात कही गयी ।अग्निशमालय पदाधिकारी सिमडेगा भगवान ओझा के द्वारा एस एस उच्च विद्यालय सिमडेगा में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया एवं आग से बचाव का उपाय बताए गए साथ ही बच्चो को प्रेक्टीकल भी कराया गया मौके पर छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि आग लगने पर ज्यादा हर बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है उसे सावधानी पूर्वक बुझाने का प्रयास करना है इसके लिए किन-किन चीजों का प्रयोग है इन सभी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि अगर बड़ी आग है तो इसकी सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दें ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके ।उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों को भी हमें जानने की आवश्यकता है ताकि उसी के अनुरूप हम आग पर काबू पा सके इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच प्रैक्टिकल कराया जहां पर काफी संख्या में उपस्थित प्रेक्टिकल करते हुए आग से बचाव के कई अलग-अलग प्रकार के तरीके की जानकारी प्राप्त की।

---

# ठेठईटांगर थाना के एएसआई ट्रक मालिक ने लगाया घूस लेने का आरोप

- एसपी ने कहा जांच के बाद होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अगर रक्षक ही भक्षक बनने लग जाए तो फिर किस पर विश्वास करें। लोग पुलिस की मदद सेवा भाव से लेते हैं लेकिन अगर पुलिस के द्वारा किसी को बार बार परेशान करें तब वह इंसान परेशान हो जाता है ऐसा ही एक मामला ठेठईटांगर थाना से आया है।जहां पर पदस्थापित एएसआई अखिलेश दुबे पर ट्रक मालिक के द्वारा परेशान करने एवं घूस मांगने का आरोप लगाते हुए एसपी सिमडेगा को कार्रवाई की मांग कर आवेदन सौंपा है। उक्त आवेदन पर ट्रक मालकिन मनीता ने बताया है कि 20 जुलाई को उनकी गाड़ी ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसकी वजह से गाड़ी ठेठईटांगर थाना में जब्त कर रखी गई थी। जिसके बाद बीते 7 सितंबर 2022 को कोर्ट से उन्हें गाड़ी की रिलीजिंग लेटर मिला जिसे लेकर वह थाना पहुंची। जहां पर एएसआई अखिलेश कुमार दुबे ने उन्हें चाबी देने से मना कर दिया और साथ ही इसके एवज में 35000 की मांग की गई। साथ ही कहा गया कि अगर पैसा नहीं मिलेगा तो बार बार थाना के चक्कर काटना पड़ेगा और परेशानी बढ़ेगी।ट्रक मालकिन ने यह भी बताया कि दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को 20 जुलाई 2022 को ठेठईटांगर थाना लाया गया था। उसी दौरान 30000 उन्हीं के द्वारा सभी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया जल्द पूरे करने के नाम पर लिया गया था।परन्तु कोर्ट से रिलीज ऑर्डर आने के बावजूद भी एएसआई के द्वारा उन्हें ट्रक नहीं दिया गया और अलग से 35000 की मांग की गई।साथ ही ट्रक मालकिन मनीता ने आरोप लगाया है कि एएसआई के द्वारा सूट कपड़ा मुंबई से मंगवाने एवं बनारसी साड़ी तथा बच्चे के लिए मोबाइल फोन की भी मांग की गई। जिस पर उन्होंने मना किया तो तीखी बहस हुई तब जाकर उन्होंने चाबी ले जाने के लिए बोला। जब चाबी मिला और उन्होंने चेक किया तब 200 लीटर डीजल एवं गाड़ी की दोनों बैटरी गायब थी। जिस पर उन्होंने पूछा कि हमारी बैटरी कहां है तब उनके द्वारा जवाब दी गई कि हमें नहीं पता। अंततः महिला परेशान होकर सिमडेगा एसपी को आवेदन देते हुए संबंधित पुलिस कर्मी के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं इस मामले में ठेठईटांगर थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि महिला से पैसे लेने वाली बात मेरे संज्ञान में नहीं आया है।इधर इस मामले में जब सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। इस मामले में जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

---

श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन जया किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं की कथा सुनाई

# राधिका गोरी से ब्रिज की छोरी से, मैया करादे मेरो ब्याह...

- जया किशोरी ने कहा- भगवान जग कल्याण के लिए की बाल लीलाएं
- जब कृष्ण ने चांद मांगने व राधा से ब्याह करने की लगाई हठ ... पर झूमे श्रद्धालु
- श्रीमद्भागवत कथा को सुनने के लिए परिवार के साथ पहुचे स्वास्थ्य मंत्री व वित्त मंत्री






**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को कथावाचिका जया किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लिलाओं का संगीमतय वर्णन किया । इस दौरान कथा वाचक जया किशोरी ने श्री कृष्ण भजन को बेहद खूबसूरती से गाया. हठ पकड़े नंदलाला, मैया री मोहे चंदा ला दे, चँदा ला दे चँदा ला दे चँदा ला दे, भजन के गाते हीं भक्तजन पंडाल में हीं भगवान के भक्ति में लीन होकर नृत्य करने लगे। आज पांचवे दिन भगवान के भक्ति में एक से लेकर एक भजन गए गए। जिसमें नंद भवन में उड़ रही धूल धूल मोहे प्यारी लगे नंदभवन में उड़ रही धूल, धूल मोहे प्यारी लगे, राधिका गोरी से ब्रिज की छोरी से, मैया करादे मेरो ब्याह, उम्र तेरी छोटी है नजर तेरी खोटी है, कैसे करा दु तेरो ब्याह आदि भजन प्रस्तुत किया गया। जया किशोरी ने भजन के माध्यम से बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बचपन में लीलाएं की है. जया किशोरी जी ने कहा कि भगवान ने जो भी लीलाएं की वह जग कल्याण के लिए कीं. भगवान कृष्ण बचपन में कभी मैया यशोदा से खिलौना समझकर चांद मांगने की जिद करते थे तो कभी राधा से ब्याह कराने की हठ करने लगते थे। माखन चोरी और महारास जैसी लीलाओं ने जहां भक्तों को भाव विभोर कर दिया. जया किशोरी ने कहा कि बालक कृष्ण ने कई राक्षसों का वध किया. कथा के दौरान पूतना वध और सकटासुर का वध करने पर कथा स्थर राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा. इसके बाद जया किशोरी ने गोवर्धन पूजा व श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग सुनाई.उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बाल रुप में ही कई राक्षसों का वध किया था। पूतना राक्षसी थी जो सुदंर स्त्री का रूप लेकर भगवान को दूध पिला कर मारने आई थी परन्तु भगवान श्री कृष्ण ने उसका भी उद्दार किया । कथा में भगवान का नाम संस्कारण संस्कार, माखन चोरी की विस्तृत जानकारी दी। कथा वाचक जया किशोरी ने कहा कि भगवान भाव के प्रसन्न होते है निस्वार्थ भक्ति ही प्रभु को पसंद है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं के संगीतमय प्रसंगो पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बाल सखाओं के साथ गेंद से खेलते समय कालिया दहन, गोपियों के वस्त्रहरण और इंद्र को जब घमंड हो गया तो गोर्वधन पूजा कर इंद्र के मद को चूर किया और गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू की। जया किशोरी ने कहा कि जिस तरह माता यसोदा श्रीकृष्ण की हर छोटी-छोटी बात ध्यान से सुनती थीं. उसी तरह से सभी अभिभावक भी सुनें. बच्चों की बेकार की और छोटी-छोटी बातों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, अन्यथा बड़े होने पर वह आपसे बड़ी बड़ी बातों को छिपाएंगे. उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को समय दें। इससे पूर्व श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते हीं भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जयाकिशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनन्द किया। साहू परिवार ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना एवं आरती किया। अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं, राम नारायणं जानकी बल्लभम भजन के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ की गई।

श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उनके पुत्र रोहित उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सपत्नी, साहू परिवार से शैफाली साहू, अरुणा साहू, धीरज प्रसाद साहू, सरिता साहू, मनु साहू, राहुल साहू, संदीप साहू, भावना साहू, वंदना साहू, हर्षित साहू, रुचि साहू, राजश्री साहू, हंसा साहू, शेरी मुनी साहू, रितेश साहू, नवीन गुप्ता, दिनेश साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, दिल्ली से राजश्री कुमार, अजय महासेठ, शालिनी महासेठ रांची डॉ अनूप साहू, अशोक यादव, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल, राजेन्द्र खत्री, संदीप कुमार, अरुण राम, राहुल कुमार, बलवीर देव, देवाशीष कार, प्रवीण कुमार, संदीप मिश्रा, सरोज प्रजापति, दिनेश अग्रवाल, मनीष प्रसाद, विजय सिंह, पंकज जयसवाल, हिमांशु कुमार, जयप्रकाश शर्मा, मनोज जयसवाल, मनोज गुप्ता, सत्यपाल कुमार, श्रवण कुमार, भीम महतो, नवीन जयसवाल आसुतोष कुमार सहित शहर के भक्त जन उपस्थित थे।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा
E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in

### अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत प्रकाशित निविदा **Construction of High Level Bridge & Approach Road for Bridge over Kanhar River in Balchora Village in Dhurki Block. (Length of Approach Road 6.235 km.)** जिसका **e-Tender Reference No. RCD/GARHWA/854/2022-23** दिनांक 22.08.2022 **(PR 276173 (Road)22-23*D** को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 277413 (Road) 22-23 (D)

## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

### राजसात वाद संख्या– 02/2022

नोटिस बनाम्
गिरेन्द्र यादव पे0– अशर्फी यादव, वर्तमान पता– सेरनदाग, थाना– बालूमाथ, जिला– लातेहार,
स्थायी पता– सा0– कसमार, थाना– पांकी, जिला– पलामू। :– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से कोयला चोरी कर परिवहन करने के आरोप में पकड़े गये ट्रक पंजीयन संख्या – JH19A-6346 का राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार–बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 02.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.277388 Latehar(22-23):D

## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

### राजसात वाद संख्या– 14/2021

नोटिस बनाम्
अबुल सलाम, पिता– अबुल कलाम,
सा0– मस्जिद कॉलोनी, भुरकुण्डा,
थाना– भुरकुण्डा, जिला– रामगढ़। :– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से कोयला का परिवहन करने के आरोप में पकड़े गये ट्रक पंजीयन संख्या– JH02AW-3503 का राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार–बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 02.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 277387 Latehar (22-23)_D

## न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

### राजसात वाद संख्या– 15/2022

नोटिस बनाम्
श्रवण प्रसाद साहू, पे0– दशरथ साहू,
ग्राम– सेरक, थाना– चन्दवा, जिला– लातेहार।
:– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से कोयला चोरी कर परिवहन करने के आरोप में पकड़े गये हाईवा पंजीयन संख्या– JH19C-6381 का राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार–बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 02.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 277386 (Latehar) 22-23 (D)

# बजट तैयार करने की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू करेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सालाना बजट तैयार करने का काम 10 अक्टूबर से शुरू करेगा। मंत्रालय की बजट तैयार करने की यह प्रक्रिया घरेलू अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और विकसित देशों में मंदी की आशंका के बीच शुरू हो रही है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के बजट इकाई के बजट परिपत्र 2023-24 के मुताबिक व्यय सचिव की अध्यक्षता में बजट पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से शुरू होंगी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों को बजट पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अस्थायी तौर पर अंतिम रूप दिया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक बजट का संशोधित अनुमान (आरई) को लेकर बैठकें नवंबर, 2022 के मध्य तक जारी रहेंगी। वित्त वर्ष 2023-24 का बजट संसद के बजट सत्र के पहले चरण में एक फरवरी, 2023 को पेश किया जा सकता है। आमतौर पर संसद का बजट सत्र जनवरी के अंतिम हफ्ते से शुरू होता है। अगले वित्त वर्ष के बजट में उच्च महंगाई, मांग को गति देने, रोजगार सृजन तथा आठ फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर को बनाए रखने जैसे मुद्दों पर गौर करने की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले वित्त मंत्री ने कहा कि महंगाई के नीचे आने के साथ यह मुद्दा अब ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं रह गया है। सीतारमण ने कहा कि अब सरकार की प्राथमिकता रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को गति देना है। दरअसल, ये सरकार के दूसरे कार्यकाल और सीतारमण का पांचवां बजट होगा।

पत्रांक–285/दिनांक 08.09.2022
## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।
Email : principalitidtg@gmail.com

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में दिनांक–12.09.2022 (दिन सोमवार)** को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर Covid-19 के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मॉस्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।**

**नोटः–**अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य,
औ0प्र0सं0, डालटनगंज।

PR 277340 (District) 22-23 (D)

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114
email : principal.itigarhwa@gmail.com

### सत्र 2022–23–24 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1047 दिनांक 29/08/2022 के अनुपालन में, गढ़वा जिला में संचालित निम्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2022–23–24 में नामांकन हेतु निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, रॉची के द्वारा प्रथम एवं द्वितीय online counseling समाप्ति के उपरांत **रिक्त सीटों** के विरूद्ध जिला स्तरीय गठित कमिटि द्वारा निम्नलिखित व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों से अनुसूची– 'क' के अनुरूप हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र **दिनांक 19.09.2022 को शाम 5.00 बजे** तक **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हॉथों–हॉथ** द्वारा निम्न शर्त्तों के अनुरूप आमंत्रित किया जाता हैः–

| Sl. | Name of the ITI | Name of the Trade | NCVT | Duration |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt. ITI Garhwa | Fitter | NCVT | 2 Year |
| 2 | | Electronics Mechanic | NCVT | 2 Year |
| 3 | | MMV | NCVT | 2 Year |
| 4 | | Draughtsman Mechanic | NCVT | 2 Year |
| 5 | | Turner | NCVT | 2 Year |
| 6 | | Welder | NCVT | 1 Year |
| 7 | Govt. ITI , Bhandariya | Fitter | NCVT | 2 Year |
| 8 | Govt. ITI , Jhagratand | Welder | NCVT | 1 Year |
| 9 | | Mechanic Diesel | NCVT | 1 Year |
| 10 | Govt. ITI , Chiniya | Fitter | NCVT | 2 Year |

1. **शैक्षणिक योग्यता –** (क) सभी व्यवसायों के लिए प्रवेशिका (माध्यमिक/10 वॉं)/समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण (वेल्डर व्यवसाय के लिए न्युनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास)। नामांकन प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर नामांकन समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीट के आलोक में ओपेन बोर्ड प्रणाली द्वारा मैट्रिक के प्राप्तांक/मेरिट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जयेगा।
2. **आयु अहर्ता :–**
(क)– 01 जुलाई 2021 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
(ख)– सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष। आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि ही बैध होगी।
3. **शारीरिक योग्यता :–**
प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवारों को लिखित आश्वासन देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासन का पालन करेंगे। प्रशिक्षण समाप्त होने के पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नहीं करेंगे।
4. प्रवेश करने के समय प्रशिक्षणार्थियों को 500/- (पॉच सौ ) रूपये मात्र कौशन मनी (अवधान राशि) एवं ट्युशन फीस (For General and Bacward class रू0 40 एवं for ST/SC रू0 20 प्रतिमाह ) के दर से जमा करना होगा। अगर छात्रों द्वारा संस्थान का कोई सामान खो जाने या सामान को जानबुझ कर तोड़ दिये जाने पर उसकी कीमत कौशन मनी से काट ली जायेगी तथा अन्य उचित कार्रवाई की जायेगी। उत्तीर्ण करने के बाद छात्र एक वर्ष के अन्दर कौशन मनी वापस नहीं लेते हैं तो इसे जब्त कर लिया जायेगा और सरकारी खजाना में जमा कर दिया जायेगा। सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।
5. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/पिछडे वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग से नियमानुसार छात्रवृति मिल सकती है।**
6. **आरक्षण अहर्ता :–**
(क) आरक्षण का प्रावधान कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक – 14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434 रॉंची दिनांक 15.02.19 के अनुसार रहेगा।
(ख) मेरिट से चुने गये आरक्षित वर्ग के उम्मीवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध समायोजित नहीं किया जायेगा बल्कि खुली गुणा–गुण कोटि के 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध माना जायेगा।
(ग) प्रत्येक व्यवसाय में एक–एक सीट क्रमशः दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित है।
7. **आवासीय अहर्ता :– सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा, भंडरिया, झगड़ाटॉड एवं चिनिया** में वे ही उम्मीदवार नामांकन ले सकते हैं जो झारखण्ड राज्य के निवासी हैं या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं। झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाशा विभाग के पत्रांक संख्या–14/स्थानीय नीति –14–03/2016 का 4650, दिनांक 02 जून 2016 (संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.2016) में स्थानीय निवासी को परिभाशित किया गया है। उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. **जाति आधारित अहर्ता :–** नामांकन में झारखण्ड सरकार द्वारा लागू अद्यतन आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा। आरक्षित सीटों पर दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. **अनुलग्नक :–** (क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति ।
10. **आवेदन संबंधित सभी सूचना एवं आवेदन फार्म (अनुसूची "क") www.garhwa.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।**
11. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय– 19/09/2022** संध्या **5:00** बजे तक मान्य होंगे। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. नामांकन के लिये आवेदन किये सभी अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिये **दिनांक 21.09.2022 को 10:00 बजे पूर्वाहन् में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में उपरोक्त वर्णित सभी मूल प्रमाण पत्रों तथा छायाप्रति एवं छः पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**
13. **आवेदन पत्र भेजने का पता–**
**सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा, ग्राम– हॅसकेर, पोस्ट– सोह (झारखण्ड) पिन 822114**
14. **संपर्कः– सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये –**
**6202449186, 9973279454, 7903517097, 9110986060**

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा,

PR 277366 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)

### ईच्छा की अभिव्यक्ति से पूर्व Pre-Bid परिचर्चा हेतु "आमंत्रण सूचना"

लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड के खरकी पंचायत अवस्थित ग्राम बरनाग में बाँस हस्तशिल्प उद्योग केन्द्र की स्थापना हेतु उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, प्रशिक्षण एवं वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन अरैर रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जानी है। उक्त Expression of Interest के आमंत्रण से पूर्व इच्छुक प्रस्तावकों को दिनांक 16.09.2022 को अप0 12:30 बजे से समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में निर्धारित Pre-Bid परिचर्चा में भाग लेने हेतु आमन्त्रित किया जाता है।

उक्त Pre-Bid बैठक में इच्छुक अनुभवी प्रस्तावकों से बाँस हस्तशिल्प उद्योग केन्द्र की स्थापना हेतु लोहरदगा जिला में संभावना एवं उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, प्रशिक्षण एवं एक वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव पर परिचर्चा तथा उससे संबंधित Power Point Presentation एवं सुझाव प्राप्त किया जायेगा, जिसके आधार पर जिलास्तरीय क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत जिले में बाँस हस्तशिल्प उद्योग केन्द्र की स्थापना हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)" आमंत्रित की जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.277347 Lohardaga(22-23):D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार

### नामांकण की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1047 दिनांक– 29.08.2022 एवं पत्रांक–835 दिनांक–12.07.2022 के आलोक में झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित NCVT के अन्तर्गत संचालित शैक्षणिक सत्र 2022–23–2024 में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लातेहार में नामांकण हेतु ITI. Jharkhand.in राँची के द्वारा प्रथम एवं द्वितीय Online Councelling समाप्ति के उपरांत रिक्त सीटो के विरुद जिला स्तर पर गठित कमिटी के द्वारा निम्नलिखित व्यवसायों में प्रवेश के लिए योग्य इच्छुक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार उनुसूची – क के अनुसार हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र दिनांक–16.09.2022 से संध्या 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है।

**नमांकण हेतु व्यवसाय**

**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार**

| क्रमांक | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|
| 1 | सेविंग टेक्नोलॉजी | एक वर्ष |
| 2 | कोपा | एक वर्ष |

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआड़ाड**

| क्रमांक | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|
| 1 | फिटर | दो वर्ष |

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा**

| क्रमांक | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|
| 1 | फिटर | दो वर्ष |
| 2 | विद्युत | दो वर्ष |
| 3 | मेकेनिक डिजल | एक वर्ष |
| 4 | वेल्डर | एक वर्ष |

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह**

| क्रमांक | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|
| 1 | फिटर | दो वर्ष |
| 2 | विद्युत | दो वर्ष |

**नोट– ITI Jharkhand.inRanchi** के द्वारा **Second Councelling** में बचे रिक्त सीटों के आधार पर नामांकन की जायेगी। रिक्त सीटों की विवरणी **Second Councelling** में नामांकन होने के उपरांत दिनांक– 14.09.2022 को सूचना प्रकाशित की जायेगी।

01. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता– प्रवेश पाने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता DGT द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के समरुप होगा जो निम्न व्यवसायों के लिए निम्नवत है।
(क) आठवीं (8वीं) कक्षा परीक्षा का अंक प्रमाण पत्र तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जिससे अभ्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र अंकित हो (आठवीं (8वीं) कक्षा के आधार पर होने वाले साक्षत्कार के लिए) में उर्त्तीणता आवश्यक है। (केवल वेल्डर व्यवसाय के लिए )
(ख) दसवीं/माध्यमिक/समकक्ष का प्रवेश प्रमाण पत्र तथा उर्त्तीणता प्रमाण पत्र (दसवीं कक्षाके आधार पर होने वाले साक्षत्कार के लिए ) प्राप्त अंक के आधर पर नामांकण समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीटों के आलोक में Open Board प्रणाली द्वारा मैट्रीक के प्राप्तांक/मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

**02.. आयु आर्हत्ता–**
(क) 01.07.2022 को आयु न्युनतम 14 वर्ष एवं अधिकतम वर्ष के बीच होनी चाहिए।
(ख) शैन्य कार्यवाई मे मारे गये शैन्य कर्मियों के विधवाओ के माले मे अधिकतम आयु 45 वर्ष। आयु के निर्धारण के लिए केवल दसवीं/माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा के मूल/ औपबंधित प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि वैद्य होगी।

**03. शारीरिक योग्यता–**
**(क)** प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता होना चाहिए। उम्मीदवारों को लिखित आश्वासन देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासनका पालन करेंगे। प्रशिक्षण समाप्त होने के पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नही करेगें।

04. प्रवेश करने के समय प्रशिक्षणार्थियों को 500/– (पॉच सौ रुपये) मात्र कौसन मनी (अवधान राशि) के रुप मे जमा करना होगा। छात्रों द्वारा संस्थान का कोई भी सामान खे जाने या सामान को जान बुज कर तोड दिये जाने पर उसकी कीमत कौसन मनी से काट ली जायेगीतथा अन्य उचित कारवाई की जायेगी। उर्त्तीण होने के पश्चात छात्र एक वर्ष के अंदर कौसन मनी नहीं लेते है तो इसंज ब्त कर लिया जायेगा। और सरकारी खजाना मे जमा कर दिया जायेगा।

05. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछडा वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग से नियमानुसार छात्रवृति मिल सकती है।

**06. स्थानिय अर्हता–**
झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) (Sub DivisionalOfficer (Civil) या उपायुक्त (Depty Commisioner) द्वारा झारखंड सरकार के कर्मिक प्रसासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के अधिसूचना ज्ञापांक 707/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का0 3198, दिनांक–02.06.2016 एवं पत्रांक– 14/विविध 15–22/2019 का0 5752, दिनांक– 19.07.2019 में स्थानीय निवासी के अंर्तगत विहित प्रपत्र मे जारी स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (सभी अभ्यर्थियों के द्वारा )

**07 आरक्षण हेतु जाति आधारित अर्हता–**
**(क)** झारखंड सरकार के कर्मिक प्रसासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–14/जा0नि0–03–13/2015/ का0–1754 दिनांक 20.02.2019 के अंर्तगत विहित पत्र के झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) (Sub DivisionalOfficer (Civil) या उपायुक्त (Depty Commisioner) द्वारा जाति प्रमाण पत्र (आरक्षण लाभ लेने हेतु) मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
**(ख)** अत्यंत पिछडा वर्ग (अनुसूचि–01) तथ पिछडा वर्ग (अनुसूचि–02) के अभ्यर्थियों को कर्मिक प्रसासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–14/जा0नि0–03–13/2015/ का0–1754 दिनांक 20.02.2019 के आलोक में "कीमी" अवधारणा के समावेश संबंधित प्रपत्र में ही जाति प्रमाण पत्र भारित (Upload) करना अनिवार्य होगा। अत्यंत पिछडा वर्ग (अनुसूचि–01) तथ पिछडा वर्ग (अनुसूचि–02) के अभ्यर्थिया जो "कीमी" लेयर के अन्तर्गत नहीं आते है उन्हे ही आरक्षण का लाभ देय होगा।
**(ग)** EWS कोटी के अर्न्तगत आरक्षण लाभ लेने हेतु झारखण्ड राज्य के अर्न्तगत अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) (Sub DivisionalOfficer (Civil) या उपायुक्त (Depty Commisioner) द्वारा विहित प्रपत्र मे निर्गत आय एवं सम्पति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
**(घ)** दिव्यांग अभ्यर्थियों को चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा निर्गत तथा चिकित्सा अधिक्षक –मुख्य चिकित्सा अधिकारी/अस्पताल के मुखिया द्वारा प्रति हस्ताक्षरित निःशक्तता प्रमाण पत्र (दिव्यांग कोटा के अंतरर्गत आरक्षण का लाभ लेने हेतु ) की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
**(ड.)** समक्ष सैन्य अधिकारी द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण पत्र/(सेवारत सैन्य कर्मियों/ अधिकारियों के लिए) या जिला सैनिक परिषद द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण पत्र/सेवा मुक्ति प्रमाण पत्र पेंशन बुक (सेवा निवृत सैन्य कर्मियों के लिए)/ प्रथामिकता क्रम के अनुसार निर्गत प्रमाण पत्र (सैनिक कर्मचारी कोटा के अंतर्गत आरक्षण लाभ लेने हेतु) की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
**(च)** आरक्षण का प्रावधान कर्मिक, प्रसासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, के रॉची के संकल्प संख्या 2020 दिनांक–09.04.2010 (जिला आरक्षण रोस्टर) एवं ज्ञापांक–14/आ0नी0 04.02.2019 का0 1434/रॉची दिनांक–15.02.2019 का अनुपालन किया जायेगा।

08. (क) मेरिट मे चुने गये आरक्षित वर्ग के उम्मिदवारें को आरक्षित सीटों के विरुध समायोजित नही किया जायेगा। बल्कि खुलि गुणा–गुण कोटि के 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरुध माना जायेगा।
**(ख)** प्रत्येक व्यवसाय में एक–एक सीट क्रमशः दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आतक्षित है।

**09. अनुलग्नक– आवेदन पत्र के साथ–**
**(क)** प्रवेशिका अंक पत्र का छाया प्रति स्वअभिप्रमाणित।
**(ख)** कंडिका 6 मे वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति स्वअभिप्रमाणित।
**(ग)** आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10 वॉं समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण पत्र
**(घ)** जाति प्रमाण पत्र की अद्यतन छाया प्रति स्वअभिप्रमाणित।
**(ड.)** समक्ष पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांग प्रमाण पत्र (दिव्यांग कोटि के लिए) की छाया प्रति स्वअभिप्रमाणित।
**(च)** जिला सैनिक परिषद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की छाया प्रति स्वअभिप्रमाणित।
**(छ)** एक स्वपता लिखित लिफाफा।

10. आवेदन अपना पूर्ण भरा आवेदन पत्र निबंधन डाक/स्पीड पोस्ट एवं हाथों–हाथ के माध्यम से जिला स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दिनांक–16.09.2022 के अपराहन् 5:00 बजे तक प्राप्त किया जायेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। विभिन्न जानकारी के लिए मो0 9955617616 , 8521941154 , 7909019428 से संम्पर्क कर पुर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

11. प्रवेश करने हेतु नामांकन फार्म अनुसूचि क वेबसाईट–**www.prdjharkhand.in** पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
लातेहार

PR.NO.277337 Labour Employment and Traning(22-23):D

सम्पादक की कलम से...

# राज्य में राजनीतिक संभावनायें

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधायकी भले चली जाये, लेकिन उन्होंने विधानसभा में एक बार फिर विश्वास मत का प्रदर्शन कर एक नया इतिहास बना दिया है। पिछले दिनों विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही के जरिये सोरेन यह संदेश देने में कामयाब रहे हैं कि यह पूर्ण बहुमत की सरकार है और अगर इसे अस्थिर किया जाता है तो यह लोकतांत्रिक जनादेश का अपमान होगा। हालांकि विश्वास मत के इस प्रदर्शन से हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर लटक रही तलवार का खतरा कतई टला नहीं है। यह खबर आम है कि मुख्यमंत्री रहते हुए अपने नाम पत्थर खदान की लीज लेने के मामले में चुनाव आयोग ने उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश राज्यपाल को भेजी है। राज्यपाल गुरूवार को रांची वापस दिल्ली से लौट आये हैं। इस प्रकार सभी की निगाहें एक बार फिर राजभवन पर आकर टिक गयी हैं। सस्पेंस इस बात पर है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर राज्यपाल का फैसला क्या आता है। चुनाव आयोग की सिफारिश की चिट्ठी राजभवन में पिछले 25 अगस्त को पहुंची है और इस पर राज्यपाल का स्टैंड सामने नहीं आया है। नियमों के जानकार कहते हैं कि चुनाव आयोग की सिफारिश मानने को राज्यपाल बाध्य हैं। यानी हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता जानी तय है। सूत्रों के मुताबिक पेंच इस बिंदु पर फंस रहा है कि विधायकी गंवाने के बाद हेमंत सोरेन दुबारा विधानसभा का चुनाव या उपचुनाव लड़ने के लिए योग्य माने जायेंगे या नहीं? संभावना जताई जा रही है कि राज्यपाल इसी बिंदु पर विधि विशेषज्ञों से विमर्श कर रहे हैं और इसी वजह से उनके फैसले में देर हो रही है। पिछले कई दिनों में हेमंत सोरेन और उनकी सत्ता के रणनीतिकारों को भी इस बात का अहसास हो चुका है कि राज्यपाल का आदेश उनके प्रतिकूल आने वाला है। इसलिए इस खेमे ने हर परिस्थिति के लिए रणनीति तैयार कर ली है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत का प्रदर्शन करना उनकी रणनीति का पहला बड़ा कदम था राज्यपाल का जो आदेश आयेगा, उससे दो तरह की स्थितियां संभावित हैं। पहली यह कि उनकी विधायकी चली जाये, पर आगे चुनाव लड़ने पर रोक न लगे। ऐसी स्थिति में हेमंत सोरेन को विधायकी गंवाते ही सीएम पद से इस्तीफा तो देना ही पड़ेगा, लेकिन वह इसके कुछ ही देर बाद बहुमत वाले गठबंधन के नेता के तौर दुबारे सरकार बनाने का दावा पेश करेंग। सांवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, वह छह महीने तक विधायकी के बिना भी मुख्यमंत्री पद पर रह सकेंगे। उनके इस्तीफे से खाली होने वाली बरहेट विधानसभा सीट पर चुनाव आयोग को छह महीने के अंदर उपचुनाव कराना होगा और तब वह फिर इसी सीट से या किसी अन्य की खाली की गई सीट से जीतकर वापस विधानसभा के सदस्य बन सकते हैं। हां, अगर उपचुनाव में हार गये तो उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी ही स्थिति में उनके पिता शिबू सोरेन को 2009 में तमाड़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पराजित होने के कारण सीएम की कुर्सी गंवानी पड़ी थी। राज्यपाल के संभावित आदेश से दूसरी स्थिति यह बन सकती है कि उनकी विधायकी खत्म होने के साथ आगे कुछ वक्त के लिए चुनाव लड़ने के लिए वह डिबार कर दिये जायें। इस स्थिति में हेमंत सोरेन की जगह मुख्यमंत्री के रूप में मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन से कोई दूसरा चेहरा सामने आ सकता है। ऐसे में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, उनके पिता शिबू सोरेन, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मौजूदा सरकार में मंत्री चंपई सोरेन, जोबा मांझी आदि के नाम विकल्प के तौर पर चर्चा में हैं। अब देखना है कि आगे-आगे होता है क्या?

## आज का इतिहास

**2004 :** सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक की लांचिंग हुई।
**2006 :** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान के परमाणु हथियार बनाये जाने के मामले को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भेजा।
**2007 :** अमेरिकी पूर्व उपराष्ट्रपति अलगोर को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण पुरस्कार मिला।
**2014 :** सत्या नाडेला विश्व की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए गए हैं।
**1760 :** सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को पराजित किया।
**1815 :** स्विटजरलैंड में विश्व का पहला पनीर उत्पादन कारखाना खोला गया।
**1816 :** 'नामधारी संप्रदाय' के संस्थापक राम सिंह का जन्?म ।
**1915 :** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान स्वेज नहर पर जर्मनी और उसमानी शासन की संयुक्त सेनाओं ने मिलकर हमला किया।
**1916 :** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरूआत हुआ।
**1925 :** मुम्बई से कुर्ला के बीच भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा शुरू।
**1938 :** मशहूर कथक नर्तक बिरजू महाराज का जन्म।
**1948 :** श्रीलंका को ब्रिटिश शासन से मुक्ति मिली।
**1965 :** अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
**1976 :** अमेरिकी देशों ग्वाटेमाला और होंडुरस में आये भीषण भूकंप में 22000 लोगों की मौत हुई।
**1978 :** जूलियस जयवर्धने ने श्रीलंका के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
**1990 :** केरल के एनार्कुलम ज़िले को पूर्ण साक्षर ज़िला घोषित किया।
**1994 :** अमेरिका ने वियतनाम के विरुद्ध लगाये गए व्यापारिक प्रतिबंध हटाये।
**1996 :** दक्षिण-पश्चिमी नेपाल के लुम्बिनी में उस वृक्ष का पता चला, जहाँ भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।
**1998 :** अफगानिस्तान में आये भीषण भूकंप में 4000 से अधिक लोगों की मौत।

# भारत-ब्रिटेन संबंधों की नई दिशा

> ब्रिटेन में इस वर्ष मुद्रास्फीति नौ फीसद से आगे निकल गई है। नई प्रधानमंत्री को मांग और आपूर्ति में पैदा हुआ असंतुलन दूर कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें नियंत्रित करना होगा। कर वृद्धि को लेकर लोग कंजरवेटिव पार्टी की नीतियों से नाराज हैं। बोरिस जानसन के इस्तीफे का एक प्रमुख कारण यह भी था। उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय बीमा में योगदान को सवा फीसद तक बढ़ा कर कंजरवेटिव पार्टी की सरकार ने दावा किया था कि करों में वृद्धि स्वास्थ्य और सामाजिक देखरेख के क्षेत्र में लगाई जायेगी। लेबर पार्टी का कहना है कि कंजर्वेटिव सरकार द्वारा कामकाजी लोगों पर कर लागत बढ़ाया जाना, जीवन-यापन की चुनौतियों बढ़ाना है।

भारत व ब्रिटेन दुनिया की अग्रणी व तेजी से बढ़ती आर्थिक शक्तियों में शुमार हैं। ऐसे में लिज ट्रस की निगाहें भारत पर केंद्रित रहेंगी। इस बात की पूरी संभावना है कि लिज ट्रस भारत से होने वाले मुक्त बाजार समझौते को तुरंत हरी झंडी दे दें। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है, लेकिन इसमें वृद्धि के स्थान पर गिरावट आई है। ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने करीब एक दशक पहले एक किताब लिखी थी 'ब्रिटैनिया अनचेंज्ड'। उसमें उन्होंने ब्रिटेन की मजबूती के लिए क्रांतिकारी बदलाव लाने और मुक्त बाजार की परिकल्पना की थी। उसके बाद लिज ट्रस को ब्रिटेन में संभावनाओं वाली नेता के रूप में पहचान मिली और अंततः उन पर कंजरवेटिव पार्टी ने भी भरोसा जताया। मगर जिस दौर में उन्होंने देश की कमान संभाली है, उनका आगे का रास्ता बेहद चुनौतीपूर्ण नजर आता है। करीब पौने सात करोड़ आबादी वाले इस देश में प्रवासियों की संख्या अच्छी-खासी है और ब्रिटिश नागरिक बाहर से आए नागरिकों को लेकर आशंकित रहने लगे हैं। यूरोपियन यूनियन से अलग होने का एक कारण यह भी था कि ब्रिटेन के लोग आप्रवासन से उपजी परिस्थितियों को लेकर बैचेन हो रहे थे। ब्रेक्जिट से जनता खुश तो है, लेकिन आर्थिक समस्याओं में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। लिज ट्रस ने लोगों की आर्थिक नीतियों पर नाराजगी दूर करने के साथ ही 2025 में होने वाले आम चुनावों में कंजरवेटिव पार्टी को जीत दिलाने का भरोसा भी दिलाया है। ब्रिटेन में इस वर्ष मुद्रास्फीति नौ फीसद से आगे निकल गई है। नई प्रधानमंत्री को मांग और आपूर्ति में पैदा हुआ असंतुलन दूर कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें नियंत्रित करना होगा। कर वृद्धि को लेकर लोग कंजरवेटिव पार्टी की नीतियों से नाराज हैं। बोरिस जानसन के इस्तीफे का एक प्रमुख कारण यह भी था। उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय बीमा में योगदान को सवा फीसद तक बढ़ा कर कंजरवेटिव पार्टी की सरकार ने दावा किया था कि करों में वृद्धि स्वास्थ्य और सामाजिक देखरेख के क्षेत्र में लगाई जायेगी। लेबर पार्टी का कहना है कि कंजर्वेटिव सरकार द्वारा कामकाजी लोगों पर कर लागत बढ़ाया जाना, जीवन-यापन की चुनौतियों बढ़ाना है। ब्रिटेन में बढ़ती महंगाई के कारण लोगों के पास अतिरिक्त पैसे नहीं हैं, वहीं यूरोप में जंग छिड़ी है और महामारी के प्रकोप से देश अब भी बाहर नहीं निकल पाया है। ब्रेक्जिट का असर देश में बड़ा मुद्दा है और 2025 में होने वाले आम चुनावों के पहले जनता को संतुष्ट करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। इन सबके बीच सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी की लोकप्रियता में लगातार कमी आई है और वह विपक्षी लेबर पार्टी से पीछे नजर आ रही है। लिज ट्रस को कर कम करने के लिए व्यापारिक भागीदारी बढ़ानी पड़ेगी। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर अवसर है। यूरोप में व्यापार करने के लिए भारतीय ब्रिटेन को द्वार समझते हैं, इसलिए अधिकांश भारतीय व्यापारियों ने ब्रिटेन को ठिकाना बनाया हुआ है। भारत के लिहाज से ब्रिटेन का परिवर्तन बेहद दिलचस्प है, क्योंकि पड़ोसी आर्थिक शक्तियों को लेकर इन दोनों देशों में समानता दिखाई पड़ती है। ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर हो गया है, जबकि भारत ने भी चीन-केंद्रित क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी में शामिल होने से इनकार कर नये रास्ते खोजने की ओर तेजी से कदम बढ़ाये हैं। भारत व ब्रिटेन दुनिया की अग्रणी और तेजी से बढ़ती आर्थिक शक्तियों में शुमार हैं। ऐसे में लिज ट्रस की निगाहें भारत पर केंद्रित रहेंगी। इस बात की पूरी संभावना है कि लिज ट्रस भारत से होने वाले मुक्त बाजार समझौते को तुरंत हरी झंडी दे दें। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है, लेकिन इसमें वृद्धि के स्थान पर गिरावट आई है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की अहम भूमिका है। भारत की कई कंपनियां ब्रिटेन में काम कर रही हैं और इससे लाखों रोजगार जुड़े हुए हैं। उच्च शिक्षा की दृष्टि से भारतीय छात्रों के लिए ब्रिटेन पसंदीदा देश है। दोनों देशों के आपसी संबंधों की मजबूती में वहां रह रहे करीब पंद्रह लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। भारत से संबंधों को मजबूत करके लिज दोहरा लाभ उठा सकती हैं।

■ ब्रह्मदीप अलूने

# फेंकूलाल वाईटी प्रोफेशनल

आज सहायता के लिए हाथ बढ़ाने वालों को बेवकूफ व बकरा बनाने वालों को महान माना जाता है। बात यह है कि हमारे पड़ोस में फेंकूलाल रहते हैं। घर में कार है, फिर भी बेकार चल रहे हैं। वह क्या है न कि पेट्रोल भैया महंगाई के आसमान पर ऐसे जा बैठे हैं, जैसे वही उनका स्थाई पता हो। कई दिन हुए फेंकूलाल या उनके घरवाले गली-मोहल्ले में दिखाई नहीं दिये। वैसे भी ज्यादा दिखने वाले को समाज ओछी नजर से देखता है। हूँ तो मैं उनका पड़ोसी। किंतु जरूरत पड़ने पर ही उनके पास जाता हूँ। भैया मैंने तो दुनियादारी का यही अर्थ गढ़ लिया है। वैसे मुझे समाज की ज्यादा चिंता नहीं है। चिंता इस बात की है कि कभी चीनी खत्म हो गई या फिर आटा कम पड़ जाए तो देने वाला तो कोई होना चाहिए। इसलिए बीच-बीच में फेंकूलाल की खबर लेता रहता हूँ। फेंकूलाल के घर के भीतर घुसने ही वाला था कि नया नेम प्लेट देखकर दंग रह गया। मकान का नाम वीडियो निवास और मालिक के नाम पर फेंकूलाल, वाईटी प्रोफेशनल लिखा था। देखकर अजरज हुआ। डोर बेल दबाने पर - टिंग-टांग की जगह पर लाइक, कामेंट, शेयर एंड सब्सक्राइब की आवाज आ रही थी। फेंकूलाल ने खुद दरवाजा खोला। मैं कुछ कहता उससे पहले वे ही बोल पड़े। पूछा, नेमप्लेट कैसा लगा। प्लेट तो सबके होते हैं लेकिन ऐसे नेम सबके नहीं होते। मैंने मकान का नाम फेंकूलाल-जानकी निवास से बदलकर वीडियो निवास इसलिए कर दिया कि हमारे नाम से कोई कमाई नहीं हो रही थी। अब तो हमारी सारी कमाई वीडियो बनाने और अपलोड करने से हो रही है। इसलिए घर की दीवारें, पंखा, फर्श सब कुछ लाल रंग से पुतवा दिया है। उस पर सफेद रंग के तिकोने बनवा दिये हैं। मुझे समझते देर नहीं लगी कि यह सब चुड़ैल यूट्यूब का किया धराया है। यहाँ तक कि फेंकूलाल ने लाल कमीज पर सफेद तिकोनों की कढ़ाई करवा ली है। कारण पूछने पर बताया कि मैं आईटी प्रोफेशनल बनते-बनते रह गया। इसकी भरपाई वाईटी यानी यूट्यूब प्रोफेशनल बनकर कर रहा हूँ। मैंने देखा घर बड़ा शांत है। लगा घर पर फेंकूलाल के सिवाय कोई दूसरा नही है। पूछने पर पता चला कि सभी घर पर हैं। सब अपने-अपने कमरों के पिंजड़ों में बंद होकर अपनी-अपनी कमाई की कलाकारी दिखा रहे हैं। पत्नी पति को चाय पूछे न पूछे दुनिया भर को अपनी रेसिपी यूट्यूब पर खिला रही है। आज रसोई में बैंगन की रेसिपी बना रही है। इसे शूटिंग करने के लिए कैमरामेन कंधे पर कैमरा रखे उनकी कलाकारी को कैद कर रहा है। लड़की ब्यूटी पार्लर के सारे सामान अपने मुँह पर पोते खुद तो चुड़ैल लेकिन औरों को खूबसूरत दिखने के नुस्खे सिखा रही है। कुछ दिन पहले तक फेंकूलाल का बेटा नए जूतों के लिए उनकी चप्पलें घिसवाता था। लेकिन अब वह हर हफ्ते नये जूते खरीदता है। पहनता है। चलकर-बैठकर-उठकर दिखाता है। यह सब यूट्यूब में अपलोड करता है। इस तरह परिवार के सभी सदस्य एक-दूसरे को आमने-सामने कम यूट्यूब में ज्यादा देखते हैं। इसी से उनकी कमाई होती है। मुझे लगा कि फेंकूलाल भी यूट्यूब का कोई चैनल चला रहा है। किंतु उनके यह कहने पर मेरा भ्रम दूर हो गया कि हमें सभी को लाइक करना चाहिए। सभी के लिए अच्छे-अच्छे कमेंट करना चाहिए। उनकी अच्छाइयों को शेयर करते रहना चाहिए। यह सब चीजें बार-बार मिले इसके लिए सब्सक्राइब करना चाहिए। हम क्या लेकर आये थे और क्या लेकर जायेंगे। इसलिए लाइक, कमेंट, शेयर और सब्सक्राइब करना मत भूलो। यही हमारे जाने के बाद लोगों को याद रहता है। मैं अब तक समझता था कि एलआईसी एजेंट जीते जी स्वर्ग दिखाने का हुनर रखते हैं, किंतु फेंकूलाल को देखने के बाद मुझे एलआईसी एजेंट बेहतर लगने लगे।

# भाजपा व कांग्रेस के बीच है जो अंतर

साल 1967 में जाने-माने राजनीतिक विज्ञानी डब्ल्यू एच मॉरिस जोन्स भोपाल के कांग्रेस दफ्तर में यह शोध करने के लिए पहुंचे थे कि पार्टी आखिर इस कदर कैसे लोगों से जुड़ी हुई है? वहां काम में तल्लीन एक कर्मठ कार्यकर्ता ने कोई जवाब देने से इनकार करते हुए कहा कि वह काफी 'व्यस्त' हैं। जब मॉरिस जोन्स अपने सवाल पर अड़े रहे, तब उसने कहा, 'मैं पार्टी के लिए काम करता हूं और इसमें कोई भी दखल नहीं दे सकता।' मॉरिस जोन्स ने बाद में लिखा कि इस मुलाकात ने उनकी 'आंखें' खोल दीं। वह लिखते हैं, 'धूल धूसरित कांग्रेस ऑफिस में उनके (उस कार्यकर्ता के) जैसे कई कार्यकर्ता हैं, जो एक खास मकसद के लिए समर्पित हैं। पार्टी के ऐसे कार्यकर्ता महात्मा गांधी के उस आह्वान को जी रहे हैं, जिसमें उन्होंने सेवा करने की बात कही है।' आज, ऐसे समर्पित कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के दफ्तरों में देखे जा सकते हैं। उसकी तुलना में कांग्रेस में ऐसे कर्मठ सदस्यों को ढूंढना अब ज्यादा कठिन है। स्थिति यह है कि अगले महीने कांग्रेस पार्टी अपना नया अध्यक्ष चुनने जा रही है, पर कुछ असंतुष्ट नेताओं का विद्रोह और उनकी यह मांग सुर्खियों में है कि मतदाता सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए। हालांकि, इन खबरों पर ध्यान न दें, तब भी 2014 के बाद नरेंद्र मोदी की नई भाजपा और नेहरू-गांधी परिवार की कांग्रेस में काडर-निर्माण और पार्टी ढांचे में काफी ज्यादा अंतर है। और ये ऐसे अंतर हैं, जिन पर कांग्रेस के अगले अध्यक्ष को संजीदगी से ध्यान देना चाहिए। आजादी से पूर्व महात्मा गांधी, वल्लभभाई पटेल व जवाहरलाल नेहरू ने जिला-दर-जिला एक मजबूत जमीनी ढांचे के साथ कांग्रेस को खड़ा किया था। जमीनी कार्यकर्ताओं का यह साथ कांग्रेस को तब भी मिला, जब साल 1969 में पार्टी में टूट हुई और के कामराज व मोरारजी देसाई जैसे मजबूत क्षत्रपों के बजाय जड़हीन नेतृत्व को तवज्जो देना शुरू किया गया। यहां तक कि 1990 के दशक में हिंदुत्व के उभार और मंडल पार्टियों के जन्म के वक्त भी प्रतिबद्ध कार्यकर्ता कांग्रेस में देखे जाते रहे, पर पिछले दो दशकों में जिला स्तरीय यह ढांचा कमोबेश खत्म हो गया है। साल 2009 के आम चुनाव में 170 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे, जबकि 71 सीटों पर कांग्रेस को यह गति देखनी पड़ी थी। मगर 2019 में सिर्फ 51 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई, जबकि 148 सीटों पर कांग्रेसी प्रत्याशियों की। इसका अर्थ है कि महज एक दशक में देश के संसदीय मानचित्र के करीब एक तिहाई हिस्से में कांग्रेस चुनावी रूप से अप्रासंगिक हो गई थी। इसी तरह, 2014 और 2019 के बीच मोदी के नेतृत्व में भाजपा पांच गुना बढ़कर 17.4 करोड़ कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बन गई, जो संख्या-बल में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से करीब दोगुनी थी। मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने अंदरूनी ढांचे में जो बदलाव किये, वे इस सोच से प्रेरित थे कि चुनाव तभी जीते जा सकते हैं, जब वोटिंग बूथ पर जीत मिलेगी। भारत में 10,35,000 मतदान केंद्र हैं। भाजपा का दावा है कि 2014 और 2019 के बीच उसने इनमें से 83 फीसदी बूथों पर समितियां गठित की हैं। यह न सिर्फ उसे जमीन पर मजबूत बनाता है, बल्कि उन समर्थकों को भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए उत्साहित करता है, जो किसी कारणवश उलझन में रहते हैं। भाजपा ने प्रबंधन के मोर्चे पर मोबाइल फोन नंबर, वन-टाइम पासवर्ड और वाट्सएप के साथ नई तकनीक अपनाकर भी अहम बदलाव किये। कांग्रेस ने भी 1 नवंबर, 2021 से अपने डिजिटल सदस्यता अभियान की शुरूआत की, जिसके जरिये 2.6 करोड़ सदस्यों को जोड़ने का दावा किया गया। काडर प्रबंधन के लिए उसने 2019 के चुनाव से पहले 'शक्ति' एप का भी उपयोग किया, पर उसका यह प्रयोग विफल साबित हुआ। दरअसल, तकनीक अपने दम पर अकेले कुछ नहीं कर सकती। भाजपा के लिए तकनीक इसलिए सहायक साबित हुई, क्योंकि जमीनी स्तर पर पार्टी ने खुद को नये सिरे से तैयार किया और निगरानी तंत्र भी विकसित किये हैं। भाजपा इसलिए भी बढ़ रही है, क्योंकि सत्ता ने उसे मध्य भारत में सक्रिय व जनाकांक्षा की पार्टी बना दिया है। जब उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जो कभी लोकसभा में बसपा के उप-नेता थे, 2017 में भाजपा में शामिल हुए, तब एक पत्रकार से उन्होंने कहा, 'एक नेता का औसत करियर 20 साल का होता है।'

■ नलिन मेहता

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- हे राजन्! किसी समय शंकरजीने उस दानव रक्तबीजको यह बड़ा ही अद्भुत वर दे डाला था, मैं उसे बता रहा हूं; आप सुनिये।।1।।

उस दानवके शरीरसे जब रक्तकी बूंद पृथ्वीपर गिरती थी, तब उसीके रूप तथा पराक्रमवाले दानव तुरंत उत्पन्न हो जाते थे। भगवान् शंकरने उसे यह बड़ा अद्भुत वर दे दिया था कि तुम्हारे रक्तसे असंख्य महान् पराक्रमी दानव उत्पन्न हो जायंगे।।2-3।।

उस वरदानके कारण अभिमानमें भरा हुआ वह दैत्य अत्यन्त कुपित होकर कालिकासेत अम्बिकाको मारनेके लिये बेड़ वेगसे रणभूमिमें पहुंचा।।4।।

गरूडपर विराजमान वैष्णवी शक्तिको देखकर उस दैत्येन्द्रने उन कमलनयनी देवीपर शक्ति (बर्छी)- से प्रहार कर दिया।।5।।

तब उस शक्तिशालिनी वैष्णवी शक्तिने अपनी गदासे उस प्रहारके विफल कर दिया और अपने चक्रसे महान् असुर रक्तबीजपर आघात किया।।6।।

उस चक्रके लगनेपर रक्तबीजके घायल शरीरसे रक्तकी विशाल धारा बह चली मानो वज्रनप्रहारसे घायल पर्वतके शिखरसे गेरूकी धारा बह चली हो।।7।।

पृथ्वीतलपर जहां-जहां रक्तकी बूंदें गिरती थीं, वहां-वहां उसीके समान आकारवाले हजारों पुरूष उत्पन्न हो जाते थे।।8।।

तदनन्तर इन्द्रकी शक्ति ऐन्द्रीने क्रोधमें भरकर उस महान् असुर रक्तबीजपर बज्रसे आघात किया, जिससे उसके शरीरसे और रक्त निकलने लगा।।9।।

तब उसके रक्तसे अनेक रक्तबीज उत्पन्न हो गये, जो उसीके समान पराक्रमी तथा आकारवाले थे। वे सब-के-सब सस्त्रसम्पन्न तथा युद्धोन्मत्त थे।।10।।

ब्रह्माणीने कुपित होकर उसे ब्रह्मदण्डसे बहुत मारा और देवी माहेश्वरी अपने त्रिशूलसे उस दानवको विदीर्ण कर दिया। देवी नारसिंहीने अपने नखोंके प्रहारोंसे उस महान् असुरको बांध डाला, देवी वाराहीने क्रुद्ध होकर उस अधम राक्षसको अपने तुण्डप्रहारसे चोट पहुंचायी और भगवती कौमारीने अपनी शक्तिसे उसके वक्षपर प्रहार किया।।11-12।।

तब वह दानव रक्तबीज भी क्रुद्ध होकर अलग-अलग उन सभी देवियोंको तीखे बाणोंकी घोर वर्षा तथा गदा और शक्तिके प्रहारसे चोट पहुंचाने लगा। उसके आघातसे कुपित होकर सभी देवियोंने बाणोंके प्रहारसे उसको बांध डाला। भगवती चण्डिकाने मारने लगीं।।13-14।।

अब उसके शरीरसे अत्यधिक रक्त निकलने लगा। उस रक्तसे उसी रक्तबीज के समान हजारों वीर उत्पन्न हो गये। इस प्रकार उस रूधिर-शशिसे उत्पन्न रक्तबीजोंसे सारा जगत् भर गया; वे सब कवच पहने हुए थे, आयुधोंसे सुसज्जित थे और अद्भुत युद्ध कर रहे थे।।15-17।।

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# दुर्व्यवहार का प्रयोग न करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

■ शिवम कुमार मेदिनीनगर।

# ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री पर देश को उबारने का दारोमदार

सत्ता एक अजीब जानवर की तरह है; काबू में रहने पर सत्ता आपको असीमित सुविधा-सहूलियत देती है, पर जिस क्षण यह आपको छोड़ जाती है, आप तत्काल अर्श से फर्श पर आ जाते हैं। जिस पल ब्रिटिश नेता बोरिस जॉनसन ने जुलाई में कंजरवेटिव पार्टी के नेता के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया, वह एक तरह से गायब ही हो गये। हालांकि, वह उत्तराधिकारी चुने जाने तक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहे, पर उनकी शक्ति समाप्त हो गई थी। खैर, अब उनकी जगह को लिज ट्रस ने हफ्तों के कड़े संघर्ष के बाद भर दिया है। अब वह ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री हैं। बढ़ती उम्र वाली राजशाही से नई प्रधानमंत्री को समन्वय बिठाना होगा। अभी न केवल उनकी पार्टी विभाजित है, बल्कि देश को भी दिशा देने की जरूरत है। एक हद तक जॉनसन के कुशासन और अनुशासन की कमी से भी उन्हें सीखना होगा। मार्गरेट थैचर की साल 1987 की चुनावी जीत के बाद से बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में ही कंजरवेटिव्स को 2019 में सबसे बड़ा राजनीतिक जनादेश प्राप्त हुआ था। जॉनसन जनादेश को एक प्रभावी शासन एजेंडे में तब्दील नहीं कर सके और एक संकट से दूसरे संकट में उलझते चले गये। अब उनकी उत्तराधिकारी ट्रस को पार्टी के अंदर और बाहर उथल-पुथल से जूझना होगा। ट्रस से पराजित हुए ऋषि सुनक को वास्तव में टोरी के अधिकांश सांसदों का समर्थन प्राप्त था, पर वह टोरी के उन 1,60,000 सदस्यों के बीच विश्वास पैदा नहीं कर सके। ट्रस ने खुद को थैचर की स्वयंभू उत्तराधिकारी के रूप में पेश कर मैदान मार लिया, लेकिन वह लिबरल डेमोक्रेट भी रह चुकी हैं। डेमोक्रेट कभी राजशाही को खत्म करना चाहते थे और यूरोपीय संघ में भी रहना चाहते थे, इसलिए पारंपरिक टोरी उनकी क्षमता पर संदेह करते हैं। ट्रस के सामने चुनौती होगी कि वह नेतृत्व के लिए हुई भीषण लड़ाई के बाद पार्टी को एक साथ लाएं। सुनक ने पहले ही साफ कर दिया था कि आर्थिक नीति पर झूठे वादे करके जीतने के बजाय वह नेतृत्व की लड़ाई को हारना पसंद करेंगे। वहां आर्थिक चुनौती केंद्र में रहेगी। ब्रिटिश अर्थव्यवस्था 10 प्रतिशत से ऊपर चल रही मुद्रास्फीति के साथ अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। ब्रिटिश पाउंड अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर पर है। आने वाले महीने में ब्रिटिश अर्थव्यवस्था के मंदी में प्रवेश करने के संकेतों के बीच ट्रस ने सत्ता संभालने के एक सप्ताह के भीतर मदद पहुंचाने का वादा किया है। बढ़ती मुद्रास्फीति को संभालने के लिए ऊर्जा खर्च पर लगाम लगाने की भी तैयारी है। नई ब्रिटिश प्रधानमंत्री टैक्स में कटौती करके अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की इच्छुक हो सकती हैं, पर खतरा यह है कि इससे महंगाई बढ़ सकती है। सड़कों पर व्यवसाय व आजीविका को बचाने के लिए जो मांग हो रही है, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सामाजिक अशांति की आशंका भी अधिक है, क्योंकि आर्थिक संकट एक बड़े सामाजिक संकट में बदल जाता है। आश्चर्य की बात नहीं कि ब्रिटेन की पुलिस इस अशांति को संभालने की आपात योजनाएं बना रही है। ब्रिटेन का आर्थिक संकट कुछ मायने में यूक्रेन के सवाल से जुड़ा है, जो ट्रस की विदेश नीति को भी प्रभावित करेगा। जैसे-जैसे सर्दियां शुरू होंगी, पश्चिमी यूरोप की सड़कों पर और अधिक बेचैनी होने की आशंका है और नीति-निर्माताओं को समझौता करना पड़ेगा। यहां ट्रस कोई अपवाद नहीं होंगी। उन्हें कंजरवेटिव पार्टी को एक बार फिर गंभीर शासन वाली पार्टी के रूप में खड़ा करना होगा। लेबर पार्टी भी सत्ता में अपने लिए संभावना देखने लगी है। खैर, लिज ट्रस के पास अब वह ताकत या सत्ता है, जिसकी वह तलाश कर रही थीं, लेकिन ध्यान रहे, उस सिर में बेचैनी बसती है, जो ताज पहनता है। जहां तक भारत का सवाल है, तो विदेश मंत्री के रूप में ट्रस भारत के अनुकूल रही हैं। दोनों देशों के बीच गर्मजोशी बढ़ी है। आने वाले दिनों में भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड की दिशा में समझौते को भी गति मिलेगी। वैसे भी भारत के साथ ब्रिटेन के रिश्ते इस स्तर पर पहुंच गये हैं कि प्रधानमंत्री कोई हो, खास फर्क नहीं पड़ेगा। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ हर्ष वी पंत

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज गैलरी

### पोषण माह कार्यक्रम के तहत निकली रैली, दी गयी कई जानकारियां



**महुआडांड़।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना क्रियान्वयन हुमना पीपल टू पीपल इंडिया के सहयोग से आज अक्सी पंचायत में पोषण माह के अवसर पर जगरूकता रैली निकाली गई,पोषण माह के अवसर पर अक्सी आंगनबाड़ी केंद्र में सहिया, सेविका, महिला पर्यवेक्षिका तेजस्विनी परियोजना के जॉन टीम से जगदीश गुरानी, प्रखंड समन्वयक उत्तम कुमार,के द्वारा सभी महिलाओं, बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आहार,अनीमिया, 1000 दिन स्वच्छता आदि विषयों पर चर्चा किया गया। साथ ही हरि साग सब्जियों के माध्यम से रंगोली बना कर लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। इस अवसर पर जोन 2 से जगदीश गुरानी, महिला पर्यवेक्षक का स्वाति कुमारी ,प्रिस्का कुजूर, प्रखंड संसाधन क्रियान्वयन इकाई आंगनबाड़ी सेविका विद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष बनी बिजुल देवी, कोषाध्यक्ष अशोक

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ चुनाव को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड के दसों पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे। जिसकी अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से बेलखोरी मुखिया बिजुल देवी को अध्यक्ष, करमा मुखिया रामनाथ यादव को उपाध्यक्ष, मंझगावां मुखिया मंजित सिंह को सचिव तथा कदगावांकला मुखिया अशोक कुमार भुईयां को कोषाध्यक्ष चुना गया। मौके पर मयूरहंड मुखिया मृदुला देवी, पेटादेरी मुखिया कलावती कुमारी, पंदनी मुखिया अजय कुमार भुईयां, हुसिया मुखिया उर्मिला देवी, सोकी मुखिया मीना देवी, फुलांग मुखिया रेणु देवी, शिव कुमार सिंह, शंकर रजक, नरेश भुईयां आदि उपस्थित थे।

### गारू में विधायक ने आवास निर्माण का किया शिलान्यास

**गारू।** लातेहार जिले के मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शुक्रवार को गारू प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड व अंचल कर्मियों के लिए आवास निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गारू में कर्मियों के लिए आवास बन जाने से उन्हें मुख्यालय में रहकर कार्य करने में काफी आसानी होगी। साथ ही ग्रामीणों के कार्य के निष्पादन में भी तेजी आयेगी मौके पर जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा समेत अन्य उपस्थित रहे।

### कोटाम में जय केशरा चंडी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**लातेहार/गारू।** गारू मंडल के कोटाम में केशरा चण्डी फूटबॉल टूनार्मेंट कोटाम एवं स्व यमुना सिंह,पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री के 11 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुनील कुमार सिंह सम्मिलित हुए। उन्होंने स्वं जमुना सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। सांसद ने कहा की ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में ऐसे फुटबॉल मैच का प्रतियोगिता काफी सराहनीय है। श्री सिंह ने कहा कि हम ऐसे क्षेत्र में ऐसे खेल प्रतिभा देखकर काफी खुश हैं। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा की मैं इस क्षेत्र के लिए एक खेल स्टेडियम बनवाने का भी भी वादा करता हूं और उन्होंने कहा कि मैं गारू प्रखंड के लिए 20 4 जी नेटवर्क भारत सरकार द्वारा पास किया गया। प्रतियोगिता में मंजू देवी, प्रदीप सिंह, उपेंद्र चौधरी, विनीत मधुकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मारपीट में दो लोग जख्मी

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के धाधु ग्राम में करमा जतरा मेला देख कर लौट रहे दो युवकों को कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवकों में थाना क्षेत्र के भैसादोन ग्राम निवासी किशन यादव का पुत्र संतोष यादव एवं मकुन यादव का पुत्र धर्मेंद्र यादव है जिसे परिजनों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर अमरनाथ के द्वारा इलाज की गई 'इस घटना में दोनों ही युवकों के हाथ और पेट में चाकू का हमले का निशान है। इधर घायल हुए युवकों द्वारा जान मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाते हुए बालूमाथ थाने में आरोपी के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### सात महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**गिद्धौर/चतरा।** शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में शिविर लगाकर 7 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। साथ ही 40 महिलाओं को 4 एनसी की जांच की गई। ऑपरेशन डॉ. मनीष लाल के द्वारा की गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सक डॉ. सुमित कुमार जयसवाल, एएनएम अनिशा चेन्नई, रीता बाला, सहिया सुचिता देवी सहित आदि शामिल थे।

### 20 सूत्री अध्यक्ष ने किया मॉडल आंगनबाड़ी का निरीक्षण

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बांय व मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बिनोद पासवान ने किया। इस दौरान श्री पासवान ने विद्यालय मध्याह्न भोजन की जांच की और प्रधानाध्यपक संजय कुमार दांगी को बच्चों को बेहतर शिक्षा देने, मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने व विद्यालय परिसर को साफ रखने का निर्देश दिया। इसके बाद मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बांय का निरीक्षण कर अनुपस्थित व मीनू के अनुसार आंगनवाड़ी बच्चों को भोजन नही देने से नाराजगी व्यक्त किया। इस दौरान सदस्य विजय भारती आदि शामिल थे।

---

शिक्षक सम्मान समारोह 2022 कार्यक्रम आयोजित, श्रम मंत्री व उपायुक्त हुए शामिल

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहमः डीसी

- शिक्षक सम्मान समारोह एवं बुनियादी शिक्षा अभियान के बारें में दी गयी जानकारी
- डमी चेक, शॉल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शुक्रवा को विकास भवन स्थित प्रशिक्षण हॉल में स्कूली शिक्षा एवं सारक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता मुख्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। मंत्री श्री भोक्ता एवं उपायुक्त अबु इमरान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने विस्तार पूर्वक शिक्षक सम्मान समारोह एवं बुनियादी शिक्षा अभियान के बारें में बाताया। आगे बताया कि कार्यक्रम स्कूली शिक्षा एवं सारक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार एवं पिरामल फाउण्डेशन द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के 92 संकुल, 184 विद्यालयों के 25 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को अभियान जोड़ा गया है। चतरा देश के 112 आकांक्षी जिला श्रेणी में शामिल है। अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बच्चों की बुनियादी साक्षरता, भाषा ज्ञान एवं संख्यात्मक ज्ञान, पुस्तकालय, विद्यालय प्रबंधन समिति सहित बाल संसद के महत्व एवं भूमिका पर कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर एक पोस्टर का अनावरन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जिला स्तरीय, अनुमण्डल स्तरीय, प्रखंड स्तर पर बेहतर, पठन-पाठन, शिक्षण प्रणाली, बुनियादी सुविधा, कार्यशैली को लेकर चयनित शिक्षक को डमी चेक, शॉल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षकों ने अनुभव को किया साझा

वहीं मौके पर शिक्षकों द्वारा अपने कार्यशैली, अनुभव को उपस्थित गणमान्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं के समक्ष साझा किया गया। वहीं मंत्री ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता हैं। शिक्षक हमारे जिवन में ज्ञान प्रदान करने के साथ जिवन को दिशा भी देते है। शिक्षक ज्ञान के स्त्रोत है। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के शिक्षण को बेहतर करने की आवश्यकता है। बच्चों के पठन-पाठन की प्रणाली को गुणवत्तापूर्ण बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सभी सीआरपी, बीआरपी, पिरामल फाउण्डेशन के जिला प्रतिनिधि अमित भारती, दीपक मिश्रा, गांधी फैलो घनश्याम शर्मा, अफसर आजाद, नेहा ठाकुर, दीपांशी निगम समेत अन्य उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मयूरहंड में चिकित्सकों का अभाव, मरीज परेशान



हिमांशु सिंह

**मयूरहंड(चतरा)।** विभागीय लापरवाही व प्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण मयूरहंड को प्रखंड का दर्जा मिले लगभग बारह वर्ष हो गया, लेकिन यहां के लोगों को आजतक मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाई हैं। स्थिति ऐसी है कि स्वास्थ्य केंद्र में एक भी चिकित्सक नहीं है। ऐसे में प्रखंड के दस पंचायतों की लगभग एक लाख आबादी भगवान भरोसे या झोलाछाप डॉक्टर के भरोसे रहते हैं। वहीं केंद्र का संचालन एएनएम व जीएनएम करतीं हैं। केंद्र में मामूली इलाज भी नहीं हो पाता, इसके अलावे किसी तरह की जांच भी नहीं हो पाती है। प्रखंड में पीएचसी के अलावा 9 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जो एएनएम, जीएनएम, सीएचओ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे संचालित किये जा रहे हैं। यहां तक की केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में दवा भी उपलब्ध नहीं रहता। वर्ष 2018 में तत्कालीन स्वास्थय मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा एम्बुलेंस व नियमित चिकित्सक उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, पर आजतक कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई। बीमार पडने पर लोगों को इटखोरी पीएचसी भेजा जाता है। प्रखंड में अधिकांश लोग गरीब तबके के हैं, जो पैसे के अभाव में अपना इलाज भी नहीं करा पाते। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं का एएनएम द्वारा प्रसव करवाया जाता है।

# जनता दरबार में लोगों की समस्या का हो रहा है समाधानः मुखिया




नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सप्ताहिक जनता दरबार मैं 40 आवेदन प्राप्त हुए। वीडियो को प्राप्त आवेदन के आधार पर त्वरित संज्ञान लिया गया। वीडियो ललिता बख्ला ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर सप्ताह में 2 दिन मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। आज की जनता दरबार में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें पेंशन, मरमति, आवास संबंधित आवेदन प्राप्त हुवे हैं और इन प्राप्त आवेदनों के आधार पर इसे समाधान किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि इस जनता दरबार मैं ग्रामीणों की जो भी समस्या है वह आकर अपना आवेदन के माध्यम से निसंकोच रख सकते हैं। उसे संबंधित अधिकारी द्वारा निष्पादन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित बस या पंचायत के मुखिया आशा मंजूर नगेसिया ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सप्ताह में दो बार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जनता दरबार यह बहुत ही लाभप्रद साबित हो रहा है। पेंशन आदि जो भी ग्रामीण अपनी समस्या को क्षेत्र की समस्या का आवेदन कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि के माध्यम से स्वयं तो उसे निष्पादन किया जा रहा है। लोगों को इससे लाभ हो रहा है। मौके पर वीडियो के अलावे बड़ा बाबू महेश मोची ,ममता कुमारी, मो इराज, मुखिया आशा मंजू नगेसिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने किया कुंदा प्रखंड का भ्रमण, कहा

# समय पर बारिश ना होने के कारण ठीक से नहीं हो सकी बुआई, किसान मायूस : जनार्दन यादव



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने शुक्रवार को अति उग्रवाद प्रभावीत कुंदा प्रखंड के चिलोय, कोढास, बनियाडीह, अमौना कुन्दा, भौरुडीह, पिंजनी आदि गांवों का भ्रमण कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान पूर्व विधायक ने काहा की क्षेत्र मे अकाल की स्थिति बनी हुई है, समय पर बारिश ना होने के कारण कोई भी फसल की बुवाई ठीक तरह नहीं हो पाई है, जिससे किसान मायूस है। इसके साथ ही कुंदा प्रखंड में अभी तक लोगों को एंबुलेंस की सुविधा मुहैया नहीं हुई है, डॉक्टर का अभाव, समुचित बिजली का अभाव समेत कई बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। वहीं पिंजनी में आयोजित फुटबाल टूनार्मेंट में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई किया। दौरे में रामप्रवेश यादव, कृष्णा पासवान, नरेश यादव, मुरारी सिंह, चिंटू यादव, एसआई मदन सिंह, जितेंद्र पासवान, उदय ठाकुर, पिंटू यादव, प्रमोद गुप्ता, अखलेश यादव, अजित भारती, विजय गुप्ता, मुंद्रिका यादव आदि शामिल थे।

### स्कॉर्पियो व बाइक के बीच जोरदार टक्कर, दो रिम्स रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर स्थित भुषाड़ के समीप तीखे मोड़ पर गुरुवार देर शाम स्कोर्पियो और बाइक के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ दोनो की गंभीरता को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया है।दोनो घायलों की पहचान कृष्णा तुरी पिता परमेश्वर तुरी हजारीबाग, पंकज कुमार ठाकुर पिता मनोज ठाकुर भूषाढ़ चंदवा के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार दोनो युवक अपने बाइक लेकर भुसाढ़ से चंदवा के लिए निकले थे तभी तीखे मोड़ पर विपरीत दिशा से तेज गति में आ रहे स्कॉर्पियो जेएच 02 बीएफ 6377 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर से स्कोर्पियो के आगे का दाहिना हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है।फिलहाल पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### भालू के हमले से महिला घायल

**महुआडांड़।** वन क्षेत्र के चिकनी कोना ग्राम में सुबह जंगली भालू के बच्चे द्वारा हमाला कर पुनिया देवी पति रामसागर यादव को घायल कर दिया । जिससे महिला का पैर बुरी तरह से घायल हो गया तत्काल उस इलाज के लिए महुआडाड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। वही घटना की जानकारी वन विभाग को दे दिया गया है । बताते चले के चिकनी कोना जंगल में भालू और उसके बच्चे द्वारा आंतक मचाया हुआ। महिला ने बताया कि सुबह बाहर निकलने पर भालू के बच्चे द्वारा हमाला कर दिया गया ।वही घर के पास बांधे गाय द्वारा रस्सी तोड़ कर दोनों भालू को सिंग से मारकर भगाया।

भद्रकाली महाविद्यालय में पुस्तक विमोचन पर संगोष्ठी का आयोजन

# युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है नरेंद्र मोदी : रविंद्र राय



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत भद्रकाली महाविद्यालय परिसर में मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक के विमोचन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह निदेशक रविन्द्र राय उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं। वह सभी लोगों का ध्यान रखते हैं। पुस्तक में लेखकों ने मोदी के व्यक्तित्व पर जो प्रकाश डाला है वह सभी के लिए प्रेरणादायक है। मौके पर भाजपा नेता काली चरण सिंह, सांवरमल अग्रवाल, नंदकिशोर सुलभ, अशोक शर्मा, देव कुमार सिंह, डॉ. मृत्युंजय सिंह, सतीश कुमार सिंह, शिव कुमार राणा, अनुज दांगी, योग गुरु शंकर चंद्रवंशी समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं संगोष्ठि में शामिल होने से पूर्व श्री राय माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया।

### रजवार व बड़गांव आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण कार्यक्रम आयोजित

**चतरा।** शुक्रवार को इटखोरी प्रखंड के रजवार व बड़गांव आंगनबाड़ी केंद्र में तेजस्वनी परियोजना क्लब के द्वारा पोषण माह पर जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तेजस्वनी परियोजना के क्लस्टर कोर्डिनेटर सोनिया कुमारी व युवा उत्प्रेरक लीला देवी, रूबी कुमारी व सेविका संगीता देवी ने उपस्थित गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण की सही जानकारी दी। वहीं किशोरियों व तेजस्वनी कार्यकर्ताओं द्वारा राजवार गांव मे जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर सेविका, सहिया, गर्भवती, धात्री महिलाए आदि उपस्थित थे।

# जीवन में गुरुओं का साथ और आशीर्वाद बेहद जरूरी : प्रकाश



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** एक घर को मजबूती और स्थिरता तभी मिलती है जब उसकी नींव मजबूत हो। उसी प्रकार कोई छात्र या शख्स अपने जीवन में सफल तभी होता है जब उसके पास उसके गुरुओं का आशीर्वाद और साथ हो। जीवन गुरु का साथ होना ही आपको अर्जुन की भांति लक्ष्यभेदी बना सकता है उक्त बातें पूर्व विधायक प्रकाश राम ने शुक्रवार को पिपराही गांव में स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहा कि गुरु अपने शिष्यों को जीवन को आकार देते हैं। जिस प्रकार खाली कच्ची मिट्टी को कुम्हार आकार देकर उससे सुंदर वस्तुएं बनाता है और उस मिट्टी की कीमत कई गुणा ज्यादा तक बढ़ जाती है, उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य के जीवन को आकार देकर उसकी कीमत को बढ़ाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक संगीत व नृत्य कला का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल सुनील ठाकुर और संचालक कुश यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर राजकुमार पाठक, शिवकेश्वर यादव, सुनील मुंडा, राजू उरांव, रोहित शाहदेव, अनुरोध कुजूर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

दिवंगत प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री की मनायी गयी 11वीं पुण्यतिथि, बोले भाजपा नेत्री

# विकास के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किये गये



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के राजा मेदिनी राय इंटर कॉलेज के प्रांगण में झारखंड के पहले वन एवं पर्यावरण मंत्री स्वर्गीय यमुना सिंह की 11वी पुण्यतिथि मनाई गई। इसी कार्यक्रम में पुण्यतिथि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री की पुत्री भाजपा नेत्री मंजू सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर एवं उसके पोते मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आरएमआर कॉलेज के संस्थापक रहे पूर्व मंत्री जमुना सिंह का विद्यालय परिसर में बनाए गए प्रतिमा में उनके पोते तुषार सिंह उर्फ शुभम, पुत्री भाजपा नेत्री सह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के जिला प्रभारी मंजू सिंह, व यमुना सिंह की पुत्रवधु के साथ साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, पूर्व मंत्री के सहयोगी रहे विष्णु राम, उप प्रमुख विरेन्द्र जायसवाल, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजयुमो प्रखण्ड अध्यक्ष विकास सिंह, महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठन से जुड़े व्यक्तियों के द्वारा बारी बारी से पुष्पांजलि व माल्यार्पण किया गया। मौके पर स्वर्गीय यमुना सिंह को याद करते हुए प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री कार्यकाल में वन विभाग को दिए गए योगदान सराहना किया गया बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कि भाजपा नेत्री मंजू सिंह ने कहा कि अपने पिता द्वारा पूरे मनिका विधानसभा में विकास के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि गारू जैसे छोटे से निकलकर राजनीति में अपनी अहम पहचान बनाने वाले यमुना सिंह क्षेत्र के विकाश में सराहनीय योगदान है। जिप संतोषी शेखर ने प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यों का वर्णन किया कार्यक्रम में शामिल अन्य कई वक्ताओं ने यमुना सिंह की उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया।

### कार्यक्रम में ये लो थे शामिल

मौके प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह , सुनील कुमार सिंह, दीपक तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, विष्णु राम चंद्रवंशी,लालजी यादव, मनोज यादव, गौतम बाबा, कमलेश कुमार सिंह, सुदामा सोनी ,अर्चना सिंह, राजेंद्र शर्मा समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

कार्यालय,
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति
शुद्धि पत्र

पलामू जिला अन्तर्गत बन्द पडे जिला दिव्यांग आवासीय विद्यालय, जेलहाता, मेदिनीनगर के संचालन हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के पत्रांक 749/जि0स0क0, दिनांक 11.07.2022 के द्वारा इच्छुक गैर सरकारी/स्वयंसेवी/अन्य संस्थाओं का प्रस्ताव www.disabilityaffairs.gov.in पर दिनांक 31.07.2022 तक प्रविष्टि करने हेतु विज्ञान प्रकाशित (PR No. 273437) किया गया था, परन्तु Website में तकनीकि समस्या के कारण प्रस्ताव/आवेदन प्रविष्ट नहीं होने के फलस्वरूप उक्त विज्ञापन को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.277343 District(22-23):D

# परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम।
# धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥



## सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्या जया किशोरी


भगवान श्री कृष्ण का आरती उतारते राज्यसभा सांसद धीरज साहू व अन्य परिजन


कथा मंच पर पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री रामेश्वर उरांव के साथ राज्यसभा सांसद धीरज साहू व उनके भाई।

## ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कथा वाचिका जया किशोरी जी ने बताया कि भागवत की कथा हमें जीवन जीना सिखाती है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक और आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ और मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते थे। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन के व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय और मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन अर्थात कानो के रस तक ही सीमित रह जाएगी।


कथा वाचिका जया किशोरी जी का स्वागत करते श्रधालुगण।


कलाकारों ने गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाने की झांकी प्रस्तुत की।

## भक्तों और श्रद्धालुओं के रंग श्रीमद भागवत कथा के संग

आइए :- आप सभी सपरिवार अमृत कथा श्रीमद भागवत का श्रवण करें।
उमड़ रहा है भक्तों का जनसैलाब, फिर आप क्यों है दूर. आप भी हजारों हजार की संख्या में पहुंच कर
भागवत कथा का अमृतपान कर अपने जीवन को करे धन्य।
आप सभी अपने परिजनों के साथ ससमय पहुंचे और भागवत कथा का श्रवण कर उसे अपने जीवन में आत्मसात करें।

## समुचित व्यवस्था

कथा स्थल पर महिलाओं के बैठने और शौचालय की समुचित व्यवस्था, सभी के लिए पेयजल सुविधा, धार्मिक माहौल और सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था।

लोहरदगा की धरती पर
पूज्या जया किशोरी जी द्वारा

## श्रीमद् भागवत कथा

दिनांक 5 सितंबर से 11 सितंबर तक 2022 तक
स्थानः ललित नारायण स्टेडियम,
लोहरदगा समय अपराह्न 3 बजे से संध्या 6 बजे तक
आप अपने परिवार एवं साथियों
सहित पहुंचकर
पुण्य के भागी बनें।



**धीरज प्रसाद साहू**
राज्यसभा सांसद

**आयोजनकर्ता**
साहू परिवार एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन, लोहरदगा के सौजन्य से।


## न्यूज गैलरी

### दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन



रांची। दीपशिखा नामक दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूल में एकल युवा रांची द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। एस दौरान बच्चों द्वारा अधभूद कलाकृतियां बनाई गईं। हर एक बच्चे में हूनर और समझ की एक अलग प्रक्रिया झलक कर आ रही थी। हर एक के चहरे पे एक मासूमिया और जिंदगी को जीने की उत्साह झलक रही थी। प्रतियोगिता के विपरीत, विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ हर बच्चे को प्रमाण पत्र और तहफों से नवाजा गया। एकल युवा रांची से विशेष केडिया, अर्पित रूंगटा, अंकिता सिंह, पूजा बगडिया एवं शीतल जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इन बच्चों के साथ समय बिता कर युवाओं ने जिंदगी को करीब से देखा और उनके लिए यह एक बहुत ही अधबुध अनुभव और यादगार दिन रहा।

### अमिताभ कुमार गुप्ता बने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष



रांची। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नये अध्यक्ष अमिताभ कुमार गुप्ता को बनाया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। गुप्ता झारखंड हाईकोर्ट मे न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त है। अध्यक्ष पद ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष के लिए या 65 वर्ष की अधिकतम उम्र, जो पहले हो, तक की अवधि के लिए वह पद धारण करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार 2020 से ही आयोग अध्यक्षविहीन था। ऐसे में नये अध्यक्ष बहाल होने से आयोग के कामों में तेजी आयेगी। पिछले महीने राज्य सरकार की ओर से सदस्य तकनीकी और सदस्य विधि पद पर नियुक्ति की गयी। जिसमें इंजीनियर अतुल कुमार सदस्य तकनीकी और रिटायर्ड जज महेंद्र प्रसाद सदस्य विधि बनाये गये हैं। संभावना जताई जा रही है कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति होने के बाद अब जल्दी ही राज्य में बिजली के नए दरों का निर्धारण किया जा सकता है। इनके पदभार ग्रहण के साथ ही आयोग में प्रक्रिया शुरू हुई। जानकारी हो कि पूर्व में साल 2020 में अध्यक्ष और फिर साल 2021 में सदस्य पद खाली हुआ। जिससे दो साल तक आयोग डिफंक्ट रहा।

### खरीफ चारा फसल दिवस का आयोजन, हरा चारा फसल को बढ़ावा देने पर दिया बल

# पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी है : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को खरीफ चारा फसल दिवस मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने की। संबोधन में कहा कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी है। पशु आहार में हरा चारा के समावेश से पशुओं के दुग्ध उत्पादन क्षमता एवं पशु उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ जाती है और शारीरिक वृद्धि तेजी से होती है। पशु आहार में सुखे चारे एवं दाने के साथ हरा चारा का समुचित प्रयोग करनी चाहिए। झारखण्ड के मात्र एक प्रतिशत भूमि में चारा फसल की खेती होती है। राज्य में पशुओं के लिए करीब 45 प्रतिशत हरा चारे तथा करीब 55 प्रतिशत पशु आहार की कमी है। देश की दुग्ध उत्पादन क्षमता 3 किलो की अपेक्षा प्रदेश की दुग्ध उत्पादन क्षमता 1.5 से 2 किलो मात्र है। हरे चारे के सेवन से इसे बढाया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रबंधन से हरा चारा फसल की खेती को बढ़ावा देकर प्रदेश में सालों भर हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। इससे प्रदेश की बहुतायत आबादी विशेषकर ग्रामीण आबादी की पोषण एवं आजीविका सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण एसपी, रांची नौशाद आलम ने कहा कि कोविड-19 आपदा में भी जीवन सुरक्षा एवं जीविका का कृषि सबसे मजबूत सहारा रहा। प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था में पशु धन का विशेष योगदान है। मुख्य फसल खेत के चारों तरफ हरा चारे फसल की खेती से पशुओं से फसलों की सुरक्षा आसानी से करते हुए हरा चारा भी प्राप्त कर सकते है। स्वच्छ दूध एवं स्वच्छ पशु उत्पाद हेतु किसानों द्वारा हरा चारा के प्रयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाये रखने में हरे चारे की विशेष उपयोगिता है। इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के निर्देश पर आज पूरे देश खरीफ हरा चारा दिवस मनाया जा रहा है।

## नये हाईकोर्ट परिसर में पर्याप्त चैंबर न मिलने पर वकीलों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नए परिसर में वकीलों को पर्याप्त चैंबर नहीं मिलने पर उनका आक्रोश बढ़ गया है। हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने इसके लिए आंदोलन का निर्णय लिया है। 12 सितंबर को एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं, शुक्रवार को हुई एडवोकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में मांग पूरी नहीं होने तक वकीलों ने नए हाईकोर्ट परिसर में नहीं जाने का निर्णय लिया। एसोसिएशन ने कहा कि नए हाईकोर्ट परिसर में सिर्फ 500 वकीलों के लिए चैंबर की व्यवस्था है। इसे बढ़ाकर 1500 करने के लिए झारखंड सरकार व हाईकोर्ट की बिल्डिंग कमेटी को कई पत्र लिखे गए, लेकिन विचार नहीं किया गया। हालांकि सरकार ने संशोधित डीपीआर में इसकी व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया था। लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ है। हाईकोर्ट के नए परिसर में वकीलों को पर्याप्त चैंबर नहीं दिए जाने के विरोध में वकीलों ने पहले भी आंदोलन किया था। सफेद बिल्ला लगाकर वकीलों ने काम किया गया था। इसके बाद आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन स्थगित किया गया था।

## पृष्ठ एक के शेष

**चुनाव आयोग के मंतव्य को राजभवन...**

जाकर असमंजस दूर करने की गुहार लगायी थी, इस दौरान राज्यपाल ने दो दिन में अपने मंतव्य से निर्वाचन आयोग को अवगत कराने का भरोसा दिलाया था, परंतु वे दूसरे दिन दिल्ली चले गये। राज्यपाल के आश्वासन का आज सातवां दिन है। वहीं, आयोग के पत्र के बाद राजनीतिक असमंजसता का एक पखवाड़ा गुजर गया है, लेकिन अभी तक बातें स्पष्ट नहीं हो पायी हैं कि निर्वाचन आयोग के लिफाफे में क्या है। उन्होंने कहा कि सदन में यूपीए ने अपनी ताकत दिखा दी और विपक्ष वॉक आउट कर गया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बीजेपी को ढोंगी पार्टी करार देते हुए कहा कि उनकी पार्टी की चिंतन शिविर की बैठक में झारखंड की डेमोग्राफी बदलने पर चिंता जतायी जा रही थी, लेकिन यह डेमोग्राफी बदलने के पीछे मुख्य रूप से बीजेपी सरकार की गलत नीतियां ही रही है।

**धनबाद एनकाउंटर केस की...**

अपराधियों ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक अपराधी शुभम को पुलिस की गोली लगी थी, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी थी। जबकि दो अन्य अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

**धनबाद एसपी को भेजनी है रिपोर्ट :** पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, पूरे मामले में धनबाद एसपी को रिपोर्ट भेजनी है। उस रिपोर्ट के साथ ही मामले में सीआईडी जांच से अनुंशसा की जायेगी। जिसके आधार पर केस सीआईडी को ट्रांसफर कर दिया जायेगा।

**सीएम से सीटेट उत्तीर्ण...**

आरक्षी) वाहिनी संख्या-02 से 09 तक की द्वितीय मेधा सूची प्रकाशित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इस संबंध में न्यायोचित विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई अन्य मुलाकातियों से भेंट कर स्वयं अपने हाथों से उनका आवेदन लिया तथा उनकी समस्याओं पर यथोचित कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

**लक्ष्मीकांत वाजपेयी बने झारखंड...**

साफ छवि के वाजपेयी चार बार मेरठ से विधायक भी रहे हैं।

**प्रदेश अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी बदलेगी :** राज्य में जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी बदलेगी। अबतक जो संकेत मिले हैं उसके मुताबिक, भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना आदिवासी कार्ड खेल सकती है। वहीं, राज्य में कुर्मी वोट बैंक को जोड़ने के लिए भी केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में कुर्मी चेहरे को मंत्रिमंडल में जगह देने की बात चल रही है, साथ ही प्रदेश में भी कुर्मी नेताओं को भाजपा बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

**मोदी आज करेंगे ' केंद्र-राज्य विज्ञान...**

देखभाल, 2030 तक अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को दोगुना करना, कृषि-किसानों की आय में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप, जल-पीने योग्य पेयजल के उत्पादन के लिए नवाचार, ऊर्जा-हाइड्रोजन मिशन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका आदि के साथ-साथ सभी के लिए स्वच्छ ऊर्जा, डीप ओशन मिशन और तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और देश की भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए इसकी प्रासंगिकता जैसे विभिन्न विषयगत क्षेत्रों पर अलग-अलग सत्रों में चर्चा होगी। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्यों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के सचिव, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, गैर-सरकारी संगठन, युवा वैज्ञानिक और छात्र भाग लेंगे।

**मानव विकास सूचकांक में भारत...**

से निपटने के लिए परस्पर वैश्विक एकजुटता की एक नयी भावना की आवश्यकता है। स्टेनर ने कहा कि एक-दूसरे से जुड़े अंतर्निहित संकटों ने भारत के विकास पथ को वैसे ही प्रभावित किया है जैसे दुनिया के अधिकांश हिस्सों में प्रभावित हुआ है। एचडीआई मानव विकास के तीन प्रमुख आयामों की प्रगति को मापता है- एक लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और एक सभ्य जीवन स्तर। इसकी गणना चार संकेतकों- जन्म के समय जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के माध्यम से की जाती है।

**सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को पेड़ प्रमोशन पर..**

जा रहा है। इससे पहले जुलाई 2021 में भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने प्रभावशाली विज्ञापन दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की निगरानी शुरू कर दी थी। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कंपनियों से मुफ्त आइटम प्राप्त करनेवाले प्रभावशाली और सोशल मीडिया हस्तियां करों का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं और उन्हें टीडीएस 10 प्रतिशत की दर से भुगतान करना होगा। आयकर विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश इसी साल एक जुलाई 2022 को लागू हुए थे। मालूम हो कि दिन प्रतिदिन सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और लोग यदि कोई भी सामान खरीदते हैं, तो कई बार उसके रिव्यू देखते हैं और उसके बाद ही उत्पाद खरीदने का निर्णय करते हैं।

**अज्ञात वाहन की चपेट में...**

युवक हेलमेट नहीं पहना हुआ था जिसकी वजह से उसके सर पर काफी गंभीर चोटें लगी थी। जिस कारण उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर मनिका थाना से एसआई राजकुमार तिगा समेत पुलिस बल के अन्य जवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचकर घटना की छानबीन कर रहे थे।

**नीतीश हेमंत, अखिलेश समेत अन्य नेताओं...**

राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा। इससे भाजपा को बड़ा नुकसान हो सकता है। इधर, लगातार दो बार जीत के बाद 2024 तक भाजपा को केंद्र की सत्ता में आये दस साल हो जायेंगे। इस दौरान महंगाई, बेरोजगारी से लोग बेहाल हो गये हैं। इन हालात में केंद्र सरकार व उसके हुक्मरानों के विरूद्ध सत्ता विरोधी लहर भी कुलांचे भर सकती है। एक तरफ यह, दूसरी तरफ केंद्रीय जांच एजेंसियों के हथकंडे से त्रस्त विपक्षी दल एकजुट हो लड़े, तो भाजपा को इनसे निपटना 2014 व 2019 की तरह आसान नहीं होगा।


**Government of Jharkhand**
**District Health Society, LATEHAR**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare Mail ID: drhslatehar3@gmail.com**

**Tender Notice No. DHS/LATEHAR/01/2022 Date : 08/09/2022**

**Tender notification**

Civil Surgeon cum CMO, LATEHAR invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of printed/IEC & Other materials required in District Health Society, LATEHAR**
**TENDER FOR THE SUPPLY OF: -Rate contract for different kind of printed/IEC & Other material required in DHS LATEHAR**
**DETAILED TENDER NOTICE**
1 **Tender reference**: DHS/LATEHAR/01/2022
**Dated: 08/09/2022**
2. **Cost of tender fee** : Rs. 5,000/- (Five Thousand only) in form of demand draft in favor of District Health Society, LATEHAR.
3. **Last Date of tender submission** : 30/09/2022
4. **Bid opening date & time** : 11.30 am on 01/10/2022
5. **Place of opening of tenders**: Civil Surgeon Office, LATEHAR.
**Note**:-
- The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
- Further details can be seen on website:-**www.latehar.nic.in**

Civil Surgeon cum C.M.O.
LATEHAR.

**PR277338 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D**



**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**राजसात वाद संख्या- 13/2022**

नोटिस बनाम्
उदय चरण साव, पे0- स्व0 पाण्डेय साव,
ग्राम- नगड़ा, थाना- बालूमाथ, जिला- लातेहार।
:- विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से कोयला चोरी कर परिवहन करने के आरोप में पकड़े गये ट्रक पंजीयन संख्या- JH19B-7040 का राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार-बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 02.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
**PR 277391 Latehar(22-23)#D** जिला विधि शाखा, लातेहार



**न्यायालय,**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**राजसात वाद संख्या- 12/2022**

नोटिस बनाम्
1. नवाज अंसारी, पिता-ताहिर अंसारी, ग्राम-अक्सी, थाना- महुआडांड़, जिला- लातेहार।
2. सुमन केरकेट्टा, पिता- मतयस केरकेट्टा, ग्राम-तेवाही, थाना- महुआडांड़, जिला- लातेहार :- विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं परिवहन करने के आरोप में पकड़े गये ट्रैक्टर पंजीयन संख्या- 1408E-0924 एवं ट्रॉली संख्या- JH03B-7435 तथा ट्रैक्टर पंजीयन संख्या- JH03L-6931 एवं ट्रॉली संख्या- JH03L-3503 के राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार-बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आपलोग लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 02.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.277389 Latehar(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**

**शुद्धि पत्र**

कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल गढ़वाइस कार्यलय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना जिसका पी0आर0 नं0 277021 BUILDING (22-23*D) है को अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
**PR 277439 Building(22-23)#D** भवन प्रमण्डल गढ़वा



**कार्यालय हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, डालटनगंज**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के संयुक्त सचिव, उद्योग, विभाग, झारखण्ड, राँची के स्वीकृत आदेश संख्या 30 दिनांक- 18.08.2022 के आलोक में तीन ट्रेडों यथा-टाई-डाई, काथा स्टीच, एवं चर्म में प्रत्येक हेतु 30 प्रशिक्षणार्थियों को 50 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु इच्छुक प्रशिक्षणार्थी से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। टाई-डाई, काथा स्टीच एवं चर्म ट्रेडों के सफल कार्यान्वयन हेतु योजना में निर्धारित मानदेय पर एक-एक क्लस्टर कॉर्डिनेटर, मास्टर ट्रेनर की आवश्यकता है।

अतः संबंधित ट्रेडों के लिए प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु इच्छुक प्रशिक्षणार्थी तथा उक्त विधा हेतु क्लस्टर कॉर्डिनेटर एवं मास्टर ट्रेनर अपना बायोडाटा, विधा योग्यता, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के साथ हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, डालटनगंज कार्यालय में दिनांक-07.10.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि तक जमा कर सकते हैं।

प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्त स्थायी नियुक्ति हेतु दावा स्वीकार्य नहीं होगा, यह पूर्णतः अल्पकालीन एवं अस्थायी है। इस कार्य हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह0/-
महाप्रबंधक
PR 277357 District (22-23)_D जिला उद्योग केन्द्र, पलामू



**जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लातेहार।**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार।**

**संविदा नियुक्ति संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) एवं जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के लिए जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लातेहार अन्तर्गत सृजित पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र PR No. 272707 एवं PR No. 272708 (Drinking Water & Sanitation) से प्रकाशित किया गया है। प्राप्त आवेदन जॉचोंपरांत प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की गई है जिसे latehar.nic.in पर Upload किया गया है। आवेदक को सूचित किया जाता है कि यदि प्रकाशित प्रारम्भिक मेधा सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 16.09.2022 तक जिले के Email Id:- eedwsd.latehar@gmail.com पर अथवा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लातेहार जिला कार्यालय में कार्यदिवस को कार्यालय अवधि 05:00 बजे अपराह्न तक स्वयं उपस्थित होकर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता
-सह-सदस्य सचिव,
PR 277423 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लातेहार।



**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
**3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004**

**SHORT NOTICE INVITING TENDERS (VERY SHORT NOTICE)**
**(National Competitive Bidding Through e-Procurement) 2nd Call**
**Re-e-Tender No.- 41/2022-23** **Dated:**
**PR No- 264151 dated 17.02.2022 (4th Call)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered in appropriate class with Road Construction Department and Rural Works Department of GoJ for post five year Maintenance of works (list of Schemes shall be displayed in the website : pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

**Maintenance(2021-22)**

| Sl. No. | District | Block | Package No. | Road Name | Road Length (in Km) | Amount (in Lakh) | Earnest Money (in lakh) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Palamau | Lesliganj | JH-M-PAL-07 / 2021-22 | PWD Road Jharaha to Rajpur | 3.600 | 533.56 | 5.34 | 30th March 2023 |
| | | | | Kotkhas to Sitadih, Koiritola | 1.600 | | | |
| | | | | Rajhara to Bohita | 5.400 | | | |
| | | Satbarwa | | Ghutua to Pindra | 3.000 | | | |
| | | Panki | | PMGSY - PWD Road to Saraonakhap | 3.600 | | | |
| | | | | T04 to Ahirgurha | 2.000 | | | |
| | | | | PMGSY - B.T. Road to Ambabar | 2.500 | | | |

**Details of bid submission is as under:**

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | **12.09.2022 at 10.30 AM** | **19.09.2022 upto 5.00 PM** | **19.09.2022 at 5.30 PM** | To be informed later |

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) shall be deposited online in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d). Online payment through RTGS/ NEFT should not be made through SBI.
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/uploaded any false/ erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, RCD or any Department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / have made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at jh-ce@pmgsy.nic.in. Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.

All other details including details of schemes of Maintenance works to be executed can be seen in the bidding document which will be available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** from **12.09.2022** as per schedule mentioned above.

**Chief Engineer**
**JSRRDA, Ranchi**

**PR.NO.277421 Rural Work Department(22-23):D**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More "
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### महारानी एलिजाबेथ के निधन पर 11 सितम्बर को राजकीय शोक का ऐलान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** महारानी एलिजाबेथ के निधन पर केंद्र सरकार ने 11 सितम्बर को राजकीय शोक घोषित किया है। दरअसल, भारत सरकार ने फैसला किया है कि ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद पूरे भारत में 11 सितम्बर को एक दिन का राजकीय शोक होगा। वहीं, इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलिजाबेथ द्वितीय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय एक ऐसी कद्दावर हस्ती थीं, जिन्होंने अपने देश और लोगों को प्रेरणादायी नेतृत्व प्रदान किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर शुक्रवार को शोक जताते हुए कहा कि उनका जीवन सेवा व कर्तव्य के सिद्धांतों का एक प्रतीक है। महारानी का स्कॉटलैंड स्थित बाल्मोरल कैसल में गुरुवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष की थीं।

### शराब घोटाले में सिसोदिया को सस्पेंड करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रियों के आवास के पास झुग्गीवासियों, ऑटो चालकों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि लोग हमारी पार्टी के साथ हैं, क्योंकि जनता के पैसे की कीमत पर शराब माफियाओं को फायदा पहुंचाने वाले आबकारी घोटाले का पर्दाफाश हो गया है। गुप्ता ने सिसोदिया के मथुरा रोड स्थित आवास के पास विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार लोगों के सवालों से बचने की कोशिश कर रही है, लेकिन सिसोदिया को पद से हटाये जाने तक भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। वहीं, विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी और भाजपा की दिल्ली इकाई के महासचिव दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

# एलिजाबेथ द्वितीय का निधन एक युग के साक्षी के अंत होने की तरह

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** एलिजाबेथ द्वितीय का जन्म ब्रिटेन के ड्यूक और डचेज ऑफ यॉर्क की पुत्री के रूप में हुआ। उनके पिता राजगद्दी के दावेदार नहीं थे, लेकिन उनके भाई एडवर्ड ने तलाकशुदा अमेरिकी महिला से शादी करने के लिए स्वेच्छा से राजगद्दी त्याग दी। जिसके कारण किंग जॉर्ज राजा बने और एलिजाबेथ द्वितीय युवराज्ञी घोषित की गयीं। उनका न रहना एक युग के, युग के साक्षी के अंत की तरह लगने लगा है। वह जब राजपरिवार में आयीं तो विश्व व इंग्लैंड की स्थिति कैसी थी। फिर कैसे इंग्लैंड की अधीनता से विश्व के तमाम देश स्वाधीन होते चले गये। जिस ब्रिटिश राज में सूरज कभी नहीं डूबता था, जो विश्व का सबसे शक्तिशाली देश था, अब वह उस स्थिति में नहीं रहा। आज अमेरिका सबसे शक्तिशाली देश हो गया है, जो कभी इसके अधीन था। आज दुनिया पूरी तरह बदल गयी है।

**कैसे मिली राजगद्दी :** एलिजाबेथ एलेक्जेंड्रा मेरी विंडसर के रूप में लंदन के मेफेयर में 21 अप्रैल 1926 को जन्म हुआ था। सिर्फ 10 वर्ष की उम्र में एलिजाबेथ ब्रिटेन की राजगद्दी की दावेदार घोषित कर दी गयीं।

**चार बार की थीं भारत का दौरा :** एलिजाबेथ द्वितीय ने कुल चार बार भारत का दौरा किया। इसमें एक बार वह राजकुमारी के रूप में जबकि तीन बार महारानी के रूप में आयीं। महारानी के रूप में उन्होंने 1961, 1983 और 1997 में भारत का दौरा किया। उनका भारत से बहुत लगाव था।

**घर पर हुई थी एलिजाबेथ द्वितीय की शिक्षा :** उन्होंने सार्वजनिक सेवा की शुरुआत सहायक प्रादेशिक सेवा में काम करते हुए द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान की। नवम्बर 1947 में उन्होंने दूर के रिश्ते के भाई और ग्रीस के पूर्व राजकुमार फिलिप माउंटबेटन से शादी की। उनकी चार संतानें हुईं। नये राजा चार्ल्स, प्रिंसेस रायल एनी, प्रिंस एंड्रयू और प्रिंस एडवर्ड।

**सात देशों की संवैधानिक प्रमुख भी रहीं :** पिता की अचानक मौत के बाद महज 25 साल की उम्र में सात स्वतंत्र राष्ट्रमंडल देशों ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और सीलोन (अब श्रीलंका) की रानी और संवैधानिक प्रमुख के साथ राष्ट्रमंडल प्रमुख घोषित की गयीं। उनके ऐतिहासिक दौरों में 1986 का चीन, 1994 में रूस, 2011 में आयरलैंड और पांच पोपों से मुलाकात अहम हैं।

**शुरू हुआ ऑपरेशन यूनिकॉर्न :** महारानी के निधन के बाद ऑपरेशन यूनिकॉर्न शुरू कर दिया गया है। यह पहले से ही तय था कि स्कॉटलैंड में महारानी का निधन होता है तो ऑपरेशन का नाम स्कॉटलैंड के राष्ट्रीय पशु यूनिकॉर्न के नाम पर होगा। इसके तहत ऑपरेशन के कुछ हिस्सों को पहले ही शुरू कर दिया गया है। इसमें बीबीसी के एंकर ने काले कपड़े पहनकर समाचार पढ़ा। इस बीच, डाउनिंग स्ट्रीट पर राष्ट्रीय ध्वज को पहले ही आधा झुका दिया गया है और ब्रिटिश राजनेता शोक प्रस्ताव और राजकीय अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। शाही परिवार पहले से ही बालमोरल में है और अंतिम संस्कार से पहले के दिनों में प्रिंस चार्ल्स के देश का दौरा करने की संभावना है।

**10 दिन बाद अंतिम संस्कार :** महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का अंतिम संस्कार 10 दिन बाद होगा। लंदन के वेस्टमिंस्टर में तीन दिन तक पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रहेगा। अंतिम संस्कार के दिन वेस्टमिंस्टर एबे में शोकसभा होगी और पूरे ब्रिटेन में दोपहर में दो मिनट का मौन रखा जायेगा। विंडसर कैसल स्थित किंग जॉर्ज षष्ठम चैपल में शव दफनाया जायेगा।

## झंझावाती रहा सात दशक लंबा राज



▸▸ सात दशक की हुकूमत के दौरान महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को आर्थिक चुनौतियों और राजनीतिक संकटों का कई बार सामना करना पड़ा।

▸▸ उनके पिता ब्रिटेन के राजा जॉर्ज पंचम के दूसरे बेटे, ड्यूक ऑफ यॉर्क, अल्बर्ट थे।

▸▸ 1939 में 13 वर्ष की उम्र में एलिजाबेथ अपने पिता और मां के साथ डार्टमथ के रॉयल नेवल कॉलेज गयीं। वहां उनकी मुलाकात प्रिंस फिलिप माउंटबेटन से हुई।

▸▸ एलिजाबेथ की ताजपोशी जून 1953 में हुई। पूरी दुनिया में इसका सीधा प्रसारण हुआ।

▸▸ एलिजाबेथ के मात्र 10 वर्ष की उम्र में युवराज्ञी बनने के तीन साल बाद ब्रिटेन को नाजी जर्मनी के साथ युद्ध में जूझना पड़ा।

▸▸ 18 वर्ष की उम्र में युवराज्ञी एलिजाबेथ को पांच महीने के लिए सहायक प्रादेशिक सेवा में भेजा गया जहां उन्होंने मोटर मैकेनिक और ड्राइविंग की सामान्य जानकारी हासिल की।

▸▸ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्हें ग्रीस के राजकुमार फिलिप से प्रेम हुआ। फिलिप रिश्ते में एलिजाबेथ के दूर के भाई लगते थे और शाही नौसेना में काम कर रहे थे। दोनों ने 20 नवम्बर 1947 को शादी की। फिलिप ने 99 वर्ष की उम्र में 2021 में आखिरी सांस ली।

▸▸ भारत दौरे पर आयीं थी तो काशी नरेश के साथ हाथी की सवारी कीं।

▸▸ महात्मा गांधी ने एलिजाबेथ को उनकी शादी के समय 1947 में एक रुमाल भेंट किया था।

# दादाजी को कक्षा में बैठने नहीं दिया गया था, आज ऑक्सफोर्ड में पढ़ रही पोती

-आरएनएम



**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के दलित जाति की एक लड़की जूही कोरे,

■ आज वह जहां भी होंगे, मुझे ऑक्सफोर्ड से ग्रेजुएट हुआ देख खुश हो रहे होंगे : जूही कोरे

जिसके दादा जी को पढ़ने के लिए स्कूल की कक्षा में बैठने नहीं दिया गया था, आज अपनी मेहनत के बल पर विश्व के नामी विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड में पढ़ रही है। उसने दादा जी के देहांत के एक साल बाद उनके संघर्ष की कहानी ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन करने के बाद सोशल मीडिया पर डाली है। उसने बताया कि निचली जाति की होने के कारण कैसे उसके दादाजी को कभी स्कूल की कक्षा में बैठने नहीं दिया गया था। जूही ने लिंकडेन पर भावुक नोट लिखा है, जो विश्वभर में वायरल हो गया।

इस नोट में उसने अपने दादा के शिक्षा प्राप्त करने से लेकर उनके सपने को सच होने तक के संघर्षों के बारे में बताया है। उसने यह भी बताया कि उसकी सफलता में उसके दादाजी का योगदान कितना है। जूही ने लिखा है कि 1947 में जिस साल भारत को एक स्वतंत्र देश घोषित किया गया था, प्रत्येक नागरिक को एक स्वतंत्र जीवन जीने की अनुमति नहीं थी। लेकिन एक युवा स्कूली लड़का जो एक निचली जाति के परिवार से था, महाराष्ट्र के एक ग्रामीण गांव में पैदा हुआ था, उसे स्कूल की कक्षा में बैठने नहीं दिया गया था।

हालांकि, उनके दादा का परिवार नहीं चाहता था कि वह स्कूल जाये। क्योंकि उसे खेत पर काम करने की जरूरत थी, ताकि परिवार के लिए दो जून के भोजन लायक कमा सके। लेकिन उनके दादाजी ने हार नहीं मानी। आखिरकार उस स्कूल के प्रिंसिपल ने अपने खर्चे पर जूही के दादाजी का दाखिला मुंबई के एक बड़े स्कूल में कराया और पढ़ाई के बाद उन्हें स्कूल के एक विभाग में नौकरी मिल गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उसी का नतीजा है कि जूही ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट हुई हैं। जूही ने लिखा है कि आज वह जो कुछ भी है, दादाजी की वजह से है। एक साल पहले उनकी (दादा जी) मौत हो गयी, लेकिन वे जहां भी होंगे मुझे देखकर खुश हो रहे होंगे।

# अध्यक्ष पद को लेकर मेरा निर्णय स्पष्ट : राहुल गांधी



**पुलियुरकुरुचि/तमिलनाडु (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद के लिए अगले माह हो रहे चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर संशय बरकरार रखते हुए कहा है कि वह इस बारे में निर्णय ले चुके हैं और चुनाव के समय इसका जवाब दे देंगे। श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुक्रवार को यहां खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने संबंधी सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दिया, लेकिन पहली बार इस बारे में बोलते हुए कहा कि उनकी सोच स्पष्ट है और वह अपना निर्णय ले चुके हैं। उन्होंने अध्यक्ष बनने को लेकर संशय बरकरार रखते हुए कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष बनूंगा या नहीं, पार्टी अध्यक्ष का जब चुनाव होगा तब यह स्पष्ट हो जायेगा। मैंने निर्णय ले लिया है। मैं बहुत स्पष्ट हूं और जब चुनाव होंगे तब जवाब दूंगा। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है और 17 अक्टूबर को जरूरत पड़ने पर अध्यक्ष पद के लिए मतदान होना है। मतदान के दौरान पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक में होगी इसलिए वहीं से मतदान करनेवाले डेलीगेट के लिए मतदान की व्यवस्था की जा रही है।

# महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट परिसर में सैंडल उतारकर गयी थीं महारानी एलिजाबेथ

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** महारानी एलिजाबेथ द्वितीय 1961 में भारत दौरे के दौरान दिल्ली में राजघाट का दौरा किया था। यहां उन्होंने महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। महारानी ने उस समय राजघाट परिसर में प्रवेश करने से पहले अपने सैंडल और उनके पति ने अपने जूते उतार दिये थे। इस दौरान उन्हें पहनने को मखमली चप्पल दी गयी थी। यह विश्व के सबसे ताकतवर रहे राजशाही की साम्राज्ञी की विनम्रतापूर्वक व संस्कार का अद्भुत उदाहरण है। अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान महारानी और प्रिंस फिलिप ने आगरा, बॉम्बे(मुंबई), बनारस (वाराणसी), उदयपुर, जयपुर, बैंगलोर (बेंगलुरु), मद्रास (चेन्नई) और कलकत्ता (कोलकाता) का भी दौरा किया था। आगरा में ताजमहल और वाराणसी में उन्होंने शाही जुलूस में हाथी की सवारी करते हुए बनारस घुमा था। 1961 के बाद महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप ने 1983 और 1997 में फिर से एक साथ भारत का दौरा किया, जब भारत ने अपनी आजादी के 50वीं वर्षगांठ मना रहा था। वहीं, 1983 में तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के निमंत्रण पर महारानी एलिजाबेथ और राजकुमार फिलिप ने भारत का दौरा किया। इस दौरान शाही जोड़े ने मदर टेरेसा को मानद ऑर्डर ऑफ मेरिट दिया था। भारत के अपने तीसरे दौरे पर महारानी एलिजाबेथ ने अमृतसर में जलियांवाला बाग स्मारक का दौरा किया था।

# शोध : अमेरिका में टैल्कम पाउडर लगानेवाली चार हजार महिलाओं को निकला कैंसर

- आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** टैल्कम पाउडर का चूहों के ओवेरियन टिश्यू पर पड़ने वाले प्रभाव पर एक शोध हुआ। जिसमें पाया गया कि चूहों के ओवेरियन टिश्यू पर इसका भयानक खतरनाक असर पड़ रहा है। यह शोध 1971 में मेडिकल जर्नल द लैंसेट में छपा। इसके बाद अमेरिकन कैंसर सोसायटी की शोध में पता चला कि आज भी अमेरिका में 10 लाख से ज्यादा महिलाएं टैल्कम पाउडर का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन जो प्रतिदिन इसे इस्तेमाल कर रही थीं, उनमें से चार हजार से ज्यादा महिलाओं में ओवेरियन कैंसर मिला। इस वजह से अमेरिका में टैल्कम पाउडर के विरुद्ध लड़ाई शुरू हुई और जान्सन-जान्सन को बेबी जान्सन पाउडर को कई देशों में केस के चलते, भारी हर्जाना देने के चलते बंद करना पड़ा। अफ्रीकन अमेरिकन कैंसर एपिडेमियोलॉजी स्टडी और न्यू इंग्लैंड स्टडी ने अफ्रीकन-अमेरिकन महिलाओं पर शोध किया। इसमें 63 प्रतिशत महिलाएं ओवेरियन कैंसर से जूझ रही थीं। ये वे महिलाएं थीं, जो टैल्कम पाउडर का प्रतिदिन इस्तेमाल कर रही थीं। यूरो मास्टर के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा टैल्कम पाउडर चेन्नई में 96 प्रतिशत, मुंबई में 70 प्रतिशत, दिल्ली में 50 प्रतिशत, कोलकाता में 47 प्रतिशत उपयोग किया जाता है। 1992 में आब्स्टेट्रिक्स एंड गायकानालाजी की शोध में पाया गया कि

■ चेन्नई में 96 प्रतिशत, मुंबई में 70, दिल्ली में 50 और कोलकाता में 47 प्रतिशत उपयोग किया जाता है टैल्कम पाउडर

जो महिलाएं 10 साल या उससे लंबे समय से टैल्कम पाउडर को अपने प्राइवेट पार्ट के आसपास लगभग प्रतिदिन लगाती रही हैं, उनमें ओवेरियन कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। 2013 में कैंसर रोकथाम शोध में बताया गया कि टैल्कम पाउडर के इस्तेमाल करने से महिलाओं में कैंसर का खतरा 30 प्रतिशत ज्यादा बढ़ जाता है।

**क्या टैल्कम पाउडर है कैंसर एजेंट?**
जिस खदान से टैल्क निकलता है, वहीं एस्बेस्टस भी मिलता है। एस्बेस्टस या अभ्रक एक प्रकार का सिलिकेट मिनरल है। भारत में इसका इस्तेमाल सीमेंट की शीट बनाने में होता है। एस्बेस्टस पर पहले ही बहुत विवाद रहा है। भारत में सफेद एस्बेस्टस के खनन पर रोक है। हालांकि इसके आयात, निर्यात और निर्माण उद्योग में इस्तेमाल पर कोई रोक नहीं है।

## रैशेज पर नारियल तेल लगाइये, टैल्कम पाउडर नहीं

**टैल्कम** पाउडर लगाना ही नहीं चाहिए। कई चिकित्सकों का कहना है कि रैशेज होने पर अंडर आर्म्स और प्राइवेट पार्ट के पास पाउडर लगा लेती हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए। वहां नारियल का तेल लगाना चाहिए। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई की शोध में सामने आया कि अगर कई साल तक एस्बेस्टस मिले टैल्क के संपर्क में रोज आये तो यह त्वचा में जलन, खुजली, रैश और दर्द कर सकता है। यह आसानी से त्वचा के मार्फत शरीर में दाखिल हो जाता है। इससे त्वचा में कैंसर की आशंका भी बढ़ जाती है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने भी इसकी पुष्टि की है।

**खून में मिल जाता है एस्बेस्टस, बनता है ओवेरियन कैंसर, फेफड़े की बीमारी की जड़ :** महिलाएं अक्सर पीरियड्स के दौरान रैशेज पड़ने पर टैल्कम पाउडर को अपने प्राइवेट पार्ट के आसपास लगा लेती हैं। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। क्योंकि टैल्कम पाउडर में कई तरह के केमिकल्स होते हैं। इसमें एस्बेस्टस भी मिला है। जब पाउडर लगाते हैं तो उसमें मिक्स एस्बेस्टस के फाइबर्स को त्वचा सोख लेती है। त्वचा के मार्फत यह नसों में प्रवेश करते हैं। ये फाइबर्स ओवरी के टिश्यू की तरफ अट्रैक्ट होते हैं, और वहां जमा हो जाते हैं। इससे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट बन जाती हैं, जो गर्भाशय और फैलोपियन ट्यूब को डैमेज करती है। यही ओवेरियन कैंसर का कारण बनता है। जिसे यूट्रस कैंसर भी कहते हैं। इसके लक्षण जल्दी देखने को नहीं मिलते। यह इतना खतरनाक है कि इस बीमारी का पता कैंसर की स्टेज तीन और चार पर पहुंचने के बाद ही चलता है। इसके बाद कीमोथेरेपी के अलावा ट्रीटमेंट का कोई ऑप्शन नहीं रह जाता।

**टैल्कम पाउडर 10 साल से ज्यादा इस्तेमाल करने पर लंग्स कैंसर :** कई चिकित्सकों का कहना है कि किसी को पहले से एलर्जी हो, तो टैल्कम पाउडर के कण और उसकी खुशबू उन्हें अस्थमा का मरीज बना सकती हैं। जिन्हें एलर्जी नहीं है और लगातार टैल्कम पाउडर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो उनके फेफड़ों पर बुरा असर पड़ सकता है और अस्थमा हो सकता है। यदि 10 साल से ज्यादा समय के लिए टैल्कम पाउडर का इस्तेमाल किया जाये तो लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

